सुप्रभात
रांची, शनिवार
27.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 283

12 शाहरुख के साथ अजय और टाइगर नजर आये

## न्यूज डायरी

### झारखंड की चार सीटों से 18 के नामांकन रद्द

रांची। लोकसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर दाखिल किये गये नामांकन की शुक्रवार को स्क्रूटनी हुई। इसमें चार लोकसभा सीट से 18 प्रत्याशियों का पर्चा रद्द कर दिया गया। खूंटी से 9 प्रत्याशी, लोहरदगा से 2, सिंहभूम सीट से 7 और पलामू से किसी भी प्रत्याशी का नामांकन रद्द नहीं हुआ। इसके बाद अब मैदान में 47 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। हालांकि, वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। इसके बाद कोई भी उम्मीदवार अपना नाम वापस नहीं ले सकता है। सिंहभूम लोकसभा सीट से 21, लोहरदगा से 17, खूंटी से 16 और पलामू से 11 लोगों ने अपना पर्चा दाखिल किया था।

### संदेशखाली में मिला हथियारों का जखीरा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से सीबीआई को छापेमारी में हथियारों का जखीरा मिला। यह सूचना मिली थी कि शाहजहां शेख के एक करीबी रिश्तेदार के घर में बड़ी संख्या में हथियार और बम रखे हुए हैं। सीबीआई तुरंत संदेशखाली पहुंच गयी। शुक्रवार को जांचकर्ताओं ने संदेशखाली के सरबेरिया के मल्लिकपुर में शाहजहां के करीबी हफीजुल खान की भाभी के घर पर तलाशी अभियान चलाया। जहां से भारी मात्रा में बम व हथियार बरामद किया गया है।

### वीवीपैट-इवीएम में हम पक्षकार नहीं : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) संबंधी याचिका के उच्चतम न्यायालय में खारिज होने के बाद शुक्रवार को कहा कि जिन याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई उनमें कांग्रेस कभी पक्षकार नहीं रही है।

### नोटा को अधिक वोट पर चुनाव रद्द करने की याचिका

नयी दिल्ली। किसी उम्मीदवार से अधिक 'नोटा' को वोट मिलने पर संबंधित चुनाव को अमान्य घोषित कर रद्द करने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोटई ने याचिका पर विचार करने का फैसला करते हुए चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया।

### रांची सीट से भाजमो के धर्मेंद्र तिवारी लड़ेंगे

रांची। विधायक सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) ने रांची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पार्टी की संसदीय चुनाव समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में यह फैसला हुआ है। निर्णय हुआ कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी रांची सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी के फैसले पर धर्मेंद्र तिवारी ने संसदीय चुनाव समिति तथा विधायक सरयू राय का आभार जताया है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 67900 रु./10 ग्राम
चांदी : 85000 रु./प्रति किलो

### तीसरी आंख




# त्रिपुरा-मणिपुर में सबसे ज्यादा यूपी में सबसे कम वोटिंग

## 88 सीटों पर कुल 60.96% मतदान, दूसरा चरण खत्म होते ही 14 राज्यों में वोटिंग पूरी

➲ राहुल, थरूर समेत कई नेताओं की किस्मत इवीएम में कैद

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर आज यानी शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्व पूरा हो गया। जिन राज्यों में शुक्रवार को मतदान हुआ उनमें केरल की सभी 20 सीटे शामिल थी। इसके अलावा कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की आठ सीटों पर वोटिंग हुई। वहीं मध्य प्रदेश में छह, असम और बिहार में पांच-पांच सीटों, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में तीन-तीन सीटों पर चुनाव हुए। इसके अलावा त्रिपुरा की एक और जम्मू-कश्मीर की दोनों लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई। यूपी के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी में कुछ गांवों



के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। कर्नाटक के चामराजनगर जिले में दो समूहों में झड़प के कारण ईवीएम को क्षतिग्रस्त किया गया। मतदान को लेकर चुनाव आयोग की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। एक लाख 67 हजार मतदान केंद्र पर 16 करोड़ मतदाताओं ने उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया। शाम छह बजे तक के मतदान में त्रिपुरा में शाम छह बजे तक सबसे अधिक 77.95 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार में 53.60 और यूपी में 53.2 प्रतिशत मतदान हुआ। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर वोटरों का आभार जताया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि चरण दो बहुत अच्छा रहा।

### मतदान के आंकड़े

जिन राज्यों में वोटिंग हुई है उनमें पिछले चुनाव में मणिपुर, असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में 80 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े थे। वहीं, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ऐसे राज्य थे जहां 65 फीसदी से कम वोटिंग हुई थी।

### पीएम मोदी ने जनता का जताया आभार

दूसरे चरण का चुनाव खत्म होने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर वोटरों का आभार जताया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि चरण दो बहुत अच्छा रहा। भारत भर के लोगों का आभार जिन्होंने आज मतदान किया। एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को और भी निराश करने वाला है। मतदाता एनडीए का सुशासन चाहते हैं। युवा और महिला मतदाता एनडीए को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में वोटर्स ने दिखाये दम

छत्तीसगढ़ में कुल तीन सीटों पर मतदान हुआ। कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद को मिलाकर कुल तीन सीटों पर 72:13 फीसदी वोटिंग हुई। मतदान के दौरान वोटर्स का जमकर उत्साह देखा गया। इन तीनों सीटों पर सबसे ज्यादा वोटिंग कांकेर में हुई। सेकेंड फेज में तीन सीटों में नक्सल प्रभावित कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा सीट शामिल है।

### कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद

दूसरे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। वहीं भाजपा सांसद हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार संसद में पहुंचने की कोशिश में मैदान में हैं।

### कहां कितना मतदान

- असम- 70.68 प्रतिशत
- बिहार- 53.60 प्रतिशत
- छत्तीसगढ़- 72.51 प्रतिशत
- जम्मू-कश्मीर- 67.22 प्रतिशत
- कर्नाटक- 64.46 प्रतिशत
- केरल- 64.95 प्रतिशत
- मध्य प्रदेश- 55.19 प्रतिशत
- महाराष्ट्र- 53.71 प्रतिशत
- मणिपुर- 76.46 प्रतिशत
- राजस्थान- 59.54 प्रतिशत
- त्रिपुरा- 77.95 प्रतिशत
- उत्तर प्रदेश- 53.02 प्रतिशत
- पश्चिम बंगाल- 71.84 प्रतिशत

**मतदान के बाद सील हुए इवीएम**
पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो गया। इसके बाद इवीएम मशीनों को सील किया गया। वहीं, मध्य प्रदेश के मऊगंज में दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद एश्ट मशीनों को सील किया गया।

# धर्म के नाम पर गरीबों का हक छीनना चाहती है कांग्रेस

## सुप्रीम कोर्ट ने बूथ लुटेरों का सपना चूर-चूर कर दिया: मोदी

एजेंसी

### देश में धर्म आधारित आरक्षण असंभव

पटना। बिहार के अररिया, मुंगेर और फारबिसगंज में शुक्रवार को पीएम मोदी ने चुनावी सभाओं में कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस) पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की योजनाएं काफी घातक और खतरनाक हैं। कांग्रेस और उनके सहयोगी दल अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) का हक छीनकर देशभर में धर्म के आधार पर आरक्षण लाना चाहती है। पीएम ने इंडी गठबंधन को लोकतंत्र, संविधान और गरीब विरोधी बताया। साथ ही कहा कि इवीएम पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से मतपेटियों को लूटने इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका लगा कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गये। (शेष 11 पर)

श्री मोदी ने राजग उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में धर्म आधारित आरक्षण नहीं हो सकता। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भी इसके पक्ष में नहीं थे, ये संविधान में भी लिखा है, लेकिन कांग्रेस ओबीसी का हक छीनकर देश भर में धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे के 27 प्रतिशत आरक्षण में चोरी की गयी है। आंखों में धूल झोंक कर कांग्रेस ने पर्दे के पीछे खेल खेला और रातों रात कर्नाटक के मुसलमानों को कागजी तौर पर ओबीसी बना दिया, जिसके कारण ओबीसी के आरक्षण का बड़ा हिस्सा इनके खाते में चला गया। कांग्रेस कर्नाटक आरक्षण के इसी मॉडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है।

### वोट लुटेरो के सपने टूटे

फारबिशगंज में पीएम मोदी ने कहा कि इवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों के सपने चूर-चूर हो गये। मोदी ने कांग्रेस और राजद के इंडी गठबंधन) को लोकतंत्र, संविधान और गरीब विरोधी बताया। चुनाव मतपत्र ने नहीं इवीएम से होंगे, उच्चतम न्यायालय के फैसले ने मतपेटियों को लूटने इरादा रखने वालों गहरा झटका दिया। गठबंधन के हर नेता ने इवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया। संविधान की ताकत देखें, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गहरा झटका दे दिया।

## चतरा, कोडरमा, हजारीबाग चुनाव की अधिसूचना जारी

# भ्रष्टाचारियों को सबक देगी जनता : मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में आम चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गयी। मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यालय से इसकी अधिसूचना जारी हुई। नामांकन के पहले ही दिन चतरा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपना परचा दाखिल किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड जनता भ्रष्टारियों को सबक सिखायेगी। उन्होंने दावा किया कि 2024 के चुनाव में भाजपा 400 पार करेगी। झारखंड की इन 3 लोकसभा सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। 3 मई 2024 तक नामांकन है, चार को नामांकन पत्रों की जांच और 6 मई तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

### चतरा से कालीचरण सिंह ने किया नॉमिनेशन



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की मौजूदगी में एनडीए के चतरा से उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले प्रत्याशी श्री कालीचरण के साथ श्री मरांडी और रोड शो में शामिल हुए। इस मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि इसबार के चुनाव में जनता भ्रष्टाचारियों को सबक सिखायेगी। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार कर लेगी। मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। परिवार के लिए राजनीति करते हैं। पैसे के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इसमें से कई लोग कोई जेल में है। कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है। ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनने के लिए घूम रहे हैं। इस मौके पर अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासी और दलित विरोधी है।

**लोहरदगा से दो का नामांकन रद्द:** लोहरदगा से दो उम्मीदवारों का संवीक्षा के दौरान शुक्रवार को नामांकन रद्द कर दिया गया। नामांकन रद्द होने वाले उम्मीदवारों में ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी) और एतवा उरांव (स्वतंत्र) शामिल हैं। 25 अप्रैल तक हुए अंतिम नामांकन तिथि तक 12- लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन कराया था। इसमें से दो उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के बाद अब चुनावी समर में 15 उम्मीदवार बचे हैं।

**गांडेय उपचुनाव की अधिसूचना जारी**
चुनाव आयोग ने गांडेय उपचुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। मतदान 20 मई सोमवार को होगा। 6 जून तक सारी प्रक्रिया पूरी की जायेगी। चुनाव सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। गांडेय सीट सरफराज अहमद के इस्तीफे से खाली हुआ है।

# हेमंत की याचिका पर सुनवाई 29 को

**हाइकोर्ट का फैसला नहीं आने का मामला**

खबर मन्त्र संवददाता

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए याचिका को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए 29 अप्रैल को सूचीबद्ध किया गया है। बुधवार को हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इस याचिका की तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के समक्ष आग्रह किया। सिब्बल ने कहा कि हाई कोर्ट का फैसला अब तक नहीं आने से हेमंत सोरेन के समक्ष दुविधा की स्थिति है क्योंकि वह कानूनी उपायों के लिए न तो आगे बढ़ सकते हैं और न ही पीछे जा सकते हैं। वह चुनाव प्रचार में भी भाग नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में जमानत जरूरी है। दरअसल, हेमंत की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी एवं रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर 28 फरवरी को बहस पूरी हो गयी है। इसके बावजूद अभी तक उनकी याचिका पर फैसला नहीं आया है। 31 जनवरी को ईडी की गिरफ्तारी के बाद से हेमंत न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल में हैं।

## झारखंड सहायक शिक्षक नियुक्ति परीक्षा पर अहम फैसला

# बिना अनुमति रिजल्ट नहीं जारी करें : सुप्रीम कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में 26 हजार सहायक आचार्यों (सहायक शिक्षकों) की नियुक्ति परीक्षा को लेकर अहम आदेश पारित किया है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों परिमल कुमार एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को आदेश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट नहीं प्रकाशित करें। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर अगली सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित की है और तब तक नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गयी है। इसमें दूसरे राज्यों की टेट (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा या सीटेट (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा पास अभ्यर्थियों को भी इस नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गयी है। हाईकोर्ट ने यह फैसला दिसंबर, 2023 में झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की याचिका पर सुनवाई के बाद सुनाया था। अब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका लगाने वाले प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखते हुए कहा कि झारखंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को राज्य की क्षेत्रीय भाषाओं संथाली, खोरठा, नागपुरी आदि का ज्ञान है, क्योंकि, उन्होंने इन पत्रों की परीक्षा पास की है।

# सीडसी की आज की बैठक में अमेठी और रायबरेली पर फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा और अंतिम मुहर लगाने के लिए शनिवार को कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीइसी) की बैठक होने वाली है। इस बैठक में अन्य मुद्दों के साथ-साथ अमेठी और रायबरेली को लेकर फैसला हो सकता है। दरअसल, मीडिया गलियारों में चर्चा है कि राहुल अमेठी से और प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। दोनों के नाम की घोषणा भी संभव है। सूत्रों के हवाले से मीडिया गलियारों में चर्चा है कि अमेठी से एक बार फिर राहुल गांधी चुनाव लड़ सकते हैं। वहीं, रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की की संभावना जतायी जा रही है। काफी दिनों से रायबरेली और अमेठी की सीट को लेकर असमंजस है। अमेठी और रायबरेली के लिए नामांकन शुक्रवार 26 अप्रैल से ही शुरू हो चुका है। बैठक में राहुल और प्रियंका को लेकर पार्टी कुछ फैसला ले सकती है। इसी कारण अभी तक इस सीट से कांग्रेस ने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

## इवीएम- वीवीपैट बवाल को सुप्रीम कोर्ट ने खत्म कर दिया

# देश में चुनाव इवीएम से ही होंगे, मतपत्र से नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत में जब से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इनीएम) का इस्तेमाल होना शुरू हुआ है, तब से उस पर सवालिया निशान भी लगते रहे हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि चुनाव इवीएम से ही होंगे। इवीएम और वीवीपैट को लेकर सुप्रीम कोर्ट का शुक्रवार को बड़ा फैसला आया।

इवीएम पर सवाल उठने भले ही कम हों न हों, लेकिन एक बात तो तय है कि अब भारत में चुनाव का वर्तमान और भविष्य तो इवीएम ही है, जिसपर सवाल उठाने से पहले कई बार अब सोचना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जो फैसला दिया है, वो हर चुनाव में इस्तेमाल हो रहे इवीएम की जरूरत पर एक मुहर की तरह है, जिसका फिलहाल कोई दूसराऑप्शन नहीं है। (शेष 11 पर)



**सुप्रीम कोर्ट ने कहा :** जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में लंबी बहस हुई। 24 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और 26 अप्रैल को अदालत का आखिरी फैसला आया है। कोर्ट ने ईवीएम पर मुहर लगा दी। अपने फैसले में दोनों जजों ने कहा, चुनाव इवीएम से ही होंगे, बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे। इवीएम और वीवीपैट का मिलान नहीं होगा। नतीजे में जो उम्मीदवार दूसरे या तीसरे नंबर पर है और अगर उसे लगता है कि गड़बड़ी हुई है तो वो रिजल्ट घोषित होने के 7 दिनों के अंदर जांच की मांग कर सकता है।


### हमेशा उठे हैं इवीएम पर सवाल

जब केंद्र की सत्ता में कांग्रेस थी, तो भाजपा सवाल उठाती थी और अब जब पिछले 10 साल से बीजेपी केंद्र की सत्ता में है तो कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। समय-समय पर याचिकाएं दाखिल होती रही हैं। कभी कहा जाता है कि इवीएम से छेड़छाड़ हो सकती है तो कभी कहा जाता है कि इवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव करवाया जाये। कभी कहा जाता है कि इवीएम के साथ जो वीवीपैट होता है यानी कि आपने जो वोट दिया है, वो किसको गया है उसकी पर्ची का इवीएम में दर्ज वोटों के साथ मिलान किया जाये। जितने लोग उतने तर्क और उनकी ही अलग-अलग याचिकाओं पर हर बार कोर्ट में सुनवाई होती है और हर बार फैसला इवीएम के पक्ष में ही आता है।

## तेजी से गिर रहे भूगर्भ जल स्तर पर सरकार गंभीर

➲ तपती धरती के लिए वर्षा जल संचयन जरूरी
➲ सभी आना होगा आगे, वृक्षा रोपण जरूरी
➲ तलाब, कुंआ, पोखर और नदियों को बचाना होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राजधानी रांची की तपती एवं प्यासी धरती की प्यास बुझाने और भविष्य में भीषण जल संकट से बचने के लिए वर्षा जल संचयन और संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) आवश्यक है। सतही जल उपलब्ध नहीं होने के कारण भूगर्भ जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यह अलार्मी स्थिति है। इसको लेकर राज्य सरकार गभींर भी है। सरकार ने विशेष कर रांची नगर निगम को सभी आवश्यक उपाय कर जन जागरूकता अभियान चलाकर रेन वाटर हारवेस्टिंग कराने का निर्देश दिया है।

### रेन वाटर हारवेस्टिंग

अभी रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए नियम बना है, उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हारवेस्टिंग आवश्यक है। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हारवेस्टिंग नहीं करायें हैं जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं। 27104 आवासों में रेन वाटर हारवेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे करा कर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिको को जुर्माना स्वरूप डेढ़ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड़ रहा है। रांची नगर निगम ने रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार प्रसार अभियान चला रहा है। (शेष 11 पर)

चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी

# तीनों संसदीय सीट पर 29 अप्रैल तक होगा नामांकन, 57.73 लाख मतदाता करेंगे वोट

### अधिसूचना के साथ ही कालीचरण सिंह ने किया नामांकन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की 3 लोकसभा सीट पर आम चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। शुक्रवार (26 अप्रैल) को मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यालय से इसकी अधिसूचना जारी हुई। इसके साथ ही चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा सीट पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के पहले दिन चतरा लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपना पर्चा दाखिल किया। उनके नामांकन में झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बताते चलें कि झारखंड की इन तीन लोकसभा सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। इसके लिए उम्मीदवार 3 मई 2024 तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई 2024 को होगी और 6 मई 2024 तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन उम्मीदवारों की अंतिम लिस्ट जारी की जाएगी।

गौरतलब है कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में 3 जिलों के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते हैं। इस जिले में चतरा के अलावा पलामू और लातेहार जिले के वोटर भी मतदान करते हैं। इस संसदीय सीट के अंतर्गत 5 विधानसभा सीटें हैं। इनमें सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार और पांकी विधानसभा शामिल है। वहीं कोडरमा लोकसभा सीट की बात करें, तो गिरिडीह जिले का बड़ा हिस्सा कोडरमा का सांसद चुनता है। कोडरमा और हजारीबाग के कुछ हिस्से भी इस संसदीय क्षेत्र में आते हैं। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र कोडरमा, बरकट्ठा, धनवार, बगोदर, जमुआ और गांडेय आते हैं।

इसके अलावा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इस संसदीय सीट के लिए बरही, बड़कागांव, रामगढ़, मांडू और हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हजारीबाग का सांसद चुनते हैं। इस संसदीय क्षेत्र में हजारीबाग जिले के साथ-साथ रामगढ़ के मतदाता भी मतदान करते हैं।

**पांचवें चरण का मतदान 20 मई को**

- चतरा संसदीय सीट के लिए 3 जिलों के वोटर करते हैं मतदान
- कोडरमा सीट पर कोडरमा और गिरिडीह के वोटर करते हैं वोट
- हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में आतीं हैं 5 विधानसभा सीटें

---

आजसू, भाजपा का दामन छोड़ झामुमो में शामिल हुए थे समीर मोहंती

# विधानसभा चुनाव में झंडा गाड़ने के बाद अब लोकसभा में फतह करने उतरेंगे समीर मोहंती

कुबेर सिंह

**रांची।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो ने बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती को अपना उम्मीदवार बनाया है। समीर मोहंती झामुमो के दमदार प्रत्याशी माने जा रहे हैं। उन्होंने बहरागोड़ा विधानसभा के साल 2009 में हुए चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार कुणाल षाड़ंगी को 7565 रिकॉड मतों से शिकस्त दी थी। समीर मोहंती को एक लाख 6017 वोट मिले थे। माना जा रहा है कि समीर मोहंती की जनता के बीच अच्छी पैठ है। जानकारों का मानना है कि बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका और जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में झामुमो अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं क्योंकि, ग्रामीण इलाके में पार्टी की पकड़ अच्छी है। इन सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के विधायक हैं। समीर मोहंती खुद बहरागोड़ा के विधायक हैं।

### फर्श से अर्श तक कैसे पहुंचे समीर



समीर मोहंती ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत साल 2005 के विधानसभा चुनाव से की थी। यह चुनाव समीर मोहंती ने निर्दलीय लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें बेहद कम 9411 मत मिले थे। इस चुनाव में भाजपा के दिनेश षाड़ंगी ने झामुमो के विद्युत वरण महतो को हराया था। दिनेश षाड़ंगी को 51 हजार 753 मत मिले थे। कम वोट मिलने के बावजूद समीर मोहंती ने हिम्मत नहीं हारी और उन्होंने अपना प्रयास जारी रखा।

**साल 2009 में आजसू के टिकट पर लड़ा था चुनाव :** साल 2009 के अगले चुनाव में समीर मोहंती को आजसू पार्टी से टिकट मिला था। समीर का प्रदर्शन अच्छा रहा था। चुनाव में आजसू पार्टी के टिकट पर 11 हजार 465 वोट प्राप्त किया था। चुनाव में असफलता के बाद भी समीर मोहंती ने हार नहीं मानी थी और साल 2014 में फिर से बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा क्षेत्र से ताल ठोंकी। इस बार उन्होंने झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक को चुना। वोट में जबरदस्त इजाफा हुआ। इससे समीर उत्साहित हुए।

**2019 में लहराया था परचम :** साल 2019 में समीर मोहंती ने परचम लहराने की रणनीति तैयार की। वह भाजपा में चले गये थे। लेकिन, ऐन वक्त पर जब उन्होंने देखा कि झामुमो नेता कुणाल षाड़ंगी ने पाला बदल लिया था। कुणाल पार्टी छोड़ भाजपा में चले गये थे। ऐसे में समीर मोहंती को भाजपा से टिकट मिलना संभव नहीं था। समीर मोहंती भाजपा छोड़कर झामुमो में पहुंच गये। झामुमो से 2019 के विधानसभा चुनाव में समीर मोहंती ने जीत दर्ज की।

---

# झारखंड आंदोलनकारियों की तीन माह की पेंशन ₹4.26 करोड़ जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने 23 जिलों (गढ़वा छोड़कर) के आंदोलनकारियों के लिए पेंशन मद में तीन माह की बकाया राशि 4,26,57,000 करोड़ रुपये का आवंटन कर दिया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी आवंटन पत्र सभी जिलों के उपायुक्तों को भेज दिया है। इनमें सर्वाधिक राशि (65.06 लाख) पूर्वी सिंहभूम के आंदोलनकारियों लिए आवंटित की गयी है। जमशेदपुर के आंदोलनकारियों का एरियर मद में अभी भी तीन करोड़ से अधिक का बकाया है। राज्य सरकार द्वारा ये राशि जारी नहीं की जा रही है। इसे लेकर कई बार आंदोलनकारियों ने पत्राचार भी किया गया है।

| | |
|---|---|
| पूर्वी सिंहभूम : | 65.06 लाख |
| सरायकेला-खरसावां : | 14.28 लाख |
| चाईबासा : | 8.80 लाख |
| बोकारो : | 22.47 लाख |
| चतरा : | 9.64 लाख |
| देवघर : | 7.69 लाख |
| धनबाद : | 37.89 लाख |
| दुमका : | 42.32 लाख |
| गिरिडीह : | 38:86 लाख |
| गोड्डा : | 15.12 लाख |
| गुमला : | 7.92 लाख |
| हजारीबाग : | 37.45 लाख |
| जामताड़ा : | 13.27 लाख |
| कोडरमा | 23.93 लाख |
| लातेहार : | 1.00 लाख |
| लोहरदगा : | 26.55 लाख |
| पाकुड़ : | 1.98 लाख |
| पलामू : | 1.47 लाख |
| रामगढ़ : | 22.45 लाख |
| रांची : | 22.50 लाख |
| साहेबगंज : | 1.47 लाख |
| सिमडेगा : | 3.32 लाख |
| खूंटी : | 5.33 लाख |

---

भाजपा ने झामुमो और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बोला बड़ा हमला

# झारखंड में लव जिहाद के बाद अब लैंड जिहाद की शुरूआत : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में राज्य की झामुमो गठबंधन सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने आरोप लगाया कि गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर गैंग्स ऑफ छोटानागपुर काम कर रहा है, जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के कई अन्य बड़े नेताओं को जमीन कब्जा करने के लिए कागजात बनाने में मदद करता था। प्रतुल ने कहा लव जिहाद को सरकार ने पूरे तरीके से नजरअंदाज करके रखा था। अब लैंड जिहाद भी इस सरकार में शुरू हो गया। उन्होंने कहा लैंड जिहादी गैंग ने जगन्नाथपुर के कचनार टोली की बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें भी गठबंधन से जुड़े जाकिर का नाम आया। जाकिर के साथ जाकिर के साथ मुबारक खान, शमीम खान, इकबाल, नासिर इकराम, अब्दुल, सलीम, राशिद, हुसैन, मंजूर और अनवर को भी अभियुक्त बनाया गया है। इस सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सिर्फ जमीन पर डाका नहीं डाला, बल्कि युवाओं के रोजगार पर भी डाला डाला जो आगे विनोद और हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्सएप चैट से स्पष्ट है। यह ईडी के चार्ज शीट का भी हिस्सा है। 25-25 लाख में युवाओं के सपनों को बेच देने का कार्य हुआ।

**अंतू तिर्की की डायरी खोल सकती है कई बड़े राज :** उन्होंने कहा कि अंतू तिर्की की एंट्री ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी संरक्षण में जमीन के लूट का खेल चल रहा था। प्रतुल ने कहा की जानकारी मिल रही है कि अंतू तिर्की के डायरी से झामुमो के कई बड़े नेताओं से लेनदेन की एंट्री भी निकली है। मौके पर सह मीडिया प्रभारी तारीक इमरान भी उपस्थित थे।

---

### चुनाव आयोग ने पीएम मोदी को नोटिस क्यों नहीं भेजा : सुप्रियो

**रांची।** निर्वाचन आयोग की ओर से दो राष्ट्रीय दलों को स्टार प्रचारकों के संबंध में नोटिस भेजे जाने पर जेएमएम ने कड़ी प्रक्रिया व्यक्त की है। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग ने दो राष्ट्रीय दलों को दो नोटिस भेजा है। दोनों पार्टियों से स्टार प्रचारकों पर स्पष्टीकरण मांगा है। चुनाव आयोग को यह साहस नहीं हुआ कि पीएम मोदी को नोटिस भेजा जाये। जब चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई तो कांग्रेस प्रवक्ता को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया। दूसरा स्पष्टीकरण दिलीप घोष से मांगा गया। पीएम नरेंद्र मोदी को नोटिस क्यों नहीं यह बहुत बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की तरफ से लगातार हेट स्पीच दिए जा रहे हैं। बिहार में गिरिराज सिंह के भाषा पर कोई कुछ नहीं बोल रहा है।

---

# इंटर की परीक्षा से वंचित गिरिडीह जिला स्कूल के 52 विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा में शामिल कराने का आदेश

**52 छात्रों के रिजल्ट पर कंपार्टमेंटल एग्जाम नहीं लिखा जाएगा, यह इनकी मुख्य परीक्षा होगी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जैक से एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर गिरिडीह जिला स्कूल के इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाए 52 छात्रों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने जैक को निर्देश दिया है कि इस वर्ष एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाए गिरिडीह जिला स्कूल के 52 छात्रों को इंटरमीडिएट के कंपार्टमेंटल एग्जाम में शामिल करें। इसके अलावा इनके रिजल्ट पर कंपार्टमेंटल एग्जाम नहीं लिखने का भी निर्देश दिया है। इन 52 छात्रों के लिए यह मुख्य परीक्षा रहेगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को प्रार्थी उपेंद्र राणा की ओर से बताया गया कि इस वर्ष की इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए उनके बच्चे को एडमिट कार्ड जैक से नहीं दिया गया जबकि परीक्षा शुल्क स्कूल में जमा कराया गया था, लेकिन परीक्षा शुल्क की राशि तकनीकी कारणों से जैक को प्राप्त नहीं हो सकी थी। जिससे बच्चे का एडमिट कार्ड नहीं आ पाया था और वह इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाया। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह बात आयी कि गिरिडीह जिला स्कूल के इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले 52 छात्रों के साथ ऐसा ही हुआ है, तकनीकी कारणों से स्कूल से उनका परीक्षा शुल्क जैक को प्राप्त नहीं हो सका था, जिससे जैक ने उनका एडमिट कार्ड नहीं भेजा। इससे वे परीक्षा देने से वंचित रह गए। इसके बाद कोर्ट ने सभी 52 छात्रों को कंपार्टमेंटल एग्जाम में शामिल करने का निर्देश जैक को दिया।

---

# बिरसा हरित ग्राम, जलछाजन, सर्ड और डीआरडीए की गतिविधियों के लिए चुनाव आयोग से ली जायेगी मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा हरित ग्राम योजना, जलछाजन योजना, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान और जिला ग्रामीण विकास अधिकरण की संबंधित गतिविधियों के संचालन के लिए चुनाव आयोग से अनुमति ली जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रभावी आदर्श आचार संहिता के दौरान इन योजनाओं की गतिविधियों को जारी रखने निर्वाचन आयोग के पास प्रस्ताव भेजेगा। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से गठित स्क्रीनिंग कमेटी के पास संचिका भेजी जायेगी। कुल पांच प्रस्ताव तैयार किए गये हैं, जिसकी मंजूरी लेकर वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग इन योजनाओं से जुड़े अन्य विभागों में एक नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति कराने को कहा है, ताकि सारी प्रक्रिया पूरी करके काम प्रारंभ कराया जा सके।

### भूमि अधिग्रहण आंदोलन केस में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सिविल कोर्ट से बरी

**रांची।** राज्य पूर्व मंत्री और पूर्व कांग्रेस विधायक योगेंद्र साव को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने चतरा जिले के टंडवा इलाके में आम्रपाली प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान योगेंद्र साव के खिलाफ दर्ज मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश दिया है। वर्ष 2015 में टंडवा थाना में कांड संख्या 90/2015 और 91/2015 दर्ज कराई गई थी।

### सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**रांची।** सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ प्रार्थियों को राहत नहीं देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि सरकार को अधिकार है कि वह नियमावली में बदलाव कर सके और रूल फ्रेम कर सके। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 65 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई थी। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए।

---

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों की बैठक

# उग्रवाद प्रभावित जिलों में योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाने का निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पुलिस मुख्यालय रांची में लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक, अभियान-सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखंड की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी जिलों में विधि-व्यवस्था संधारण, नक्सलियों, मादक द्रव्य, शराब इत्यादि के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई पर समीक्षा की गयी। बैठक में उग्रवाद प्रभावित सभी जिलों को लगातार योजनाबद्ध अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। जिससे कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को नक्सली अंजाम न दे सकें। साथ ही अंतरजिला एवं अंतरराज्यीय सीमा पर गतिशील नक्सलियों के खिलाफ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा बलों द्वारा अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

### चेक पोस्ट पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति

पुलिस महानिरीक्षक अभियान-सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखंड ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट/नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने, विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे स्वयं संबंधित चेक पोस्ट/नाका का भौतिक रूप से सत्यापन करें ताकि अवैध रूप से ले जाने वाले कैश, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाई जा सके।

### लंबित कुर्की पर कार्रवाई करें

सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों से उनके क्षेत्राधीन जिलों में लंबित वारंटों/ कुर्कियों के निष्पादन पर कार्रवाई करने का विशेष जोर दिया तथा भगोड़ा अपराधियों पर कार्रवाई करने, निरोधात्मक कार्रवाई, सक्रिय अपराधियों तथा अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की। सभी जिलों में ड्राईव चलाकर सूचना से अविलंब अवगत कराने का निर्देश दिया।

### एक हजार करोड़ खर्च के बाद भी अंडरग्राउंड केबलिंग पूरी नहीं

**रांची।** राज्य में पिछले कुछ सालों से बिजली वितरण प्रणाली मजबूत करने पर बल दिया जा रहा है। लेकिन अबतक बिजली आपूर्ति दुरूस्त नहीं हो पायी है। झारखंड बिजली वितण निगम की मानें तो पिछले दस साल में अंडरग्राउंड केबलिंग में एक हजार करोड़ खर्च किया गया। फिर भी थोड़ी देर की बारिश या लोड अधिक बढ़ने से लोकल फॉल्ट की समस्या से लोगों को राहत नहीं मिल पायी है। अंडरग्राउंड केबलिंग के तहत 33 और 11 केवी लाइन को अंडरग्रांउड किया जाना है लेकिन योजना के दस साल होने पर भी योजना धरातल पर नहीं है। वहीं राजधानी में अभी तक 33 केवी 75 और 11 केवी के 20 प्रतिशत का काम पूरा हो सका पूरा सका है। राज्य में आरपीडीआरपी योजना के तहत महज 110 किमी लाइन ही अंडर ग्राउंड हुई। सपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत करीब 200 किमी लाइन ही अंडरग्राउंड हुई। जिसके तहत 33 केवी लाइन का अब भी 35 प्रतिशत और 11 केवी लाइन का अब भी 75 प्रतिशत अंडर ग्राउंड होना बाकी है।

---


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग**
**Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2024–2025

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटकमदाग प्रखंड अन्तर्गत मध्य विधालय सलगांवा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,99,175.00 | 18,000.00 | 1,250.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 04.05.2024 को पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 04.05.2024 पूर्वाहण 02:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 04.05.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 324132 Water Resource(24-25).D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग, (निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रत्येक उड़नदाता दल सार्वजनिक उदघोषणा प्रणाली के माध्यम से अपने अपने अधिकार क्षेत्र मे उदघोषणा करेंगे की यदि कोई व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगद या किसी अन्य प्रकार का प्रलोभन देता है या स्वीकार करता है एवं किसी व्यक्ति पर गलत तरीक से वोट देने के लिए लालच देते अथवा दबाव बनाते है हुए पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के तहत्, एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक, या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार का चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। उड़न दस्ते, रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिए और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए गठित किए गए हैं जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है। सभी नागरिकों से एतद् द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे कोई रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति कोई रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/धमकाने के मामलों की जानकारी है तो इसकी सूचना जिला समाहरणालय स्थित शिकायत अनुश्रवण कोषांग के **टॉल फ्री नंबर 1800–345–6595 अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के दुरभाष सं0. 06546–265233** पर करें।

जाँच के दौरान, अभ्यर्थी, उसके एजेन्ट या पार्टी कार्यकर्त्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में 50,000/रू0 से अधिक की नकदी पाई जाती है या वाहन में पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब हथियार अथवा 10,000/रू0 के मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुएँ ले जाई जा रही है, जिसका इस्तमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिए जाने के लिए किए जाने की सभावना हो या वाहन में कोई गैर कानूनी वस्तुएँ पायी जाती है तो वे जब्त की जायेगी।

–ह0–
नोडल पदाधिकारी
–सह–राज्य कर संयुक्त आयुक्त,
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, हजारीबाग
14–हजारीबाग लोक सभा आम निर्वाचन, 2024

PR 324113 Election(24-25)#D


---

कोई आदिवासी और मुस्लिम तो कोई कुर्मी के सहारे जीत का सेहरा सजाने को तैयार

# गांडेय से झारखंड को मिल सकता है नया मुख्यमंत्री!

**झारखंड की राजनीति में बहने लगी है परिवर्तन की बयार**

सुधीर

**रांची।** झारखंड की राजनीति में परिवर्तन की बयार बह रही है। ऐसा इसलिए कि झारखंड के गांडेय विधानसभा के लिए भी लोकसभा के 5वें चरण के साथ 20 मई को वोट डाले जायेंगे। यहां से इंडिया गठबंधन और झामुमो की उम्मीदवार और राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी चुनाव लड़ रही हैं। उन्हें टक्कर देने के लिए एनडीए ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में कुर्मी प्रत्याशी देकर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के यहां से उपचुनाव लड़ने से यह सवाल खड़ा हो गया है कि झारखंड के अगले मुख्यमंत्री के रूप में कौन कार्यभार संभालेगा और राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर चर्चा तेज हो गई है। कल्पना सोरेन का राजनीति में प्रवेश कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात नहीं हो सकती है, क्योंकि वह झारखंड की राजनीति में गहरी जड़ें जमाए हुए परिवार से आती हैं। अपने परिवार की मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि के साथ कल्पना सोरेन ने उनके नक्शेकदम पर चलने का फैसला किया है।

**पूर्व सीएम के मित्र और विधायक के ट्वीट ने मचायी हलचल :** हालांकि, जिस चीज ने कई लोगों का ध्यान खींचा है, वह है कल्पना सोरेन के झारखंड की अगली सीएम बनने की संभावना। ऐसी अटकलें हैं कि राजनीति में उनकी भागीदारी और शिबू सोरेन परिवार के साथ उनके मजबूत संबंध के कारण वह यह भूमिका निभा सकती हैं। शिबू सोरेन के विरोधाभासी बयान और हेमंत सोरेन के मित्र व गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के एक ट्वीट से इस संभावना को और बल मिल गया है। सुदिव्य कुमार सोनू के ट्वीट ने गांडेय के राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है। इसका मतलब यह है कि कल्पना सोरेन को वोट देने का मतलब सिर्फ एक विधायक नहीं, बल्कि संभावित रूप से अगला मुख्यमंत्री चुनना होगा। इससे अटकलें तेज हो गई हैं और इलाके में पहले से चल रहा प्रचार अभियान और तेज हो गया है। झामुमो पार्टी के भीतर कल्पना सोरेन के लिए मजबूत समर्थन उलगुलान न्याय महा रैली और पोस्टरों में उन्हें अधिक प्रमुखता देने के उनके फैसले से स्पष्ट है, जो नेतृत्व में संभावित बदलाव का संकेत दे रहा है।

**अब काफी दिलचस्प भी बन चुका है उपचुनाव :** गांडेय उपचुनाव हाई प्रोफाईल तो पहले ही हो चुका था वहीं, अब उपचुनाव भी दिलचस्प बन चुका है। चुनावी मैदान में ये लड़ाई आने वाले दिनों में कांटे की टक्कर वाला साबित होने जा रहा है, क्योंकि भाजपा और एनडीए के साझा प्रत्याशी दिलीप वर्मा को कल्पना सोरेन कड़ा टक्कर देगी, यह तय है। लेकिन दिलीप वर्मा के लिए सबसे बड़ा खतरा भीतरघात को लेकर है, वह भी गांडेय के आजसू नेता अर्जुन बैठा से। भाजपा प्रत्याशी के लिए फिलहाल सबसे बड़े खतरे के रुप में आजसू नेता अर्जुन बैठा ही फिलहाल सामने नजर आ रहे है। बहरहाल, कांटे की टक्कर के बीच भीतरघात से निपटने के लिए भी भाजपा प्रत्याशी को आने वाले दिनों में तैयार रहना होगा। वैसे तो चर्चा है की गांडेय भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के पक्ष में खुद दुमका की भाजपा प्रत्याशी और कल्पना की बड़ी गोतनी सीता सोरेन खुद भी आदिवासी वोटरों की गोलबंदी के लिए प्रचार में आ सकती है। अगर ऐसा हुआ तो कल्पना सोरेन के लिए भी आदिवासी वोटरों को एकजुट बनाए रखना बेहद मुश्किल हो सकता हैं।

स्पीड न्यूज

## कांड्रा से अवैध शराब बरामद,नष्ट किया

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला उत्पाद अधीक्षक विमल लकड़ा के निर्देश पर कांड्रा थाना अंतर्गत खुद्दीबेड़ा, पालूबेड़ा जंगल तथा डुमरा में संचालित विभिन्न शराब चूलाई अड्डों पर छापेमारी कर उन अड्डों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों और उत्पाद विभाग के कर्मचारियों द्वारा उन चुलाई अड्डों पर करीब 700 किग्रा जावा महुआ विनष्ट किया गया और 30 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया।

## फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** उलीडीह में रंगदारी के लिए वैद्यनाथ साहू की दुकान पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें मानगो संजय पथ का विवेक तिवारी और उलीडीह लक्ष्मणनगर का आकाश गिरी शामिल है। इसका खुलासा शुक्रवार को सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने प्रेसवार्ता में किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, कारतूस, मैंगजिन, बाइक आदि बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विवेक तिवारी के खिलाफ पहले से ही शहर के कई थानों में मामले दर्ज हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले दवा व्यवसायी लापता



**गम्हरिया।** शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक स्थित विजय मेडिकल स्टोर के मालिक विजय कुमार चौधरी (55) अबतक लापता हैं। परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह आज प्रातः करीब पांच बजे वे घर से मार्निंग वॉक और योगा के लिए निकले थे। उसके बाद अबतक वापस नहीं लौटे। उन्होंने बताया कि वे मार्निंग वॉक करने के बाद गम्हरिया स्थित घोड़ाबाबा मंदिर परिसर में योगा प्रणायाम करने जाते थे। इसके बाद घर आ जाते हैं, लेकिन आज लौटे नहीं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद आदित्यपुर और गम्हरिया पुलिस से उनकी तलाश की गुहार लगाई गई है। परिजनों ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी या किसी तरह की बात नहीं है। बताया जाता है कि उन्हें अंतिम बार टाटानगर स्टेशन में टिकट काउंटर पर देखा गया है। संभावना जताई जा रही है कि सम्भवतः वे देवघर गए हैं। हालांकि उनसे संपर्क नहीं होने से परिजन चिंतित हैं। विदित है कि विजय चौधरी सरायकेला नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता मनोज कुमार चौधरी के चचेरे भाई हैं। उनके लापता होने की सूचना मिलते ही मनोज चौधरी भी गम्हरिया पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## शांति ही आदर्श मानव समाज की पहचान है



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कोलकाता रीजन के रीजनल सेक्रेटरी आचार्य नवरूणानंद अवधूत के प्रयास से रांची आनंद मार्ग जागृति रातू रोड से बांग्लादेश श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख दादा का प्रतिनिधित्व करने रांची से बांग्लादेश धर्म महासम्मेलन को संबोधित करने गये सीनियर पुरोधा आचार्य विमलानंद अवधूत बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हिस्टोरिकल रामना काली मंदिर, ढाका यूनिवर्सिटी के पास में आयोजित किया गया। आनंद मार्ग प्रचारक संघ नेतीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया। किसी कारणवश श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत बांग्लादेश नहीं जा सके।

# मातु भिक्षाम देहि! भिक्षाम देहि!! भिक्षाम देहि!!!...

## गुरु के लिए भिक्षा मांगने आये बटुकों को देख भावुक हुईं माताएं, दान पात्र में दीं भिक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शरीर पर भगवा वस्त्र, पैरों में खड़ाऊ, हाथ में कमंडल, गले में माला पहने एक साथ 20 बटुक जब बाल संन्यासी के रूप में शुक्रवार को अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा में आयोजित समारोह में उपनयन संस्कार कराने के बाद अपने गुरु के लिए भिक्षा मांगने निकले, तो पूरा समारोह स्थल मातु भिक्षाम देहि... भिक्षाम देहि !! भिक्षाम देहि !!! से गूंज उठा। इन बाल संन्यासियों ने सबसे पहले अपनी माताओं से भिक्षा मांगी। बटुकों की माताओं के लिए एक ओर जहां यह खुशी का मौका था तो दूसरी ओर उन्हें संन्यासी भेष में देख उनकी आंखें भी छलछला आईं। माताओं के भिक्षा देने के पश्चात अन्य परिजनों,रिश्तेदारों और आगंतुकों ने बटुकों के दान पात्र में भिक्षा डाली। भिक्षा टन के बाद सबसे रोचक प्रसंग भी देखने को मिला जब बटुकों ने अपने परिजनों से कहा कि अब हमारी शिक्षा पूर्ण हो गई है और हमारी शादी करवा दें। अन्यथा हमलोग स्थायी रुप से संन्यास ले लेंगे। इतना कह बटुक छाता लिए रुष्ठ होकर जाने लगे तो मामा को जिम्मेदारी दी गईं कि वे इन युवा संन्यासियों को मनुहार कर वापस घर लायें। शादी करवा देने के आश्वासन और काफी मनुहार के बाद सन्यासी भेष वाले बरुआ वापस घर लौटे।

इसके साथ ही ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर ने 20 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार अमल संघ मैदान सिदगोड़ा में हुलासगंज के आचार्य रंगेश शर्मा एवं उनके ७ सदस्यीय आचार्य ने पूरे वैदिक रीति रिवाज के अनुसार हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया। कार्यक्रम में स्वस्तिवाचन, मंडप पूजन, धृतढारी, देवपूजन, चौलकर्म मुंडन, उपनयन संस्कार, वेदारंभ, अभिषेक, आशीर्वाद आदि संपन्न हुआ। पूरे संस्कार के दौरान महिलाओं के पारंपरिक गीत से पूरे क्षेत्र का माहौल पारिवारिक बन गया था।

## ब्रह्मर्षि युवा मंच के भव्य समारोह में 20 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार







मुंडन के उपरांत सभी बटुक गेरूआ वस्त्र धारण कर अपने कंधे पर भिछाटन के पात्र लिए अपने रिश्तेदारों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के समक्ष भिक्षाम देगी , भिक्षांम देही... के शब्दों का उच्चारण करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तब सभी महिलाएं पारंपरिक भोजपुरी गीत गाकर उनके स्वागत के लिए आतुर थीं।



कार्यक्रम के दौरान शहर के कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की। सभी ने इस प्रकार के कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में आडंबर और फिजूलखर्ची से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। सभी बरूआ के परिवार इस आयोजन में अपने बच्चों का उपनयन कराकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। मंचासीन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विद्युतवरण महतो, विधायक सरयू राय, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ नागेंद्र सिंह मौजूद थे। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित एवं स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित की।

मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय एवं महासचिव योगेन्द्र मौआर ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, जनेऊ, धार्मिक पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत कमेटी के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधीर कुमार, विजय नारायण, कृष्णकांत, गोपाल सिंह, ब्रजेश, मुकेश, चंदन कुमार, बिरेन्द सिंह, क्षीनिवास ठाकुर, अशोक, अमरेन्द्र की अहम भूमिका रही।



आचार्य रंगेश जी महाराज ने कहा कि संस्कार एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए उपनयन जरूरी है। हमें अपने संस्कार को बरकरार रखने की जरूरत है। तभी हम अपने देश की विरासत को बचाये रख सकते हैं।

### इनका हुआ उपनयन

1. राजेंद्र सिंह, छोटा गोविंदपुर।
2. रौनक कुमार, मानगो।
3. रोहन कुमार, मानगो।
4. उत्तम सिंह, बजरंगी बगान, टेल्को।
5. किशन तिवारी, मून सिटी, मानगो।
6. अर्जुन तिवारी, मून सिटी, मानगो।
7. करण तिवारी, मून सिटी, मानगो।
8. आयुष शुक्ला, कंचन नगर।
9. आदित्य शुक्ला, कंचन नगर।
10. पियुष शुक्ला, कंचन नगर।
11. अक्षत सिंह, नया बस्ती, बागबेड़ा।
12. अमन कुमार, भोला बगान, छोटा गोविंदपुर।
13. हैप्पी सिंह, गाजियाबाद, यूपी।
14. रिषभ मिश्रा, भोला बगान, गोविंदपुर।
15. उज्ज्वल मिश्रा, भोला बगान, गोविंदपुर।
16. भावेश तिवारी, शिवजी पथ, उलियान।
17. सौहार्द्र सिंह, शिव पथ, बारीडीह।
18. अर्चित, सिदगोड़ा।
19. नाम उपलब्ध नहीं।
20. नाम उपलब्ध नहीं।

# गर्मी में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनी रहनी चाहिए : उपायुक्त

- अनन्य मित्तल ने नगरीय निकाय एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं टोल फ्री नंबर जारी करने का निर्देश
- खराब चापाकलों को तत्काल मरम्मत कर चालू करने का दिया गया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** शहर समेत सुदूर इलाकों में पेयजल की समस्या नहीं हो इसे लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। नगरीय निकाय एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होने स्पष्ट कहा कि सभी नगर निकाय एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के दोनों प्रमंडल टोल फ्री नंबर जारी करें जिसपर आमजन पेयजल संबंधी समस्याओं को दर्ज करा सकेंगे। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए यह सुनिश्चित करें पेयजल व्यवस्था निर्बाध और सुचारू बनी रहे। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण हो।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने मानगो नगर निगम एवं जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल संबंधी समस्याओं की समीक्षा के क्रम में कहा कि रूट चार्ट के साथ वाहन नं. और ड्राइवर का फोन नंबर की सूची उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध करायें। कितने टैंकर से पेयजलापूर्ति की जा रही, कितने घरों को पानी पहुंचाया जा रहा इसकी भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखें लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो। दूषित पेयजल का सप्लाई किसी भी हाल में नहीं हो। नलकूप/ बोरिंग/ मोटर्स की मरम्मत की समुचित व्यवस्था रखी जाये।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने ग्रामीण एवं निकाय क्षेत्रों में खराब पड़े हैंडपम्प को तत्काल दुरूस्त कराने के निर्देश दिये।

## गुलमोहर हाई स्कूल प्राइमरी सेक्सन का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मनुष्य को उसके सफल कार्य के लिए प्रशंसा तथा सराहना अवश्य मिलती है इस सफलता को पाने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत पड़ती है। प्रतिवर्ष की तरह इस बार 2024-25 के लिए गुलमोहर हाई स्कूल के प्राइमरी सेक्शन में 26 अप्रैल को प्रशंसा समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के मेधावी छात्राओं को उनकी उपलब्धियां के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि थे टाटा मोटर्स में फाउंड्री डिवीजन के जनरल मैनेजर डॉक्टर देवेंद्र पदान। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना नृत्य के साथ की गयी।

## मतदान देने के लिए मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश : डीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित की है। इसलिए पूर्वी सिंहभूम में 25 मई को मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश मिलेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के आलोक में निदेशित किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति जो किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम, मॉल अथवा किसी अन्य स्थापना में नियोजित है एवं लोक सभा/विधान सभा में मतदान करने के हकदार है को मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा। अवकाश मंजूर किये जाने की स्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कमी नहीं की जायेगी। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी संस्थान / दुकान (शिफ्ट में कार्य कराने वाले संस्थान / मॉल/दुकान सहित) लोकसभा निर्वाचन-2024 के क्रम में दिनांक-25.05.2024 को (मतदान तिथि को) बन्द रहेंगे।

## महिलाओं ने बच्चों को प्रतिदिन 20 मिनट योगा करने को किया प्रेरित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन शुक्रवार को योगा एवं मेडिटेशन पर एग्रिको स्थित पंजाब रिफ्यूजी मिडिल स्कूल में कार्यशाला आयोजित किया गया। शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बच्चों में इम्युनिटी का मजबूत होना बहुत आवश्यक बताया और कहा कि योग से इम्यूनिटी में सुधार आता है। योग की मदद से बच्चों का पेट दर्द, अपच, पेट फूलना जैसी आम समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। मौके पर शिल्पी पलसानिया (हौट मोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड-2022) ने बच्चों को बताया कि योग एक प्राचीन कला है जो मन और शरीर को जोड़ती है। यह एक व्यायाम है जिससे हम अपने शरीर के तत्वों को संतुलित कर सकते हैं। इसके अलावा यह हमें ध्यान करने और आराम करने में मदद करता है। इसके अलावा योग हमें अपने शरीर के साथ-साथ दिमाग पर भी नियंत्रण रखने में मदद करता है।

## बेल्डीह चर्च स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** नार्दन टाउन स्थित बेल्डीह चर्च स्कूल में आज वार्षिक पुरस्कार नाइट का आयोजन किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह की शुरुआत बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च के पादरी रेवरेंड मनोज चरण के नेतृत्व में आरंभिक प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद समारोह की मुख्य अतिथि एवं टाटा स्टील कारपोरेट कम्यूनिकेशंस की हेड श्रीमती रुना राजीव कुमार और स्कूल के मानद सचिव अविनाश कुमार दास ने दीप प्रज्ज्वलित किया। आगत अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत डीके दास, अस्तर मोहंती और प्रमिला जोशुआ ने किया। विद्यालय के सचिव अविनाश कुमार दास ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट किया।

## एक्सआइटीइ कॉलेज, गम्हरिया को यूजीसी से मिला स्वायत्तता का दर्जा

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 'स्वायत्तता' का दर्जा प्रदान किया गया है। इससे संस्थान के शिक्षकों व बच्चों में हर्ष व्याप्त है इस बावत प्रेस वार्ता आयोजित कर कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ0 ई.ए. फ्रांसिस ने बताया कि इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा वीते 24 अप्रैल'2024 के पत्र के माध्यम से संस्थान को अवगत कराया गया।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें सभी हितधारक गर्व के क्षण में शामिल हैं। यूजीसी द्वारा प्रदत्त स्वायत्त दर्जा कॉलेज में शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया को कई तरीकों से समृद्ध करने का वादा करता है। बताया कि स्वायत्तता का दर्जा प्राप्त होने से संस्थान और यहां अध्ययनरत बच्चो को काफी लाभ मिलेगा। जानकारी दी कि अब एक्सआईटीई कॉलेज को सत्रों को समय पर पूरा करने को सुनिश्चित करते हुए अपनी स्वयं की परीक्षा आयोजित करने की स्वतंत्रता होगी। इसके अलावा कॉलेज व्यापक विषय समझ को बढ़ावा देने के लिए छात्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप एक



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते प्राचार्य फादर डा ईए फ्रांसिस व सहयोगी।

मजबूत पाठ्यक्रम तैयार करने की स्वतंत्रता का प्रयोग कर सकेगा और कॉलेज को छात्रों की समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप नए पाठ्यक्रम शुरू करने की स्वतंत्रता होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा स्वायत्तता का अनुदान वास्तव में शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान के समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की खोज की एक महत्वपूर्ण मान्यता है। कई उल्लेखनीय उपलब्धियां इसके महत्व में योगदान करती हैं। प्राचार्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में योग्य और पात्र 100 आदिवासी छात्रों को छात्रवृत्ति दिया जाएगा। बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद हर वर्ष यहां के अंतिम वर्ष के छात्रों को रांची, लखनऊ, रूड़की आदि जैसे छोटे आईआईएम में प्रवेश मिलता रहा है। साथ ही, सत्र 2022-23 में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 2021-22 के लिए आईसीएसएसआर से प्रायोजन प्राप्त हुआ और राष्ट्रीय सम्मेलन 2022-23 के लिए एनसीडब्ल्यू से प्रायोजन प्राप्त हुआ है। इस दौरान संस्थान के उप प्राचार्य फादर मुक्ति क्लेरेंस, प्रो निसिथ प्रसाद सिंह, प्रो सुष्मिता चौधरी, प्रो संचिता घोष चौधरी, एनएसएस अधिकारी नवल चौधरी भी थे।

### एक नजर में

## इनरव्हील क्लब का डिजिटल विकास पर सेमिनार




**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने क्लब के पास्ट प्रेसिडेंट विनीता झा के घर पर कुछ वंचितों, घरेलू सहायकों के साथ मिलकर डिजिटल विकास पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यक्ष सम्पा उपाध्याय और विनीता झा ने बताया कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग को कैसे संभाला जाए, बैंक ट्रांजेक्शन का सुरक्षित तरीके से उपयोग कैसे किया जाए आदि। आजकल स्मार्टफोन का उपयोग करना हमारी जरूरत बन गई है। इसलिए सोशल मीडिया और डिजिटल ट्रांजेक्शन का सुरक्षित उपयोग भी उतना ही जरूरी है। क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट नम्रता झा और उपाध्यक्ष मधुमिता सान्याल ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## श्री श्री शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्यक्रम संपन्न



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर रिवर व्यू कॉलोनी वार्ड नंबर-18 स्थित श्री श्री शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार का कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ, भूमिपूजन कार्यक्रम में यजमान राकेश रंजन जी एवम हेमन्त कुमार जी उपस्थित रहे तथा पुरोहित पंडित धर्मेन्द्र पाण्डेय जी द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम की पूर्व संध्या विहंगम योग संत समाज के जिला संयोजक शम्भू जी के मार्गदर्शन में विश्व का अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ ₹स्वर्वेद₹ का अखण्ड पाठ शुरू किया गया जो कि पूरे रात्रि तक चली। आज प्रातः पंडित जी द्वारा जीर्णोद्धार पूजन के सभी कार्यक्रम कराए गए, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहर के उद्योगपति समाजसेवी एवम चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष ए0 के0 श्रीवास्तव , एसिया उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, डॉ हिमांशु शेखर भारती, आदित्यपुर नगर निगम की पूर्व पार्षद बिनीता अविनाश एवम रंजन सिंह , उद्योगपति सह समाजसेवी एस0 के0 शुक्ला एवम पुष्पेन्द्र सिंह, पूर्व कार्यपालक अभियंता बिनोद कुमार, सतीश राय, रामबिनोद गुप्ता, सुनील कुमार एवम विहंगम योग युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा के साथ-साथ शहर के कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम कमिटी अध्यक्ष नगीना सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ एवम उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत नगीना सिंह जी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर एवम अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया गया। विहंगम योग युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा ने विहंगम योग एवम स्वर्वेद पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि एके श्रीवास्तव को विश्व का अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ स्वर्वेद प्रदान किया।

## बाबू कुंवर सिंह का योगदान स्मरणीय : काले



वीर कुंअर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण करते अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर नमन परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति साकची स्थित कार्यालय में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं शहर के गणमान्यो की गरिमामय उपस्थिति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह ने कहा कि अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक, बाबू वीर कुंवर सिंह एक निर्भीक और दृढ़ निश्चयी क्रांतिकारी थे। उनकी वीरता और पराक्रम की गाथा हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। श्री काले ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह निडर और बहादुर इंसान थे उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को तेज धार देने के साथ-साथ समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहे। मातृभूमि के लिए उनका त्याग और बलिदान अतुलनीय है। उनकी देशभक्ति, साहस और आत्म-बलिदान आज भी प्रेरणा बनकर हमारे हृदयों में विद्यमान हैं, इतिहास उन्हें कभी नहीं भुला सकता। मातृभूमि के लिए उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। मौके पर रामलीला उत्सव समिति के रामकेवल मिश्रा, पूर्व सैनिक सरदार बलविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पोक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना कांड संख्या 20/24 दिनांक 24.04.24 धारा 323/ 341/ 342 / 506 376(2)/34 भा0द0वी0 एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकि अभियुक्त मोहम्मद अली राजा पिता अली अकबर अंसारी ग्राम बभंडी थाना रामगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त मो अली पोक्सो एक्ट का अभियुक्त था। पुलिस ने इसे धर दबोचा है।

### लोक अदालत का आयोजन 27 को

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व विद्युत विभाग से संबंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत लगनी है। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

### मरांडी के आगमन को ले भाजपा की बैठक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशनपुर हाई स्कूल मैदान में 28 अप्रैल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक की। जिसमें श्री मरांडी के आगमन को लेकर भाजपाइयों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण व उनके आगमन का प्रचार प्रसार पर चर्चा की। बैठक में पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता श्री मरांडी के कार्यक्रम को लेकर अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं व लोगों को अवगत करायें। मरांडी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। मौके पर विस प्रभारी नरेंद्र पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह भी थे।

### स्पेशल ग्राम सभा आयोजित



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह क्लस्टर पर मतदान जागरूकता अभियान के तहत स्पेशल ग्राम सभा शुक्रवार को हुई। जिसमें सतबरवा अंचल के सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की के अलावा सखी मंडल की महिलाओं ने भाग लिया। सीओ ने कहा मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। 18 वर्ष के अधिक उम्र के सभी मतदाताओं के मत से सरकार बनती है, इसलिए अपना मतदान अवश्य करें। मौके पर बीएओ धर्मेंद्र कुमार, एमओ अरविंद कुमार, बीपीएम आलोक कुमार शामिल थे।

### उद्यान मित्र एवं किसान दिल्ली रवाना



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** जिले से करीब 50 किसान एवं उद्यान मित्र प्रशिक्षण एव परिभ्रमण हेतू कृषक मित्र सह उधान मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व मे जिले के ऊद्यान मित्र एव किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर सभी को जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने रवाना किया। कहा कि आप सभी पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह परिभ्रमण अच्छे ढंग से पूरा कर लौटें। आपकी यात्रा मंगलमय हो। प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु प्रधान सहायक अली जी, रंजन दूबे, सुधांशु सिंह, मनोज सिंह, गोखूल महतो, रामसुंदर मेहता सहित पचास लोग दिल्ली रवाना हुए।

### भाजपा कार्यकर्ता अपने दायित्वों का ईमानदारी से करें निर्वहन : अविनाश



**हुसैनाबाद पलामू।** छतरपुर जपला रोड स्थित भाजपा चुनावी कार्यालय में हुसैनाबाद विस के सभी मंडल कोर कमेटी के सदस्यों, मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि हुसैनाबाद विस प्रभारी अविनाश वर्मा थे। अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता व संचालन उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया। श्री वर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत मंडल कोर कमेटी की सूची पर विचार करते हुए मंडलों में खोले जाने वाले चुनावी कार्यालय पर चर्चा की। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। वरिष्ठ नेता कर्नल संजय सिंह ने सभी शक्ति केंद्रो और बूथों तक जाकर काम करने पर जोर दिया। बैठक में वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह, संतोष सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, पिपरा अध्यक्ष संजय मेहता, संजय सिंह, नागेंद्र उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह भी थे।

### अटरिया श्री रूद्रमहायज्ञ के चौथे दिन सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम



**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री रुद महायज्ञ के छठे दिन शुक्रवार को सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीरुद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है। जहां प्रत्येक दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञशाला में आमंत्रित देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जा रही है। नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान शंकर पार्वती की प्रतिमा सहित शिवलिंग स्थापित किया गया।

# शहर के विकास में व्यवसायियों की अहम भूमिका : अरुणा शंकर

- झारखंड का सर्वाधिक पढ़ा लिखा प्रत्याशी को पलामू में चुनने का अवसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड स्थित मल्टी ब्रांडेड शोरूम एवं सर्विस सेंटर जय मां दुर्गा का उद्घाटन किया। अरूणा ने कहा कि शहर के विकास में व्यवसायियों की अहम भूमिका है। व्यवसायी नित्य अपनी पूंजी लगाकर अपनी शाख पर बैंक से कर्ज लेकर जहां शहर में एक से एक अत्याधुनिक शोरूम खोल रहे हैं वही कई युवा, युक्तियों को रोजगार देते हुए सरकार को जीएसटी के रूप में भारी भरकम राजस्व भी दे रहे हैं।





**खास बातें :** रांची रोड में जय मां दुर्गा बाइक सर्विस सेंटर मल्टी ब्रांडेड शोरूम का खोला जाना इसी कड़ी में एक शुभ संकेत है। जिसके लिए मैं इस संस्था के मालिक धर्मेंद्र सिंह और सुमित पाठक को बधाई देती हूं। प्रथम महापौर ने उपस्थित लोगों से अपील की है कि गर्मी बढ़ते जा रही है फिर भी 13 अप्रैल को मतदान जरूर करें आपका एक वोट मजबूत राष्ट्र का निर्माण करेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है कि पलामू लोकसभा को झारखंड का सर्वाधिक पढ़ा लिखा अनुभवी सांसद प्रत्याशी के रूप में चुनने का अवसर भाजपा ने एक आईपीएस ऑफिसर पूर्व डीजीपी बी डी राम जी को तीसरी बार भी प्रत्याशी बनाकर दिया है जिसे वोट कर पुराने लोगों के साथ-साथ नई पीढ़ी उत्साही होगी और वह कह सकते हैं कि मैंने अपने जिंदगी का पहला वोट झारखंड का सर्वाधिक पढ़े लिखे प्रत्याशी को दिया।

चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण के नामांकन में शामिल हुए पांकी विधायक

# लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की होगी भारी मतों से जीत : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में शामिल हुए। मौके पर आहूत जनसभा को संबोधित करते हुए बिधायक डॉ मेहता ने भाजपा 12 प्रत्याशी भारी मतों से जीतकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की।

मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत देश की तकदीर और तस्वीर बदलेगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कहा कि भाजपा के 400 पार का लक्ष्य कार्यकर्ता हर हाल में पुरा करेंगे। देश की जनता पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेगी। मौके पर पांकी विधायक के अलावे काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# स्क्रूटनी के बाद बीडी राम, ममता समेत कुल 11 प्रत्याशी मैदान में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में चहल कदमी बढ़ी हुई है। वहीं पलामू लोकसभा में चौथे चरण के चुनाव में नामांकन 25 अप्रैल को समाप्त हो गया। इसमें कुल 11 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन द्वारा नामांकन पत्रों की स्कूटनी की गई। स्कूटनी उपरांत सभी 11 अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र सही पाया गया। इसमें बसपा से



स्क्रूटनी के दौरान उपस्थित उम्मीदवार व अन्य पदाधिकारी।

कामेश्वर बैठा, इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां, एनडीए के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अभय कुमार, भागीदारी पार्टी से सतेंद्र कुमार पासवान, एसयूसीआई से महेंद्र बैठा, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया से वृंदा राम, लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम, बहुजन मुक्ति पार्टी से राम वचन राम, राष्ट्रीय समानता दल से ब्रजेश कुमार तुरी, निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि का नाम शामिल है। मालूम हो कि पलामू संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के दौरान 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को लेकर गाईड लाईन जारी किया गया है। 29 अपैल को प्रत्याशियों के नाम वापसी का तिथि निर्धारित किया गया है।

# एसपी ने पड़वा-पाटन के कई गांवों में जाकर मतदाताओं को किया जागरूक

## अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को एसपी रीष्मा रमेशन पड़वा व पाटन थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया इसके साथ ही अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस को कई निर्देश दिया। एसपी रीष्मा रमेशन पड़वा थाना क्षेत्र के मझीआंव एवं चिल्ही बरवाडीह में वोटिंग के लिए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान एसपी रीष्मा रमेशन ने गांव के 90 वर्षिया एक वृद्धा से गांव की बोलचाल की भाषा में बात किया। एसपी ने वृद्धा से पूछा कि का हाल बा दादी..., अभी कौन महीना बा, तभी वृद्धा ने एसपी को बताया कि



बुजुर्ग वोटर से मतदान जरूर करने की अपील करतीं एसपी।

**परिस्थिति के अनुसार काम करना चाहिए :** एसपी रीष्मा रमेशन ने मझिआंव पंचायत के ग्रामीणों को परिस्थिति के अनुसार काम करने की अपील की। मालूम हो कि मझिआंव पंचायत के ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं देने का निर्णय लेते हुए आंदोलन शुरू किया था। एसपी ने ग्रामीणों को बताया कि अभी किसी परिस्थिति में रोड बनना संभव नहीं है। इसलिए अभी आप सभी मतदान करें। सरकार गठन के रोड बनाने के लिए पहल किया जायेगा। अभी वोटिंग का विरोध करना उचित नहीं है।

हम पढ़ल लीखल नईखी...। दादी 13 मई इयाद बा न बगले में जाकर सब बेटा बहु के साथ वोट देवे के जाए के बा...। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी एसपी ने निर्भीक होकर वोट देने जाने के लिए प्रेरित की।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार



**रामगढ़ पलामू।** अजमानती वारंटी विश्वनाथ सिंह उम्र 60 वर्ष, पिता स्व0 लगन सिंह एवं हरेंद्र सिंह उम्र 40 वर्ष, पिता विश्वनाथ सिंह दोनो ग्राम कुंडपानी थाना रामगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनों पर पूर्व में रामगढ़ थाना में मामला दर्ज था। इसे लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज पुलिस ने कांड संख्या 122/2023 तहत धारा 341/ 323/ 326/ 504/ 506/ 34 के आलोक में फरारी काट रहे अभियुक्त दीपक पांडे को थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने शुक्रवार के उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक ग्राम बासदोहर का रहनेवाला है। पुलिस ने छापेमारी कर कार्रवाई की है।

# पिकअप पलटने से एक मजदूर की मौत, सात हैं गंभीर रूप से घायल

- वाहन के डाला में छड़, लकड़ी के बोला उपर मजदूरों को बैठा कर भेजा जा रहा था कार्यस्थल पर
- आधा घंटा तक आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य पथ को किया जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर - औरंगाबाद मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार पड़वा थाना क्षेत्र के क्षेत्र कोकरसा तेलियाही तेलियाही टोला 58 वर्षीय कोमल महतो का घटनास्थल पर ही मौत हो गया। जबकि नावाबाजार थाना क्षेत्र के दमारो के 45 वर्षीय डोमन साव और वीरेंद्र साव सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगो ने घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल अस्पताल भेजा। जिसमें दो की स्थिति गंभीर बताई



गई है। स्थानीय लोगों ने बताया की पिकअप गाड़ी संख्या हइ33इ-4269 जिस पर लोहे का छड़ और लकड़ी का बोटा लोड था।

# देश की जनता को भाजपा पर है अटूट विश्वास : नागेंद्रनाथ

- भाजपा के झारखंड प्रदेश क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक
- कार्यकर्ताओं को दिया लोकसभा चुनाव में बूथ जीतने का टिप्स
- कार्यकर्ता लोगों को भाजपा के विचारधारा से अवगत करायें : आलोक चौरसिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** झारखंड प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने पलामू लोकसभा अंतर्गत पथरा मंडल के बराव शक्ति केंद्र पर बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने किया। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कार्यकताओं को बूथ जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र का एक-एक बूथ को जीतना है सभी बूथ अध्यक्ष अगर अपना अपना बूथ जीत जाए तो समझिए कि चुनाव जीत गये।

### पूरे क्षेत्र में है मोदी लहर : मनोज कुमार



**पाटन पलामू।** पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने छतरपुर पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा किया। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों से मुलाकात कर कहा कि भाजपा प्रत्याशी बिष्णुदयाल राम का तीसरी बार भी भारी मतों से जितना तय है। लगातार भ्रमण के दौरान लोगों का रूझान से स्पष्ट है। विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों के अनुसार जनता धारा 370, राम मंदिर, भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई और राष्ट्र प्रथम को लेकर स्पष्ट जनादेश देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। मौके पर काफी संख्या में मतदाता शामिल थे।

### एसडीओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**हरिहरगंज पलामू।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा ने पिपरा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। बूथ निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह पहुंचकर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी मतदाता को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं को भयमुक्त और निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है।

# घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे बीएलओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत पलामू लोकसभा क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। इसे संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। इस संबंध में बीडीओ कुमार अरबिंद बेदिया ने बताया कि प्रखंड के 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए आगामी 2 व 3 मई को होम वोटिंग की



सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही कहा कि वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में है। परंतु मतदाता पहचान पत्र नही है। अगर वोटर आईडी कार्ड पुराना है तथा फोटो पहचान में नहीं आ रहा है। तो वैसे मतदाता किसी भी फोटो पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड के साथ वोट दे सकते हैं।

### लापता का सनहा दर्ज, तहकीकात शुरू

**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के माहूर निवासी मानदेव राम और फटहा के राजेंद्र भुइयां का रेलवे स्टेशन से रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। उसके भाई पप्पू राम ने थाना में सन्हा दर्ज कराया है। बताया कि उनका भाई मानदेव वर्तमान में सिकंदराबाद की एक कंपनी में काम करता है। जो छुट्टी लेकर फटहा के राजेंद्र भुइयां के साथ अपने साला की शादी में शामिल होने 21 अप्रैल को सिकंदराबाद-पटना एक्सप्रेस ट्रेन से चलकर 23 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. पहुंचा।

# लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने लगाया चिकित्सा शिविर, 246 का मुफ्त इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा नप मुख्यालय के निजी विद्यालय सनातन विद्या निकेतन रेहला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। जिसमे 246 जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य जांच ऐंव मुफ्त इलाज किया गया। कई तरह के रोगियों को स्वास्थ्य जांच भी की गई। इसके अलावा मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। यहां बताते चलें कि विधायक



सह एलसीएमसीएच के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी हमेशा स्वास्थ शिविर लगाया जाता है। शिविर में रोगियों का इलाज डॉ विनित, डॉ रणवीर, डॉ सरफराज, डॉ अभिनव निकुंज के द्वारा किया गया। डॉ ओम प्रकाश श्रीवास्तव, एएनएम अनुपम कुमारी, राजेश कुमार, शंकर, निराला मेहता भी थे।

# पाटन के अतिसंवेदनशील बूथों पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

- लोग निर्भीक होकर करें मतदान : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पुलिस ने पाटन प्रखंड के अति संवेदनशील बुथों पर फ्लैग मार्च निकाला। इस क्रम में पुलिस ने नवडीहा में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन थाना प्रभारी लालजी, किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह, सीआरपीएफ 112 बटालियन के कमांडेंट, पंचायत सचिव विजय शर्मा, रोजगार सेवक ललित



लोगों से शत-प्रतिशत मतदान की अपील करते एसडीपीओ।

नारायण सिंह सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे। फ्लैग मार्च नवडीहा उच्च विद्यालय से निकाला गया जो हुरुहासा होते हुए नवहीहा बस्ती तक पहुंचा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने किया। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने के लिए लोगों से अपील की। एसडीपीओ, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन थाना प्रभारी लालजी ने लोगों से चुनाव से संवंधित वातालाप भी किया। कहा कि किसी के बहकावे नहीं आवें और निस्वार्थ अपना वोट करें। एसडीपीओ ने लोगों से कहा कि अगर वोटर लिस्ट में नाम नहीं है तो जोड़वा लें और जो भी वोटर बाहर चले गये हैं उनको बुलाकर मतदान जरूर करवाएं। एसडीपीओ ने कहा कि मतदान के दिन सब काम छोड़कर वोट करें किसी से डरना नहीं है। मतदाता के लिए बुथ पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। वहीं पाटन बीडीओ अमित कुमार झा एवं थाना प्रभारी लालजी ने से कहा कि मतदान संबंधित किसी प्रकार का दिक्कत है तो बतायें।

# डीएनएस फाउंडेशन ने 80 बच्चों के बीच वितरण किया पाठ्य सामग्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएनएस फाउंडेशन रांची ने मेदिनीनगर होली क्रॉस स्कूल के 80 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा, स्कूल के निदेशक चन्द्रभूषण सिन्हा समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक तथा बच्चे मौजूद थे। मौके पर गीता सिन्हा ने कहा कि डीएनएस फाउंडेशन शिक्षा अर्जन को हमेशा प्राथमिकता देता है।

शिक्षा से ही आज के बच्चे कल देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, जो एक सुदृढ़ एवं सफल समाज का निर्माण करेंगे। कहा कि





पाठ्य सामग्री बांटते फाउंडेशन के पदाधिकारी।

कई बच्चों में से 10 ऐसे बच्चों को चुना गया है, जो या तो अंत्यंत गरीब परिवार से हैं या जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं है। इन बच्चों को पढ़ने में कोई परेशानी न हो, इसकी कोशिश डीएनएस फाउंडेशन ने की है। उन्होने बताया कि इन बच्चों के स्कूल फीस का खर्च डीएनएस फाउंडेशन वहन करेगा।

# गोड्डा : झामुमो ने प्रदीप यादव को भारी मतों से चुनाव में जीत दिलाने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



गोड्डा। शुक्रवार को गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति की एक बैठक अजय विवाह भवन, मुफस्सिल थाना के सामने गोड्डा में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन झामुमो के जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने की। बैठक में जिला झामुमो समिति के आमंत्रण पर इंडिया गठबंधन के गोड्डा लोक सभा के घोषित प्रत्याशी, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस जिला अध्यक्ष गोड्डा के साथ उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थितसभी झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने गोड्डा लोक सभा चुनाव लड़ने में तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही चुनाव जीतने के बाद झामुमो के कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलने का आश्वासन भी दी गई। अपने संबोधन में घोषित गोड्डा लोक सभा गठबंधन प्रत्यासी प्रदीप यादव ने कहा, आप इंडिया गठबंधन दल के सभी वरिष्ट नेता एक साथ बैठकर चुनाव संचालन समिति का गठन करें, हम संचालन समिति के सुझाव पर काम करेंगे। लोक सभा के अंतर्गत सभी बूथों पर संचालन समिति के द्वारा गठित बूथ कमिटी ही मतदान में सभी समाज के लोगों से अपने प्रत्याशी पक्ष में मत देने के लिए विनम्रता पूर्वक अनुरोध करेंगी। जनता का रुझान हेमंत सोरेन जी के कार्यों के कारण आपके पक्ष में है। झामुमो समिति के सभी साथियों ने पूर्व विधायक प्रदीप को माला पहनाकर जोरदार नारों के साथ स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल, पूर्व जिला अध्यक्ष कयूम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष सरवन मंडल, जिला सचिव मो. अजीमुद्दीन, केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना खुर्शीद साहब, ताला बाबू हंसदा, वरिष्ट नेता जर्मन बास्की, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन हेंब्रम, सदर प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, नगर अध्यक्ष अजय कुमार देवा, राज कुमार दास, सुमन मंडल, सुलतान अहमद, सुबाल मुर्मू, राजू हंसदा, विजय कुमार महतो, शत्रुघन सिंह, इरफान आलम, मो. गफार आलम, रोहित राज किस्कू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता झा, मेरी सोरेन,स्वीकृता हसदा,अनिता कुमारी, शिव शंकर मंडल,श्यामल रामदास, बिद्धू यादव, कपिल मांझी, गौतम कुमार साह एवं वर्ग संगठन के ब्रम्हा नंद मंडल के साथ साथ लगभग दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# गोड्डा : भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने जनता के साथ खाया खाना

खबर मन्त्र संवाददाता



गोड्डा। लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान आज संपन्न होने के साथ प्रधान मंत्री मोदी के संकल्प के साथ इस बार चार सौ पार, फिर एक बार मोदी सरकार गोड्डा लोक सभा भाजपा प्रत्याशी डॉ निशी कांत दुबे अपने कार्यकर्ताओं के साथ गोड्डा लोक सभा क्षेत्र के पोडैया हाट प्रखंड अंतर्गत दांडे ग्राम पहुंचे और अपने कार्यकर्ताओं से मिले। दांडे ग्राम बड़ी बस्ती होने के साथ बिहार राज्य की सीमा से सटा हुआ गांव है डॉ दुबे प्रतिदिन एक प्रखंड के कई पंचायत जाकर कार्यकर्ताओं के घर पर चाय नाश्ता जल पान खाना खाकर लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। प्रधान मंत्री के नारे और वादे संकल्प के साथ घोषणा पत्र द्वारा किए गए वादों की गारंटी की गारंटी को पूरा करने का विश्वास दिलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के विकास के नाम पर निशिकांत खुद एक मील का पत्थर बन चुके हैं ये उनके प्रयास संघर्ष और मेहनत का ही परिणाम है गोड्डा रेल का जाल, एयरपोर्ट, एम्स, फोरलेन सड़क पर काम किया जा रहा।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो प्राइवेट आईटीआई में कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव



बोकारो। स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से बीएसएल के सीएसआर के तत्वाधान में बोकारो इस्पात शैक्षणिक न्यास द्वारा चलाये जा रहे बोकारो प्राइवेट आई टी आई में प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव 2024 के अंतर्गत लार्सन एंड टुब्रो कांचीपुरम तमिलनाडु में 30 प्रशिक्षु एवं सुजुकी मोटर भरुच गुजरात में 18 प्रशिक्षु चयनित हुए। मौके पर समस्त कर्मियों के साथ बोकारो स्टील प्लांट के सम्पर्क एवं प्रशासन विभाग के जीएम सह संसथान के सचिव सीआरके सुधांशु तथा वित्त एवं लेखा विभाग के डीजीएम सह ट्रेजरर रमेश चंद्र की गरिमामयी उपस्थिति में सभी चयनित प्रशिक्षुओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। विदित हो कि कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव –2024 हेतु आगे भी हौंडा स्पार्क मिण्डा एक्साइड टी वी एस जैसी कई बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां कैंपस सेलेक्शन के लिए आने वाली है।

### दुमका : गिरने से मजदूर की मौत

दुमका। वन विभाग के भवन में रंगाई के दौरान गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना शुक्रवार को बंदरजोरी स्थित वन विभाग के भवन के रंगाई–पुताई करने के दौरान करीब 10 बजे घटी। मृतक मजदूर नगर थाना क्षेत्र के जरूवाडीह मुहल्ले के सरवर आलम है। जानकारी के अनुसार करीब 9 बजे टीन बाजार से सरवर को वन विभाग के भवन की रंगाई–पुताई के लिए ले जाया गया। जहां सीढ़ी के दूसरे पायदान पर चढ़ते हुए सरवर का सिर चकराया और वह गिर पड़ा। सरवर के मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### वृद्ध महिला का शव बरामद

दुमका। जिले के जामा थाना अन्तर्गत निश्चितपुर गांव के पास से एक वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ। महिला की मौत किस प्रकार से हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। यह घटना शुक्रवार को दोपहर की है। वृद्ध महिला के शव की पहचान नहीं हो पायी है। मामले में जामा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि महिला की मौत सड़क दुर्घटना से नहीं, बल्कि लू लगने से हुई है।

### आसनसोल रेलवे डिविजन के डीआरएम ने कोयला यार्ड का किया निरीक्षण



दुमका। आसनसोल रेल डिवीजन के डीआरएम चेतनानंद सिंह शुक्रवार दुमका रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां डीआरएम सिंह ने रेलवे स्टेषन के कोयला डंपिंग यार्ड, यात्रियों के सुविधा और प्रदूषण के मानकों का निरीक्षण किया। डीआरएम सिंह ने स्टेशन परिसर स्थित कोल डंपिंग यार्ड का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण के मद्देनजर डंपिंग यार्ड परिसर में और स्प्रिंकलर लगाने के साथ–साथ पौधारोपण का भी निर्देश दिए। जिससे प्रदूषण नियंत्रण हो सके। डीआरएम ने यात्रियों के सुविधा का जायजा लेते हुए पेयजल एवं स्वच्छता को लेकर विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिए। उन्होंने कोल कंपनी को कोयला डंपिंग के दौरान डंपिड यार्ड के आस–पास पानी का छिड़काव का निर्देश दिये। जिससे कोल डस्ट को रोका जा सके। हालांकि डीआरएम ने मीडियाकर्मियों से किसी प्रकार की कोई बात नहीं की।

## कथारा रेलवे कॉलोनी मे चल रहे महायज्ञ का समापन

बेरमो/कथारा। कथारा रेलवे कॉलोनी मे पिछले तीन दिनों से चल रहे महायज्ञ का समापन शुक्रवार को परिक्रमा, हवन व प्रसाद वितरण के साथ हो गया। इस मौके पर आज सुबह से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ आई थी। यज्ञ स्थल पर अहले सुबह से ही भक्तो के द्वारा लगातार परिक्रमा किया जा रहा था। मौके पर पूरे विधि विधान से मंत्र का जाप होता रहा और पुरे विधि विधान से शिव जी के पुरे परिवार का प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर में स्थापना किया गया। उसके बाद हवन-पूजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कथारा पंचायत के मुखिया पूनम देवी उप मुखिया प्रमोद कुमार वार्ड सदस्य जमुना देवी रामनाथ राय दयाल चौहान जगदीश भारती रणजीत सिंह संतोष चौहान प्यारेलाल रुद्र कुमार रंजीत महतो अनिल सिंह मनजीत आलोक भारती किशोर कुमार रवि कुमार प्रमोद यादव आदि रहे।

## दुमका : एसकेएमयू के नैक एक्रीडेशन को लेकर हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एडमिन ब्लॉक में विश्वविद्यालय के साइकिल- 2 नैक एक्रीडेशन के मद्देनजर एसकेएमयू एलुमनी एसोसिएशन के निबंधन प्रक्रिया गति तेज करने को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक प्रभारी कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार में संघ अध्यक्ष डॉ अब्दुस सत्तार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्देश एवं संघ के नियमों के आलोक में एलुमनी संघ सचिव डॉ विनोद कुमार शर्मा ने निबंधन के लिए आवश्यक जरुरी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में डॉ शर्मा ने संघ के उद्देश्यों की पुनरावृत्ति करते हुए कहा कि संघ अनुशासन से बंधे नियमों व मूल्यों से संचालित होता है। जिसमें विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती सफल छात्र अर्थात एलुमनी के सार्थक योगदानों के द्वारा संस्थान को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाता है। मौके पर निबंधन विभाग, प्रोजेक्ट भवन, रांची के द्वारा बताए गए सुझाए पर चर्चा करते हुए जल्द से जल्द कार्यों को संपादित कर अनुबंधन प्रक्रिया को सफल कर संचालन की आम सहमति बनी। बैठक में डॉ मेरी हांसदा, डॉ ईश्वर मरांडी, डॉ चंद्रशेखर रजक, होरेन हांसदा, बिरेन गोराई, मो शमशाद आलम, डॉ जिऊल हक आदि उपस्थित थे।

## गिरिडीह लोकसभा के इंडी प्रत्याशी का कथारा क्षेत्र का चुनावी दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/कथारा। बीते देर शाम गिरिडीह लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो का कथारा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में चुनावी दौरा का आगमन हुआ जहां बालेश्वर गोप की अध्यक्षता व विजय यादव के संचालन में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में तमाम लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से इंडिया प्रत्याशी मथुरा प्रसाद यादव को तन, मन के साथ गिरिडीह लोकसभा से चुनाव जीताने पर विशेष बल देने की बात कही गई। वही मीडिया से बात करते हुए इंडिया गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार मथुरा प्रसाद यादव ने कहा कि केंद्र की सरकार को यहां के बेरोजगारी महंगाई किसानों पर जुल्म पलायन जैसी अन्य समस्याओं पर किसी तरह का कोई ध्यान नहीं है सिर्फ एक ही जुमला है 400 पार। गिरिडीह लोकसभा चुनाव में जनता ही सर्वोपरि है। मौके पर वेदव्यास चौबे, जयराम महतो, भोलू खान, रंजीत महतो, पान बाबू केवट, विकास सिंह, इकबाल अहमद, मथुरा सिंह यादव, देवेंद्र यादव, तपेश्वर चौहान, राजेन्द्र यादव, गणेश यादव, राजेन्द्र वर्मा, समसुल हक, अतुल शंकर, बुलबुल देवी, इम्तियाज अहमद, आशीष चक्रवर्ती, मुर्शिद अली, इस्लाम अंसारी, मुस्तफा, हेमंत , धनेश्वर यादव, एनके त्रिपाठी, शब्बीर अंसारी, मदन महतो, देवाशीष आश, संतोष सिन्हा, लक्खी व अन्य लोग मौजूद थे।

## एक महिला कर रही है दो पदों पर काम, डीसी से कार्रवाई की मांग

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड में एक ही व्यक्ति सरकारी विभागों में दो-दो जगह काम कर रहे हैं। लेकिन इसको हटाने की जुगत किसी में नहीं है। कोई पावर के दम पर काम कर रहा है, तो कोई सेटिंग पर। ताजा मामला पंचायत सहायक व जेएसएलपीएस में बीआरपी पद पर एक ही महिला काम भी कर रही है और मानदेय भी उठा रही है। मामले में इसकी शिकायत पोंडा के पंचायत समिति सदस्य रवि कुमार ने उपायुक्त से करते हुए तत्काल कारवाई की मांग की है। पंसस द्वारा उपायुक्त को लिखित शिकायत में बताया गया है कि कसमार की गरारी निवासी शबनम प्रवीण का चयन गरारी पंचायत में पंचायत सहायक के रूप में 2016 में हुआ था। लगातार तीन सालों तक काम करने के बाद शबनम का जेएसएलपीएस में बीआरपी पद पर चयन हो गया। चयन के बाद भी महिला के द्वारा पंचायत सहायक से इस्तीफा नहीं दिया गया।

## बोकारो : चिन्मया विद्यालय के विद्यार्थियों का जेईई मेन में रहा शानदार प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। चिन्मय विद्यालय के छात्र अनिमेष राय 99.8 परसेंटाइल के साथ स्कूल में अव्वल रहे। आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर और ऋषभ कुमार 99.7211 तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का दावा है कि 108 विद्यार्थियों ने कामयाबी पाई है। इस बेहतरीन प्रदर्शन पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई तथा एडवांस्ड के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक शंभुनाथ झा, चंदन कुमार सिंह, पीके सिंह, एएन उपाध्याय, अशोक चौबे, कुमोद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह, आरएन महतो, उत्पल मित्रा सुब्रतो गुप्ता आदि मौजूद थे। बेहतर परिणाम लाने वालों में अनिमेष रॉय आयुष कुमार, ऋषभ कुमार, शुभम आनंद प्रियांशु पीयूष देव संगम कृष्ण कुमार आर्यन कुमार निलेश कुमार सचिन राय प्रियांशु रंजन रूशिल सिंहा सयन मुखर्जी उत्कर्ष कुमार आकर्ष कुमार प्रिंस राज सौम्या ज्योति सेन राजा कुमार सिंह शुभ बनर्जी मधुरेश भारती प्रियांशु राज शौर्या कुमार, वंशिका वानया विशाल कुमार महथा, विवेक कुमार, विश्वनाथ मुखर्जी, श्रेया स्नेहा, विवेक मौर्या, शाश्वत कुमार झा, अनीश रंजन कुमार किसलय तेजस्वी सूरज कुमार, प्राकृत प्रसून, निखिल कुमार, सौरभ कुमार वर्मा आदि के नाम शामिल हैं।


## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

### चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता
### आवश्यक सूचना

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक–820/OTD, दिनांक–16/04/2024 के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ग्रामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यिुटी में लगाया जाना है। उक्त के निमित आज दिनांक–25.04.2024 को झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची से लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले ग्रामीण/शहरी पुरूष एवं महिला गृह रक्षकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त सूची जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के सूचनापट् पर चिपका दी गयी है।

लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले गृह रक्षक, जिनका सूची में नाम है, अविलम्ब जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची में दिनांक–26.04.2024 से 30.04.2024 तक अपना आगमन चुनाव ड्यिुटी हेतु कराना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव ड्यिुटी अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील श्रेणी में आता है। चुनाव ड्यिुटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता बरते जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए आपका नामांकन रद्द कर दिया जायेगा और इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

अतः चुनाव कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अविलम्ब अपना आगमन जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची में कराना सुनिश्चित करें।

इस अति आवश्यक समझे।

सूची निम्न प्रकार है:–

| S.N. | NAME |
|---|---|
| 401 | 1008 KALAWATI DEVI |
| 402 | 17385 SIDHESHWAR MAHTO |
| 403 | 15893 JAYNARAYAN SAHU |
| 404 | 17327 BIRSA ORAON |
| 405 | 17854 ABRAHAM KHALKHO |
| 406 | 17161 NARAYAN SINGH |
| 407 | 16225 CHAMRU ORAON |
| 408 | 16637 MITHLESH KUMAR |
| 409 | 17355 UMESH MUNDA |
| 410 | 17321 BIRSA ORAON |
| 411 | 17005 DHANPATI MAHTO |
| 412 | 2635 RAVINDRA KUMAR |
| 413 | 15091 KARAN DEV MAHTO |
| 414 | 15517 SRIPATI MANDAL |
| 415 | 18331 JAI SINGH MUNDA |
| 416 | 17455 RANJIT MAHTO |
| 417 | 1104 FAGANTI DHAN |
| 418 | 3636 AVIMANYU SINGH |
| 419 | 3548 PAWAN KUMAR |
| 420 | 15735 SACHIDANAND PARMANIK |
| 421 | 18289 PANCHAM KUJUR |
| 422 | 3393 MANTU KOIRI |
| 423 | 18345 VIJAY ORAON |
| 424 | 17755 SURESH RAY |
| 425 | 3097 SHAILENDRA KUMAR SINGH |
| 426 | 3697 PRAKASH KUMAR |
| 427 | 17090 RAMDAYAL MAHTO |
| 428 | 16853 SHIVPUJAN SINGH MUNDA |
| 429 | 18398 SHANTI KUMARI |
| 430 | 3466 SUNIL KUMAR |
| 431 | 17546 DULAL PRAJAPATI |
| 432 | 17819 KRISHNA KARJI |
| 433 | 15808 MOTILAL MAHTO |
| 434 | 15495 NAWAL SINGH |
| 435 | 17085 CHANDRAMA MAHLI |
| 436 | 3301 RAVI RANJAN KUMAR |
| 437 | 16537 NAKUL MAHLI |
| 438 | 16061 PANCHDEV SINGH |
| 439 | 17829 BABULAL MAHTO |
| 440 | 3606 ASHOK KUMAR MAHTO |
| 441 | 3560 RAJENDRA MAHTO |
| 442 | 16388 GOPAL MAHTO |
| 443 | 15715 VIJAY RAVIDAS |
| 444 | 18241 AMER KUMAR RAM |
| 445 | 1076 JASINTA TIGGA |
| 446 | 3666 VIVEK KUMAR |
| 447 | 979 SAMIYA TIRKEY |
| 448 | 3358 SANJEET KUMAR |
| 449 | 15837 SAHDEV MUNDA |
| 450 | 15392 SHAKTIPAD MAHTO |
| 451 | 15877 CHOTU SAHU |
| 452 | 15216 JAYPAL ORAON |
| 453 | 3503 PRAKASH KUMAR SAHU |
| 455 | 3266 OM PRAKASH |
| 456 | 15032 GOPAL THAKUR |
| 457 | 2961 SANTOSH KUMAR |
| 458 | 3578 SAMBAD MAHTO |
| 459 | 17858 NAGENDRA NATH MAHTO |
| 460 | 15221 MANOHAR MAHTO |
| 461 | 17953 DASHRAT MUNDA |
| 462 | 15129 KINURAM MAHTO |
| 463 | 945 RAJANTI DEVI |
| 464 | 3600 MAHESH ORAON |
| 465 | 18431 MANJU KUMARI |
| 466 | 17737 BUDHDEV MAHLI |
| 467 | 17550 BIRSA ORAON |
| 468 | 15164 ADHIR KOIRI |
| 469 | 3485 ABHISHEK KUMAR |
| 470 | 3062 DHARMENDRA KUMAR |
| 471 | 1126 SARITA KHALKHO |
| 472 | 16190 ZAKIR ANSARI |
| 473 | 17850 MAHESHWAR MAHTO |
| 474 | 15749 MADHESHWAR SINGH |
| 475 | 3332 SUNNY KUMAR |
| 476 | 3470 RAUSHAN KUMAR |
| 477 | 3351 GANESH SHARMA |
| 478 | 3264 SAGUN SINGH |
| 479 | 1105 REKHA KACHAP |
| 480 | 16453 FAGU RAM MAHTO |
| 481 | 3178 GOPAL KUMAR |
| 482 | 3228 ASHUTOSH BIHARI SINGH |
| 483 | 3230 NAND KISHOR |
| 484 | 17816 PURN CHANDRA BARAIK |
| 485 | 3331 RAJESH KUMAR TIWARI |
| 486 | 2904 VIJAY KUMAR |
| 487 | 3145 RAJAN PASWAN |
| 488 | 3514 PRINCE KUMAR |
| 489 | 15411 SUDARSHAN MAHTO |
| 490 | 3150 VIKASH KUMAR |
| 491 | 3061 SACHIDANAND CHANDRWANSHI |
| 492 | 2937 SANTOSH KUMAR SINGH |
| 493 | 3704 PANKAJ KUMAR |
| 494 | 15906 ABBAS ANSARI |
| 495 | 18309 DEEPAK DHAN |
| 496 | 17983 PARHALAD LOHRA |
| 497 | 18219 GULSAN BARLA |
| 498 | 18223 MANISH BHAGAT |
| 499 | 15493 BANA MAHTO |
| 500 | 18228 SANTU SAHU |
| 501 | 18204 RAJENDRA GOPE |
| 502 | 16864 CHOTTU MAHTO |
| 503 | 17465 RANTHU HAZAM |
| 504 | 14961 NIRMAL MAHTO |
| 505 | 18292 REYAJ ANSARI |
| 506 | 3556 AMIT KUMAR |
| 507 | 3604 CHANDAN KUMAR |
| 508 | 1306 RAJEEV KUMAR |
| 509 | 16255 JALHA ORAON |
| 510 | 15199 BHUSHAN MAHTO |
| 511 | 15046 LAXMI NARAYAN MAHTO |
| 512 | 15266 NAGESHWAR MAHTO |
| 513 | 1215 JAYMANI DEVI |
| 514 | 17847 KAMLESHWAR MAHTO |
| 515 | 2936 SUJIT KUMAR |
| 516 | 1010 ANITA DEVI |
| 517 | 2855 PARSHU RAM THAKUR |
| 518 | 3262 ARUN KUMAR |
| 519 | 3639 DEEPAK KUMAR |
| 520 | 18261 NAFIS ANSARI |
| 521 | 15169 BANMALI MAHTO |
| 522 | 18297 BUDHWA ORAON |
| 523 | 18295 VINAY KHALKHO |
| 524 | 3689 SANTOSH KUMAR MAHTO |
| 525 | 18299 RAMESHWAR ORAON |
| 526 | 18284 ARJUN ORAON |
| 527 | 983 PRAMILA KUMARI |
| 528 | 3685 JAGMOHAN MAHTO |
| 529 | 16938 GHAMESHWAR MAHTO |
| 530 | 18176 KRITI MAHTO |
| 531 | 1062 RAMBHA KUMARI |
| 532 | 18352 ROOPESH KUMAR MAHTO |
| 533 | 18335 KAMSHWAR MAHTO |
| 534 | 18231 RAKESH YADAV |
| 535 | 3700 ROHIT KUMAR |
| 536 | 1268 ANJU TOPPO |
| 537 | 3585 SHIV SANKAR SINGH |
| 538 | 18342 SURENDRA HAZAM |
| 539 | 18314 SADDDAM ANSARI |
| 540 | 18334 LAKSHMINARAYAN MUNDA |
| 541 | 18432 ANITA ORAON |
| 542 | 3706 DIPU KUMAR |
| 543 | 3661 RAJESH KUMAR |
| 544 | 3565 KAMALESH KUMAR |
| 545 | 3561 BIKODAR MAHTO |
| 546 | 15106 GOKUL MAHTO |
| 547 | 3707 SUDHIR KUMAR |
| 548 | 17334 VISHAMBER MAHTO |
| 549 | 18211 GANDRU ORAON |
| 550 | 15541 MUKHAJA MAHTO |
| 551 | 18232 JOSHI KUMAR SINGH |
| 552 | 17489 SUBHASH BAURI |
| 553 | 18275 ADIL RASHID |
| 554 | 18226 IJHAR ANSARI |
| 555 | 18358 BASANT KUMAR NARESH |
| 556 | 3471 VIBHOR KUMAR |
| 557 | 1229 SUMAN TIRKI |
| 558 | 18274 UMESH ORAON |
| 559 | 17061 AJAMBAR MAHTO |
| 560 | 18518 HIRAMANI BARLA |
| 561 | 18276 RIJWAN ANSARI |
| 562 | 18269 TAUFIQUE RAI |
| 563 | 2725 ALAM ANSARI |
| 564 | 3651 RAJU KUMAR SHARMA |
| 565 | 3626 SHRI RAM KUMAR |
| 566 | 3670 SANJEET KUJUR |
| 567 | 3693 OM PRAKASH |
| 568 | 3591 JITENDER RAJ |
| 569 | 3308 AJIT KUMAR MAHTO |
| 570 | 15551 HEMANT KUMAR MAHTO |
| 571 | 18359 AME ULLA ANSARI |
| 572 | 3177 SANJEET KUMAR |
| 573 | 15548 YADUNATH MAHTO |
| 574 | 17707 DHARMVIR KUMAR |
| 575 | 17015 BAHADUR SETH |
| 576 | 16857 LAKHIRAM SINGH MUNDA |
| 577 | 17827 BANESHWAR MAHTO |
| 578 | 16119 DEVENDRA NATH MUNDA |
| 579 | 1032 BERNADET BHENGRA |
| 580 | 842 TERESA MINZ |
| 581 | 15236 GIRIDHARI MAHTO |
| 582 | 3622 KHIROD MAHTO |
| 583 | 15390 MANGAL MUNDA |
| 584 | *GANESHCHANDRA MAHTO* |
| 585 | 3613 DHANU KUMAR RAY |
| 586 | 3673 NITESH RAI |
| 587 | 3596 SANTOSH KUMAR MAHTO |
| 588 | 17413 SADHUCHARAN OHDAR |
| 589 | 15852 LAMBODAR HAZAM |
| 590 | 18357 RAHUL KUMAR CHOUDHARY |
| 591 | 3595 SANTOSH KUMAR MAHTO |
| 592 | 3411 TRIPURARI KUMAR |
| 593 | 3369 ABHIRAM KUMAR |
| 594 | 3227 SUDHIR KUMAR |
| 595 | 17098 ASHOK PARMANIK |
| 596 | 18263 RAJU ORAON |
| 597 | 3623 AMIT KUMAR |
| 598 | 18441 SEEMA KUMARI |
| 599 | 15457 SHANKAR YADAV |
| 600 | 3509 KUSESHWAR PARMANIK |
| 601 | 18525 AMIT KACHCHHAP |
| 602 | 18203 SHIBU ORAON |
| 603 | 18516 SITA TIRKEY |
| 604 | 3686 BHUNESHWER MAHTO |
| 605 | 3668 HALADHAR MAHTO |
| 606 | 3669 ASHWINI KUMAR MAHTO |
| 607 | 15179 GULAB MAHTO |
| 608 | 932 PUSHPA TOPNO |
| 609 | 2952 SADANANDA RAM KASHYAP |
| 610 | 18177 JAGANNATH MAHTO |
| 611 | 16206 SAYED ANSARI |
| 612 | 15913 MAHIR ANSARI |
| 613 | 18302 SANTOSH BHAGAT |
| 614 | 3081 RAJKUMAR ORAON |
| 615 | 3068 CHOTTU SAHU |
| 616 | 3071 DINESHWAR SAHU |
| 617 | 3566 BIRABAL KUMAR MAHTO |
| 618 | 3598 HARIPAD MAHTO |
| 619 | 18287 AMIT KACHHAP |
| 621 | 17931 SRI NATH RAY |
| 622 | 3141 SANTOSH KUMAR |
| 623 | 3574 PINTU KUMAR |
| 624 | 18201 RAJESH LOHRA |
| 626 | 1208 KUSUM BINHA |
| 628 | 3073 PRAKASH KUMAR |
| 629 | 2886 SANJAY TIWARI |
| 630 | 17471 BALEYA ORAON |
| 631 | 3635 PAWAN KUMAR |
| 632 | 15511 RAJENDRA NATH MAHTO |
| 633 | 1270 PUNIT KUMARI |
| 634 | 17914 BAIJNATH MAHTO |
| 635 | 16547 RAMNATH MAHTO |
| 636 | 16066 JALHA ORAON |
| 637 | 17973 DIMBA MUNDA |
| 638 | 17736 MANGRA MAHLI |
| 639 | 17571 TARKESHWAR MAHTO |
| 640 | 3449 PRAMOD KUMAR |
| 641 | 14970 RAMESH MAHTO |
| 642 | 16350 DAYAL CHANDRA MANJHI |
| 643 | 17009 SAINATH SINGH MUNDA |
| 644 | 15096 SAGAR LOHARA |
| 645 | 1188 ANITA LAKRA |
| 646 | 18246 JATRU ORAON |
| 647 | 1014 BABLI KUMARI |
| 648 | 982 SUNITA LINDA |
| 649 | 3575 NAGENDRA PRASAD |
| 650 | 15386 NARESH CHANDRA MAHTO |
| 651 | 3563 VISHAL KUMAR YADAV |
| 652 | 15824 KAML KANT PANDEY |
| 653 | 18164 SANTOSH KUMAR MAHTO |
| 654 | 1115 RAMAWATI KUMARI |
| 655 | 15807 LAKHICHARAN HAZAM |
| 656 | 15372 CHUNU SINGH MUNDA |
| 657 | 3371 PARKASH MAHTO |
| 658 | 1224 PUSHPA DEVI |
| 659 | 1216 SAVITA TOPPO |
| 660 | 15467 SURYANARAYAN MAHTO |
| 661 | 16569 JANAK MAHTO |
| 662 | 17410 LALU MANJHI |
| 663 | 14694 DHARAM NATH MAHTO |
| 664 | 3576 RAJESH KUMAR RAI |
| 665 | 1263 BABITA KERKETTA |
| 666 | 3278 CHANDRAMANI RAY |
| 667 | 1040 SHAIBYA MAHTO |
| 668 | 1205 CHAMELI DEVI |
| 669 | 1024 ANITA DHAN |
| 670 | 3627 RAVI AGRAWAL |
| 671 | 1254 RAJNI KACHHAP |
| 672 | 1258 ANITA TIRKEY |
| 673 | 3577 SHAKTI KUMAR |
| 674 | 1228 RAJNI KACHHAP |
| 675 | 1225 PINKI MINJ |
| 676 | 1233 HOLIKA KACHHAP |
| 677 | 1255 ASHA LINDA |
| 678 | 1209 RAJNI TIRKEY |
| 679 | 1212 SUNITA BANDO |
| 680 | 1196 MANJU GARI |
| 681 | 1207 SAVITA GARI |
| 682 | 3712 SAMIR KUMAR |
| 683 | 3285 RAVI SHANKAR KUMAR |
| 684 | 3679 SURAJ KUMAR |
| 685 | 3602 RANJEET KUMAR |
| 686 | 3562 PANKAJ KUMAR GUPTA |
| 687 | 3362 ANIL KUMAR |
| 688 | 15489 ASHOK KUMAR SINGH |
| 689 | 1250 SEEMA TIRKEY |
| 690 | 15035 RAJESHWAR UPADHAYAI |
| 691 | AMIT KUMAR |
| 692 | 3360 HARERAM SINGH |
| 693 | 3558 SAMRIT KUMAR |
| 694 | 3586 RAMAN KUMAR |
| 695 | 2777 MAHIUDDIN ANSARI |
| 696 | 1252 PUSHPA TIRKEY |
| 697 | 1242 KHUSHBOO LAKRA |
| 698 | 3572 SAGAR KUMAR |
| 699 | 3570 RAJIV RANJAN DUBE |
| 700 | 1187 SHANTI DEVI |

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

PR 324127 Police(24-25)#D

# जलवायु परिवर्तन

यू एनएफसीसीसी मानता है कि जलवायु परिवर्तन के कारकों को थामने, उत्सर्जन घटाने और प्रभावों को कम करने में विकसित मुल्कों के पास अधिक क्षमता है, इसे सामान्य किंतु अंतर लाने वाली जिम्मेवारी नामक सिद्धांत के तौर पर जाना जाता है। पेरिस संधि-2015 के ध्येयों पर अमल फिलहाल शोचनीय रूप से बहुत कम है, जिसके अंतर्गत वैश्विक औसत तापमान में बढ़ोतरी स्वीकार्य सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर बनाए रखना है। लेकिन यह न होने पर, वास्तविक धरातल पर इसके प्रभाव स्वरूप मौसम में तीव्र बदलाव बढ़ते जा रहे हैं। इन परिस्थितियों में, क्योंकि पर्यावरणीय बदलाव भारत पर भी प्रभाव पड़ रहे हैं और अधिकांशतः इसके पीछे जिम्मेवार विकसित देशों के कारनामे हैं, क्या एक आम नागरिक इस जलवायु परिवर्तन से आजादी का हक पाने का दावा कर सकता है? तर्क के आधार कर कहें तो समस्या का मुख्य जिम्मेवार विकसित देशों का समूह है। अब तक, अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन संधियां विकासशील राष्ट्रों को सुधारक उपाय अपनाने के हेतु बहुत कम धन उपलब्ध करवा पाई हैं। इसलिए, तो क्या सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का अर्थ है कि लागत चाहे कितनी भी हो, भारतीय सरकार को पर्यावरण में सुधार के उपाय करने ही होंगे? इस अधिकार की अन्य अवधारणा है स्वतंत्रता का अधिकार बनाम भलाई का अधिकार। जीवन का अधिकार, अभिव्यक्ति की आजादी इत्यादि स्वतंत्रता के अधिकार में आते हैं। शिक्षा का अधिकार, जलवायु परिवर्तन से निजात के अधिकार सहित साफ-सुथरा पर्यावरण पाने के हक को भलाई अधिकारों में गिना जाता है। स्वतंत्रता अधिकार में केवल जरूरत है अन्य कोई इनका उल्लंघन न करने पाए जबकि भलाई अधिकार वह हैं जिसकी प्राप्ति करने में तदनुरूप कर्तव्यों पर उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की जरूरत होती है।

# वैश्विक व्यापार में मंदी

वर्ष 2023 में वैश्विक व्यापार में 1.2 फीसदी की गिरावट के बाद दुनिया भर में वस्तु व्यापार का आकार इस वर्ष 2.6 फीसदी और अगले वर्ष 3.3 फीसदी बढ़ने का अनुमान है। इसके बावजूद कारोबारी समूहों के बीच गहराती समस्याओं और बढ़ते तनाव ने सीमापार के व्यापारिक रिश्तों को जोखिम में डाल दिया है। बहुपक्षीय संस्थाओं मसलन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन ने महामारी के बाद की दुनिया में व्यापारिक प्रवाह के प्रतिबंधों को उचित ही रेखांकित करते हुए कहा है कि आर्थिक खुलेपन के लाभ को बचाने की आवश्यकता है। आईएमएफ के ताजा विश्व आर्थिक अनुमान में कहा गया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के बाद से विभिन्न देश खुद को अपने-अपने कारोबारी समूह के देशों के साथ सहज पा रहे हैं बजाय कि राजनीतिक दृष्टि से दूर स्थित कारोबारी समूहों के। जो देश एक ही व्यापारिक समूह में नहीं हैं उनके बीच के कुल वाणिज्यिक व्यापार में 2.4 फीसदी की कमी आई है। इससे संकेत मिलता है कि व्यापारिक प्रवाह बहुत हद तक विभिन्न देशों की आर्थिक स्थिति और उनके संभावित कारोबारी साझेदारों से तय होती है। रणनीतिक क्षेत्रों में व्यापार को लेकर यह रिश्ता और अधिक मजबूत है मसलन मशीनरी और केमिकल आदि। अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक और वैचारिक प्रतिद्वंद्विता ने दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच कारोबारी रिश्ते को कमजोर किया है। इसके परिणामस्वरूप पश्चिम के देश ऐसी नीतियां अपना रहे हैं जहां वे मित्र राष्ट्रों और करीब स्थिति देशों की मदद लेकर अपने कारोबार का जोखिम कम कर रहे हैं जबकि चीन आत्मनिर्भरता की बात कर रहा है।उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों और भारत जैसे विकासशील देश इस मामले में जो भी रुख अपनाएंगे वह अहम होगा।

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता




**बेशक,** राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यहीं खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा।

दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुमार्ना किया है। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुमार्ना किया गया, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है।

याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं कउन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमे में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता।

बहरहाल, लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है।

एक बात और कहने का मन कर रहा है क जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है। क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता । लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है । सड़कों के किनारे जहां स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाए ही जा सकते हैं । कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है । आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है कयह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं क

जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते हैं। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।

(लेखक. वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)



- आरके सिन्हा

> जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते हैं। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है।

## खास बात

### क्योंकि उत्सव हैं बेटियां

क्षमा शर्मा

**अक्तूबर** का महीना आधा बीत चुका है। हवा में अब हल्की सी ठंड बढ़ चली है। सर्दी का आगमन बस होने को है। सवेरे की पहली किरण- घर, आंगन, चौखट, दरवाजों, फूलों, पत्तियों, बगीचों, खिड़कियों पर अब कुछ देर से दस्तक देती है, लेकिन जब तक सर्दी आए तब तक शरद ऋतु में आने वाली नवरात्रि को धूमधाम से मना लिया जाए। हालांकि इस बार दुर्गा पूजा पितृपक्ष के एक माह बाद शुरू हो रही है।

अकसर पितृपक्ष के फौरन बाद नवरात्रि शुरू हो जाती हैं। अपने पूर्वजों की याद, उनके जाने के शोक के बाद उत्सव का माहौल भी जरूरी है। अगर जीवन भर शोक रहे तो जीवन कैसे चले। पितृपक्ष में तो हर तरह की खरीदारी से दूर रहे थे, इसीलिए नवरात्रि के आने पर बाजार सज जाते हैं। तरह-तरह के समान से भर जाते हैं। बहुत से समानों और उत्पादों पर भारी छूट के विज्ञापन भी दिखाई देते हैं। जगह-जगह पंडाल लगाकर दुर्गा प्रतिमाएं सजाई जाती हैं। कारीगर रात-दिन इन्हें बनाते हैं तभी ये इन पंडालों में सज पाती हैं। मंदिरों में तो देवी का उत्सव होता ही है। इस लेखिका ने कोलकाता में चलने वाला उत्सव भी देखा है। वहां की भीड़ भरी सड़कों को देखकर लगता है कि जैसे पूरा शहर सड़कों पर उमड़ आया हो। किसी होटल या दुकान में आसानी से जगह नहीं मिलती। वहां इसे धार्मिक के अलावा सांस्कृतिक उत्सव भी माना जाता है। इसलिए प्रायः धार्मिक दीवारें भी टूट जाती हैं। कोलकाता के लोग बहुत गर्व से बताते हैं कि इस उत्सव में समाज के हर धर्म और वर्ग के लोग उत्साह से भाग लेते हैं। जगह-जगह , पूजा पंडाल सजे होते हैं। एक बार बांग्लाभाषी एक ईसाई सहेली को इस उत्सव में भाग लेते देखा था। वह सिंदूर और बिंदी भी लगाती थीं। उसने यही कहा था कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है। विरासत है। हालांकि पिछले दिनों जब तृणमूल की एक मुसलमान महिला सांसद ने दुर्गा का रूप धरा, तो उन्हें भारी आलोचना अपने ही धर्म के लोगों की झेलनी पड़ी। धर्म की ये दीवारें टूटना हर समाज के लिए अच्छा है, मगर बहुत से निहित स्वार्थ ऐसा नहीं चाहते।

**हम** लगातार राज्य सरकार से एम्स में मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग कर रहें हैं ।

माननीय प्रधानमंत्री जी की गारंटी का उपहार है एम्स, राज्य सरकार के पास काम करने की इच्छाशक्ति ही नहीं है, लड़ करके अपने जनता के लिए काम करवा रहा हूँ ।


**– निशिकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

**झारखंड** मुक्ति मोर्चा द्वारा गांडेय विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती कल्पना सोरेन को प्रत्याशी चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं बेटी को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं।

जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया !

**–चंपई सोरेन, सीएम**





**तुष्टिकरण** की राजनीति ने देश को टुकड़ों-टुकड़ों में बांटा है, इसलिए मोदी ने संतुष्टिकरण के रास्ते को अपनाया है।

सबका साथ सबका विकास की है, लेकिन सपा-कांग्रेस के लिए देश से भी बढ़कर उनका अपना वोट बैंक है। **– नरेन्द्र मोदी**

# शक्ति की जय

## धर्म-प्रवाह

बासुकीनाथ पाण्डेय

**संपूर्ण** विश्व शक्तिमय है, इस सत्य को नकारा नहीं जा सकता। देखा जाये तो सृजन, पालन और विसर्जन, ये तीनों तत्व ही मिलकर हमें सृष्टि की संपूर्णता का बोध कराते हैं।

प्राचीन भारतीय संस्कृति में सृजन के लिए ब्रह्मा, पालन के लिए विष्णु और संहार के जिए महेश यानी शिव को देव माना गया है। ब्रह्मा के साथ ही मां महासरस्वती, विष्णु के साथ महालक्ष्मी और शिव के साथ महाकाली जुड़ी हुई हैं। मूल रूप से इन सभी शक्तियों का स्वरूप एक ही है, वह है शक्ति और शौर्य की प्रतीक मां दुर्गा।

ऋग्वेद के देवी व रात्रि सूक्त में, सामवेद के रात्रि सूक्त में और वैदिक काल में शक्ति चेतन की सत्ता की स्थापना का विशद विवेचन किया गया है। ऋग्वेद में भुवनेश्वरी देवी को कई नामों से संबोधित किया गया है। जैसे- विश्व दुर्गा, सिंधु दुर्गा, अग्नि दुर्गा आदि। मातृका देवी को अंबिका भी कहा जाता था। मत्स्य पुराण में दुर्गा को दस भुजाओं वाली, जबकि अग्नि पुराण में बीस भुजाओं वाली देवी का वर्णन मिलता है। कुषाण काल के आते-आते दुर्गा का सिंह पर सवार देवी स्वरूप प्रतिष्ठित हो चुका था। उस समय उनकी कांस्य प्रतिमाएं भी निर्मित होने लगीं थीं। दुर्गा के उग्र और शांत दोनों स्वरूप देखने को मिलते हैं। शांत स्वरूप में दुर्गा के उमा, उषा, गौरी, अम्बिका और उग्र रौद्र रूप में महाकाली, चंडिका, महादुर्गा और महिषासुर मर्दिनी आदि नामों का वर्णन मिलता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नयी सोच बने

**बाढ़** से प्रति वर्ष देश में जान-माल की बड़ी क्षति होती है। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या से प्राकृतिक असंतुलन है, जिसके लिए पेड़-पौधों, नदी, नहरों, नालों और तालाबों आदि के उचित प्रबंधन की जरूरत है। वर्तमान में इनकी सफाई नहीं हो पा रही है। वहीं लोगों द्वारा अतिक्रमण होने के साथ ये गंदगी, गाद और मिट्टी से बुरी तरह अटी पड़ी हैं।

**– शक्तिधर पाण्डेय, गढ़वा**

### परिवारवाद से मुक्त हो

**दशकों** का इतिहास बताता है कि वह गांधी नेहरू परिवार के सदस्य या उनके प्रतिनिधि को ही स्थायित्व मिल पाता है। यद्यपि परिवार के सहमति बिना भी कई प्रभावशाली लोग अध्यक्ष बने किंतु वे टिक नहीं पाए। जिस पार्टी की बुनियाद परिवारवाद पर टिकी हो उसका नेतृत्व लोकतांत्रिक रूप से गठन करना मुश्किल है। अब कांग्रेस जनता भरोसे है और जनता कांग्रेस पर भरोसा नहीं करती।

**– दिव्यांश, कोडरमा**

# दुनिया एक अघोषित युद्ध लड़ रही है प्रदूषण के खिलाफ

डॉ सत्यभान सौरभ

**हमने** देख लिए है कि सिर्फ अदालती आदेशों के भरोसे हम इस समस्या से नहीं लड़ सकते। तभी तो इस मुद्दे पर हर साल हो-हल्ला होता है. इसके बावजूद भी ये समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। मात्र पराली इस समस्या की जड़ नहीं है। फैक्ट्रियां, वाहन और उद्योग जहरीले हवा के लिए दोषी है। इन सभी को एक फ्रेम में देखकर हमें सभी के लिए सख्त नियम लागू करने होंगे। इसके साथ-साथ हम सभी स्वयं जागरूक होने की जरूरत हो। तभी हम प्रदूषण के विरुद्ध इस युद्ध को जीत पाएंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी दिल्ली में 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ ' अभियान शुरू कर दिया है। यह प्रदूषण से निपटने के लिए चलाए जा रहे 'युद्ध, प्रदूषण के विरुद्ध अभियान का एक हिस्सा है। हम सभी रेड लाइट पर अपने वाहन बंद करने का संकल्प लें. हर एक व्यक्ति का प्रयास प्रदूषण को कम करने में योगदान देगा। दिल्ली में 13 हॉटस्पॉट की पहचान की गई है। हर हॉटस्पॉट के लिए अलग योजना बनाई जाएगी। दिल्ली सरकार एक 'ग्रीन दिल्ली' ऐप भी लॉन्च करेगी। इस पर कोई भी प्रदूषण को लेकर शिकायत कर सकता है। सरकार ट्री प्लांटेशन पॉलिसी भी ला रही है। इसके तहत पेड़ काटने के बदले 10 नए पौधे लगाने के साथ ही काटे जानेवाले 80 प्रतिशत पेड़ों को ट्रांसप्लांट करना होगा।

अब दिल्ली को ढट2.5 के लिए राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए

## समस्या

65% की कमी की आवश्यकता है। दिल्ली की जहरीली हवा में सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड की उच्च मात्रा भी होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने अक्टूबर 2018 में एक शोध पत्र प्रकाशित किया, जिसमें लगभग 41% वाहन उत्सर्जन, 21.5% धूल और 18% उद्योगों को शामिल किया गया।

डब्ल्यूएचओ के एक सर्वे के अनुसार, भारत में सांस की बीमारियों और अस्थमा से दुनिया की सबसे अधिक मृत्यु दर है। वायु प्रदूषण कम दृश्यता, एसिड वर्षा और ट्रोपोस्फेरिक स्तर पर पर्यावरण को प्रभावित करता है। दिल्ली सरकार ने हाल ही में एक बड़ा प्रदूषण-विरोधी अभियान शुरू किया है, यह प्रदूषण के विरुद्ध पेड़ प्रत्यारोपण नीति, कनॉट प्लेस (दिल्ली) में एक स्मॉग टॉवर का निर्माण, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और मलबे को जलाने को लेकर है।

हमें अब उत्सर्जन नियंत्रणों और कठिन दंड लगाने की जरूरत है। बीजिंग ने दोपहिया और तिपहिया वाहन कारों और लॉरी को बंद करके ही ऐसा किया। बैंकॉक ने उत्सर्जन में कटौती और रखरखाव को गति दी। इसलिए दिल्ली में बेहतर बीआरटी लेन को डिजाइन करने, टिकट प्रणाली में सुधार और मेट्रो के साथ सिंक्रनाइज करने के अपने बीआरटी अनुभव से सबक लेना चाहिए। दिल्ली के बस बेड़े को बढ़ाने और इसे मेट्रो नेटवर्क के साथ संरेखित करने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पूरा करना चाहिए। इसमें ऑड-ईवन ह्ळनंबर प्लेट नीति मदद कर सकती है, लेकिन सिस्टम को छूट कम करनी चाहिए।

2025 तक एक-चौथाई से एक-तिहाई वायु प्रदूषण में कटौती करने का एजेंडा है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को बढ़ावा देना शामिल हैं। इसके लिए सब्सिडी और निवेश की आवश्यकता होगी कि ईवीएस का उपयोग बिना जीवाश्म ईंधन के उन्हें चार्ज करने के लिए सार्थक पैमाने पर किया जाये। दिल्ली सरकार की तीन साल की नीति का लक्ष्य 2024 तक राजधानी में पंजीकृत नए वाहनों के एक चौथाई के लिए ईवीएस खाता बनाना है। ईवी को प्रोत्साहन, पुराने वाहनों पर लाभ, अनुकूल ब्याज पर ऋण और सड़क करों की छूट से लाभ होगा।

# कांग्रेस को जनाधार युक्त नेताओं की जरूरत

कैसर इकबाल

**राजनीतिक** दलों को सलाह देने वाले पेशेवर सलाहकार प्रशांत किशोर ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक कार्य योजना सुझायी है। जिसके माध्यम से कांग्रेस का जनाधार मजबूत हो सकता है। सोनिया गांधी से प्रशांत किशोर की चर्चा के दौरान पार्टी के बड़े नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे। चिंतन शिविर के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रशांत किशोर के प्लान पर भी चर्चा करवा कर उसको पारित करवाएंगी ताकि भविष्य में प्रशांत किशोर का प्लान यदि फेल हो जाता है तो भी पार्टी अध्यक्ष पर अंगुली नहीं उठ पाए।

इससे पूर्व प्रशांत किशोर 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में राहुल गांधी के साथ काम कर चुके हैं। उस दौरान उनकी सलाह पर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा जगह-जगह खाट सभाओं का आयोजन करवाया गया था। जिस पर पार्टी का करोड़ों रुपया खर्च हो गया था। मगर परिणाम में पार्टी 403 में से मात्र 7 सीटों पर ही जीत पाई थी। उसके बाद प्रशांत किशोर राहुल गांधी से अलग हो गए थे। आज कांग्रेस पार्टी के समक्ष सबसे बड़ी समस्या अपने गिरते जनाधार को रोकने की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कांग्रेस पार्टी की देश के एक दर्जन से अधिक प्रदेशों में सरकार चल रही थी। मगर धीरे-धीरे करके प्रदेशों में चुनाव हारने के चलते आज कांग्रेस पार्टी की सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही सरकार बची है। महाराष्ट्र व झारखंड में कांग्रेस पार्टी एक सहयोगी के रूप में सरकार में शामिल है। पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी कुछ विशेष नहीं कर पाई।

## चुनाव 2024

पंजाब जहां चुनाव से पहले कांग्रेस की सरकार चल रही थी। वहां भी पार्टी चुनाव हार कर एक चौथाई सीटों पर ही सिमट गई। पंजाब में पार्टी अपने ही बड़े नेताओं की कलह की शिकार हो गई। चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को पद से हटाना पार्टी को भारी पड़ गया। कैप्टन के स्थान पर मुख्यमंत्री बनाए गए चरणजीत सिंह चन्नी दोनो विधानसभा सीटों से व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव हार गए। पार्टी के अधिकांश बड़े नेता चुनाव नहीं जीत पाए थे। चुनाव के बाद पार्टी ने विधायक दल का नेता व प्रदेश अध्यक्ष पद पर नए लोगों को बैठा दिया। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के दावेदार हरीश रावत इस बार फिर चुनाव हार गए। वहां कांग्रेस मात्र 19 सीटें ही जीत सकी है। पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता के मनोनयन के बाद तो आपसी कलह खुलकर सड़कों पर आ गई है। कई विधायकों ने पार्टी छोड़ने तक की धमकी दे दी है। पंजाब में कांग्रेस की लुटिया डुबोने में सबसे बड़ा हाथ हरीश रावत का रहा था। उन्होंने ही उत्तराखंड में भी कांग्रेस का सफाया करवा दिया। उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक इतिहास रचा है। जबकि कांग्रेस को सबसे अधिक आस उत्तराखंड में ही सरकार बनाने की थी। मगर पार्टी नेताओं की आपसी कलह के चलते कांग्रेस ने अवसर गंवा दिया था। गोवा और मणिपुर में भी कांग्रेस कुछ खास नहीं कर पाई। गोवा में कांग्रेस को 11 सीटें मिलीं वहीं मणिपुर में तो कांग्रेस की सीटों की संख्या 28 से घटकर 5 रह गई। कांग्रेस की सीटें 1984 के बाद से लगातार कम होती जा रही है। इस बार सीटें इतनी कम है कि कांग्रेस भगवान भरोसे चुनाव लड़ रही है। जिस देश में राम हम हिंदू के मन मेंबसे हों उस देश में राम का विरोध, जिस देश में पूंजीपतियों के हित में कांग्रेस ने 1991 में उदारीकरण की नीति लाकर देश को आर्थिक विकास के सर्वोच्च पायदान पर पहुंचा दिया उस नीति का विरोध कर एक विरोधाभाषी माहौल पैदा कर रही है। इस माहौल से इसके नेताओं की विश्वसनीयता संदेश के घेरे में है जिसका लाभ क्षेत्रिय पार्टी उठा रही है। अपने बल पर कांग्रेस ने 1980 के बाद कभी खड़ा होने का प्रयास ही नहीं किया जिसका परिणाम है कि कांग्रेस क्षेत्रिय दलों से भी छोटा होती जा रही है। आखिर कब कांग्रेस अपनी ताकत पर खड़ा होने की कोशिस करेगी।

(लेखक झारखंड कांग्रेसपंचायती राज संगठन से जुड़ें हैं।)

स्पीड न्यूज

## जेनरल स्टोर का उद्घाटन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही-घाटो रोड में ऑल इन वन जेनरल स्टोर का उद्घाटन चरही पूर्वी पंचायत समिति सदस्य आशा देवी ने गुरुवार को फीता काटकर किया। उक्त जेनरल स्टोर में ग्राहकों के जरूरत की सभी चीजें उचित मूल्यों पर उपलब्ध होंगी। दुकान के संचालक बलजीत सिंह भामरा ने बताया कि ग्राहकों को एक ही छत के नीचे उनके जरूरत की सभी चीजें उपलब्ध कराई जाएगी।इस मौके पर तजिंदर कौर, हरजीत कौर, राजिंदर कौर, पिंकी कौर, प्रज्जवल सिंह भामरा, सौम्या भामरा, लालचंद महतो, विद्यानंद कुशवाहा, अनिल जायसवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## इंद्रा और जरबा में बूथ सत्यापन कार्यक्रम संपन्न

**चरही।** चुरचू प्रखंड के इंद्रा और जरबा में बूथ सत्यापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।जिसका समापन शुक्रवार को प्रभारी पंचम चौधरी के नेतृत्व में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मांडू विधान सभा प्रभारी राजा सिंधु महतो, वरिष्ठ नेता योगेंद्र साव, सांसद प्रतिनिधि संजय साहू, चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, मंडल महामंत्री रोहित महतो, संतोष सिंह, दिनेश्वर साहू सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देश के विकास के लिए भाजपा को समर्थन करें : मनीष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी पंचायत में भाजपा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आज देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत का दुनिया में एक नई पहचान देश के पीएम नरेंद्र मोदी के कारण ही बनी है। देश की बागडोर एक स्वच्छ, ईमानदार, निष्ठावान व्यक्तित्व के मालिक नरेंद्र मोदी के हाथों में है। उन्होंने मतदाताओं से देश की सुख समृद्धि और निरंतर विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही श्री जायसवाल ने कहा कि देश के विकास के लिए भाजपा को समर्थन करते हुए कमल खिलाएं। सभी अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। जनसम्पर्क अभियान में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, राधेश्याम अग्रवाल, दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, डॉ संजय सिंह, विजय साहू, सुखदेव प्रसाद, मुखिया उपेंद्र शर्मा, मुखिया किशोर महतो, डब्लू पांडेय, शशि भूषण तिवारी, परदेशी नोनिया सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत नामांकन को लेकर

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता करते

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए होने वाले नामांकन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए पांचवें चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग द्वारा नामांकन को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग होंगी। अभ्यर्थी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के कार्यालय कक्ष अथवा सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग सदर शैलेश कुमार के कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी की तिथि 4 मई 2024, नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई 2024 तथा मतदान की तिथि 20 मई 2024 होगी। वहीं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 6 जून 2024 को संपन्न होगी। निर्वाचन संबंधित तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल 6 चेक नाकें बनाए गए हैं।

जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्ही क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं। सभी चेक नाकों पर स्टेटिक सर्विलांस दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है वहीं फ्लाइंग स्क्वायड दलों के माध्यम से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियो के प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य 20 अप्रैल 2024 को पूर्ण कर लिया गया है वहीं निर्वाचन के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को जानकारी दी की लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में महिलाओं द्वारा संचालित कुल 14 मतदान केंद्र, दिव्यांगों द्वारा संचालित 6 मतदान केंद्र तथा विशेष थीम यथा रामगढ़ की विशेषता, संस्कृति, सोहराय चित्रकला आदि से संबंधित 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि कोई भी मतदाता ना छूटे इसी उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा प्रवासी मजदूरों आदि को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर चिट्ठी आई है कार्यक्रम, विशेष पहल के तहत मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रहे चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, जिले के विभिन्न प्रतिष्ठान के साथ-साथ मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा भी मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ भी रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रेस वार्ता के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ महाभण्डारा के साथ हुआ सम्पन्न



श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ महाभण्डारा के साथ हुआ सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही के खोड़ाहर कदवा में चल रहे श्रीश्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ शुक्रवार को महाभंडारा के साथ संपन्न हो गया। महाभण्डारा की शुरूआत ब्राह्मणों को भोजन करा कर की गई। जिसके बाद लोगो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। महाभण्डारा देर रात तक चला। जिसमे सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नागेश्वर मेहता, अरुण मेहता, हुलश यादव, दुलार यादव, प्रकाश यादव, ईश्वर यादव, जयकिशोर मेहता, मनोज मेहता, गणेश मेहता, होरिल मेहता, बिनोद मेहता, सुनील यादव, राजू यादव, सुरेंद्र यादव, परदीप यादव, अजय यादव, बिनोद मेहता, संटू मेहता, सुनील मेहता, तालेस्वर मेहता, आरती देवी, रेखा देवी, सिंपू देवी, शोभा देवी, फुलमतिया देवी, किरण देवी ने सराहनीय योगदान दिया।

## दूसरे चरण के मतदान के लिए झारखंड में नामांकन की प्रक्रिया शुरू



नामांकन में बाबूलाल व मनोज यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** दूसरे चरण के मतदान के लिए झारखंड में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस चरण में चतरा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। नामांकन के पहले दिन चतरा लोकसभी सीट से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने पर्चा दाखिल किया है। इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल थे। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने भाजपा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि इंडि गठबंधन अपने वजूद को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि भाजपा देश के विकास के लिए काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 पार करेगी।

## गुरु नानक पब्लिक स्कूल में ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 के द्वारा कराई गई। ओरिगामी वह कला है, जिसमें पेपर को कई डिजाइनों में फोल्ड किया जाता है, जिससे एक आकृति बनती है। पेपर फोल्ड कर तरह-तरह की आकृतियां बनाने वाले कलाकार को पेपर फोल्डर कहते हैं। जिसका अर्थ है कि वस्तु की गुणवत्ता या व्यक्ति की क्षमता पर्याप्त रूप से उच्च है।

'ओरिगामी' शब्द जापान में पुराने दस्तावेजों की एक विशिष्ट शैली को भी संदर्भित करता है। विद्यालय के बच्चों ने इस कला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सब ने अपने कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। इस कला को कक्षा 6 के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं के अनुसार नए-नए रूपों को नया आकार दिया। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा कर उनके हौसले को यूं ही बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हमारे बच्चे नहीं कर सकते।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

## 18 वर्ष से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पिछले दिनों रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न थाना/ओपी में दर्ज पुराने से पुराने कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** अगामी निर्वाचन-2024 का स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान अपराधकर्मियों एवं फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ० बिमल कुमार के निर्देश पर लगातार चलाये जा रहे छापामारी अभियान के दौरान 26 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मांडू (वेस्ट बोकारो) थाना कांड संख्या-175/ 2006, दिनांक-27/ 05/ 2006, धारा-147/ 148/ 149/ 323/ 337/ 427/ 504 भादवि एवं जीआर1405/ 06 में 18 वर्षों से फरार चल रहे लाल वारंटी प्रदीप साव, पिता स्व दिनेश्वर साहू, सा०-बड़गांव, थाना-मांडू (वे०बो०), जिला-रामगढ़ कुज्जू स्थित फैक्ट्री में काम करता है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा पुअनि सदानन्द कुमार ओ०पी० प्रभारी वेस्ट बोकारो के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम द्वारा कुज्जू स्थित फैक्ट्री से 18 वर्षो से फरार चल रहे लाल वारंटी प्रदीप साव को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक डॉ० बिमल कुमार के दिशा-निर्देश में पिछले दिनों रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न थाना/ओपी में दर्ज पुराने से पुराने कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम पता प्रदीप साव, पिता-स्व० दिनेश्वर साहू, सा०- बड़गाँव, थाना- माण्डू (वे०बो०), जिला-रामगढ़। छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी छापेमारी दल में पुअनि सदानंद कुमार ओपी प्रभारी वेस्ट बोकारो, पुअनि संजय बेदिया वेस्ट बोकारो एवं वेस्ट बोकारो ओपी सशस्त्र बल शामिल थे।




जानकारी देते अधिकारी

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



घायल युवक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा मेन रोड के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में पोड़ा गेट सयाल निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। जानकारी के अनुसार पोड़ा गेट सयाल निवासी हरिओम कुमार गुप्ता 25 वर्ष पिता सुभाष गुप्ता उर्फ भोला स्पलेंडर बाइक से भुरकुंडा बाजार से बर्फ की सिल्ली लेकर अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में सीसीएल भुरकुंडा हॉस्पिटल के पास पतरातू की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर लगने के कारण हरिओम बाइक सहित बर्फ की सिल्ली के साथ गिर गया। घटना में बर्फ का सिल्ली हरिओम के दाहिने पैर पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## ट्रेलर ने महिला को रौंदा हुई मौत

**चौपारण।** कंस्ट्रक्शन कंपनी के लापरवाही व एनएचएआई विभाग की अनदेखी के कारण प्रखण्ड में जीटी रोड के चौड़ीकरण का कार्य लंबे वर्षो बाद भी पूर्ण नहीं हो सका है। जीटी रोड को कई जगह वनवे करके भी छोड़ दिया गया है। जिससे आए दिन लोग जाने अनजाने में लोग मौत के काल मे समा जा रहे हैं। शुक्रवार को भी कंस्ट्रक्शन कंपनी के लापरवाही के वजह से पैदल चल रही एक शादी शुदा युवती का मौत ट्रेलर के धक्के लगने से हो गया। मृतक युवती की पहचान रेखा देवी पति दिनेश चौधरी उम्र 30 वर्ष ग्राम महूदी के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जीटी रोड पर टायर जला कर पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया।

## नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के हेंदे गढ़ा स्कूल में आगामी 28 अप्रैल को झारखंड वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।यह आयोजन चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से किया जा रहा रहा है। कंपनी प्रो.संतु भाई माणिक ने बताया कि वनवासी कल्याण केंद्र जनजाति के स्वास्थ्य लाभ के लिए नियमित 29 वर्ष से प्रत्येक माह जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस चिकित्सा शिविर में रांची के अनेक विख्यात एवमं वरिष्ठ डॉक्टरों के द्वारा अनेक प्रकार के बीमारियों को जांचकर कर लोगों को निःशुल्क दवाइयां दी जाती है। इस चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के लोग को स्वास्थ्य जांच का लाभ उठा रहे हैं। लोगों से अपील किया गया है कि आयोजन शिविर में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य का जांच कराकर लाभ उठाएं।

## नये आयाम की ओर निरंतर अग्रसर है आईलेक्स पब्लिक स्कूल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**आज आईलेक्स पब्लिक स्कूल के चार ब्रांच हो चुके हैं। पंचमाधव स्थित आईलेक्स सीबीएसई से प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त है। 2019 में हीं इसे सीबीएसई के द्वारा मान्यता मिल चुकी है।**

**बरही।** हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड में स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल पिछले ग्यारह वर्षों से शिक्षा की एक नई ज्योत जला रहा है। अपने शुरूआत से आईलेक्स ने तय किया था कि बरही प्रखंड तथा आस पास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा की एक नई बुनियाद बनानी है और अपने इसी उद्देश्य को इसने आजतक बरकार रखा है। अपने इसी उद्देश्य के समर्पण की वजह से हीं आज के समय में सभी अभिभावक की पसंद बन चूका है। आज आईलेक्स पब्लिक स्कूल के चार ब्रांच हो चुके हैं। पंचमाधव स्थित आईलेक्स सीबीएसई से प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त है। 2019 में हीं इसे सीबीएसई के द्वारा मान्यता मिल चुकी है। आईलेक्स पब्लिक स्कूल पंचमाधव में करीब चार एकड़ में स्थित है जहाँ की कक्षाएं सीबीएसई के नियमों के तहत बनाईं गईं हैं। निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि 2013 अप्रैल में 157 बच्चों के साथ शुरू किया गया यह सफर आज 1660 बच्चों और करियातपुर के सात मंजिला इमारत और पंचमाधव में चार एकड़ जमीन और तीन मंजिला भवन, दो मंजिला गौरियाकरमा ब्रांच के अलावा बडकागांव से होता हुआ गिरिडीह जिले के गाड़िकला, बरकट्ठा और पाण्डेयबारा तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आईलेक्स पब्लिक स्कूल की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देना है। बताया कि इसके अलावा समय समय पर स्कूल में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाया जाता है। बच्चों को कंप्यूटर की भी शिक्षा दी जाती है। साथ ही कई सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नामांकन की अंतिम तिथि 10 मई है।

**आइलेक्स पब्लिक स्कूल की शाखाएं :** आईलेक्स पब्लिक स्कूल की शाखाएं कई जगहों पर सफलता पूर्वक संचालित हो रही हैं। वर्तमान में आईलेक्स की सात शाखाएं संचालित है। जिसमें करियातपुर, पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला (गिरिडीह), बरकट्ठा और पाण्डेयबारा।

**विद्यालय में सभी विभागों के अलग अलग सदस्य शिक्षक है :** आईलेक्स के सभी शिक्षक जमशेदपुर, कोलकाता, गया, बोकारो, पटना, अलीगढ, बनारस, पुणे जैसे शहरों से आएं हुए हैं, जो हाइली क्वालिफाइड व वेल ट्रेंड है।

**विद्यालय में क्या क्या सुविधाएं है :** आइलेक्स पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब, कंपोजिट साइंस लैब, मैथ्स लैब, फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब के अलावा लाइब्रेरी की सुविधा उपल्बध है। लड़के लड़कियों के लिए सेपरेट शौचालय की व्यवस्था है। इसके साथ ही बॉली बॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो खो जैसे आउटडोर गेम्स के साथ साथ चेस, लूडो, कैरम जैसे इनडोर गेम्स की भी व्यवस्था है। साथ हीं सेपरेट डान्स क्लास, क्राफ्ट क्लास जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध है। पंचमाधव स्थित स्कूल का नया कैंपस बच्चों की पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम माहौल प्रदान करता है।

## पशु तस्करों पर चौपारण पुलिस की लगातार प्रहार, 16 पशुओं के साथ 2 धराये

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते अधिकारी

**चौपारण।** चोरदाहा चेकपोस्ट के पास वाहनों के सघन चेकिंग के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के निदेर्शानुसार अहले सुबह चौपारण की ओर से एक पिकअप वाहन बीआर03जीबी-9703 आता हुआ दिखाई दिया, जिसे जांच हेतु रूकने का ईशारा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को रोकने के बजाय और तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। परन्तु आगे बड़ी वाहन रहने के कारण भागने में सफल नहीं हो पाया, जिसके उपरांत वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास कर रहे थे। जिन्हें साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए लोगो मे रामकिशोर सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष पिता- हरेन्द्र सिंह ग्राम- कुसमाही थाना- उतवन्त नगर जिला-भोजपुर 2. मो0 सोनु उम्र-26 वर्ष पिता- मो० मुख्तार सा०- नमजद गौरा लालपुर थाना-जखनिया जिला- गाजीपुर (यु०पी०) है। वाहन जांच के क्रम में पिकअप वाहन के डाला में 16 भैंस का बच्चा क्रूरतापूर्वक लोड पाया गया। जिनके बैठने तक का स्थान वाहन में नहीं था और पशु तस्कर इतनी गर्मी के मौसम में क्षमता से अधिक पशुओं को खुले धुप में वाहन में लोडकर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े गये।

स्पीड न्यूज

## पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में चलाया जा रहा है वाहन चेकिंग अभियान

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पत्थलगड्डा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल द्वारा सभी गाड़ियों को रोका जा रहा है और उनकी पूरी तलाशी ली जा रही है। यह अभियान लोकसभा चुनाव को प्रत्यक्ष और पारदर्शी कराने के लिए जिला प्रशासन की मुस्तैदी का हिस्सा है।

## गिद्धौर मुख्य चौक को अतिक्रमण मुक्त कराने की तैयारी

**गिद्धौर।** अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को मुख्य चौक को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर सीमांकन किया जाएगा। अतिक्रमण पाए जाने पर बिना सूचना के ढाँचा ध्वस्त कर दिया जाएगा। गिद्धौर मुख्य चौक में यात्री वाहनों के ठहराव की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। गिद्धौर मुख्य चौक को जाम से मुक्त कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद लोगों को सुविधाओं का अभाव : डॉ अभिषेक

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह ने झारखंड में संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद लोगों को सुविधाओं के अभाव और खनिज संपदाओं के दोहन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने राजनीति में आने का कारण संसाधनों के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकना बताया। डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह ने चतरा संसदीय क्षेत्र में वर्षों से सेवा करते हुए 325 स्वास्थ्य केंद्र लाकर हजारों लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की है। वे लोगों से कर्मयोगी बनने का आह्वान करते हुए उत्कृष्ट राज्य बनाने के उद्देश्य पर बल देते हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र में पैदल यात्रा कर लोगों से अवगत होने पर उन्होंने पाया कि आज भी लोगों को मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उनका मानना है कि चतरा को अब तक मजबूत नेतृत्वकर्ता नहीं मिला है, जिसके कारण क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाया है।

## कस्तुरबा की छात्राओ ने पेंटिंग बनाकर मतदाताओ को किया जागरूक

**चतरा।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परतापूर में मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने किया। छात्राओं ने चुनाव को लेकर विभिन्न प्रकार के चित्र बनाकर मतदाताओं को संदेश दिया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना अधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है। बीडीओ ने कहा कि छात्राओं द्वारा चित्र बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया है और सभी छात्राओं से अपने घर और गाँव में जाकर वोट के महत्व को समझाने और सभी से अपील करने को कहा गया है कि 20 मई को अपने बूथ केंद्र पर जाकर अपना वोट अवश्य डालें।

## बिरहोर टोला में संध्या चौपाल का आयोजन

**चतरा।** जिले के डाढ़ा पंचायत ग्राम सेहदा बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने बिरहोर मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई और उनके मत के अधिकार की जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान करने की अपील की। साथ ही, उन्होंने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 6 बिरहोर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पठन-पाठन किट वितरित किए। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की आदालत ने सुनाई सजा

**10 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया**

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** आपसी विवाद में षडयंत्रकर एक विधवा महिला की हत्या कर लाश छुपाए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी रंजीत कुमार महतो, करौजिया चंदबारा कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। वहीं न्यायालय ने 201 आईपीसी में 2 वर्ष की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 2020 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 90/2020 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला, अविक्ता सुधीर कुमार सिंह व मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त रंजीत कुमार महतो करौजिया, थाना चंदवारा निवासी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वहीं चार अन्य को साक्षय के अभाव में बरी कर दिया।

इसे लेकर अशोक कुशवाहा पिता स्व.हरिशरण ने चंदवारा थाना में एक आवेदन देकर कहा था कि उसका ससुराल चंदवारा के करोंजीया में है। उसका दो साला और एक साली जोपुर में रहते हैं। उन्होंने फोन कर बताया कि उसकी मां मसोमात फुलवा देवी जो करोंजीया में रहती है, से 29 अगस्त 2020 को बात हुई थी उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। तब जाकर उसके द्वारा करौजिया गांव में लोगों को फोन कर पता करने का प्रयास किया। तो ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच दिन से फुलवा देवी को किसी ने नहीं देखा है। तब उसे शक हुआ और उनके द्वारा अपने साले और साली को इसकी सूचना दी। तब उन लोगों ने बताया कि उसके चाचा-चाची से ईन लोगों का जमीन का विवाद चलता आ रहा है। उन लोगों के द्वारा कई बार जान मारने की ‌मकी दिया गया था। उसके बाद वह ग्रामीणों के साथ 03 सितम्बर 2020 को करोंजीया अपने ससुराल पहुंचे तो देखें कि उनके ससुराल का दरवाजा का बाहर से कुंडी लगा हुआ है। फिर कुंडी खोलकर सभी कमरों को देखा तो सास कहीं नहीं नजर आई। इस द्रव्यमान बरामदा पर खून का निशान देखा गया। लीपापोती कर खून को मिटाने का प्रयास किया गया है और बगल के रूम में खून से सना हुआ जूट का बोरा दिखा जो आाा जला हुआ था। वहीं बगल के मिट्टी के घर में खून से पोछा कपड़ा जला हुआ पाया गया। तब उसे शक हुआ कि उसकी सास फुलवा मसोमात का घर में ही हत्या कर शव को कहीं छुपा दिया गया है। इसके बाद अशोक महतो के द्वारा बालेश्वर महतो, रंजीत कुमार महतो, संजय महतो, मंदोदरी देवी, कल्याणी देवी, सहित अन्य लोगों पर उसकी सास की हत्या कर लाश छुपाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया था और आरोपियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

## चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने नामांकन दाखिल किया





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चतरा लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन दाखिल करने के बाद आयोजित जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने महागठबंधन और झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हर हाल में 400 सीटें मिलेंगी। उन्होंने झारखंड की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में खुलेआम बालू, पत्थर और कोयले की लूट हो रही है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की आलोचना करते हुए उन्हें वंशवादी राजनीति का आदर्श उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता महागठबंधन और कल्पना सोरेन को हराकर करारा जवाब देगी। अमर बाउरी ने पूछा है कि संपूर्ण इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कल्पना सोरेन कौन हैं?

## बोलेरो व पिकअप की टक्कर में दर्जनों घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर विंडोमोह मोड़ के समीप बोलेरो व पिकअप के टक्कर में दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला बॉर्डर के अस्थाई चेकनाका को लेकर बरियारडीह स्थित डूमरगढ़हा के समीप स्थापित करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो वाहन व पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बोलेरो चालक डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला निवासी 45 वर्षीय उद्दीन मियां के अलावा लगभग आधा दर्जन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गये।

# लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## नामांकन के पहले दिन 02 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नाम निर्देशन पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होकर 3 मई 2024 तक चलेगी और उम्मीदवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। सुरक्षा के लिए समाहरणालय के 100 मीटर के दायरे में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

नामांकन के दौरान उम्मीदवार के साथ सिर्फ चार लोगों को निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में आने की अनुमति है। पहले दिन 12 उम्मीदवारों ने नामांकन फॉर्म लिए और दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से कालीचरण सिंह और निर्दलीय से अभिषेक कुमार सिंह शामिल हैं। उम्मीदवार 27 और 28 अप्रैल को एनआईए एक्ट के तहत छुट्टी होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं कर सकेंगे। 4 मई को नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी और 6 मई को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान 20 मई 2024 को होगा और मतगणना 4 जून 2024 को होगी। चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल 16,85,462 मतदाता हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद थे।

# प्रखंड के सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों व क्लस्टरों का किया गया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा प्रखंडवार मतदान केंद्रों, क्लस्टर प्वाइंट व इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम पर मूलभूत सुविधाएं, रूट चार्ट, विधि व्यवस्था आदि की जानकारी ली जा रही है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज सतगावां प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय सभागार में सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की एवं सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्रवार मूलभूत सुविाएं, विधि व्यवस्था से संबंधित व अन्य बिंदुओं पर पूरी जानकारी ली।

# झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा

**60 हजार रूपये जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विधवा को शादी का झांसा देकर 5 वर्षों तक यौन शोषण किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी परमेश्वर यादव पिता विष्णु यादव उर्फ शिवम यादव, घरमुंडा जयनगर जिला कोडरमा निवासी को 376 ( आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय ने 30 हजार रूपये जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही 420 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी, साथ ही 30 हजार रूपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2018 का है। इसे लेकर जयनगर थाना कांड संख्या 255/2018 एवं एसटी एसटी एवं 93/2018 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 5 गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराा की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दशरथ यादव ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर भुक्तभोगी महिला ने मामला दर्ज कराया था।

आवेदन में कहा था कि उसके पति की मृत्यु 13 वर्ष पूर्व हो गई थी। पति की मृत्यु के उपरांत उसे उसके बच्चे के परवरिश में काफी परेशानी आ रही थी। जिसकी वजह से वह गांव और आस-पड़ोस में मजदूरी करने लगी। इसी दौरान परसाबाद टेंट हाउस में भी उसे मजदूरी का काम मिला और एक दिन एकांत पाकर उसके साथ परमेश्वर यादव जबरन शारीरिक संबंध बनाया। जब वह विरोध की तो कहा कि तुझसे शादी कर लेंगे, अभी कुंवारा हूं मगर किसी से अभी कहना नहीं। इस प्रकार वह बराबर बुलाता और उसके साथ शारीरिक संबा बनाता, इसी प्रकार हुआ 5 वर्षों तक यौन शोषण करता रहा। एक दिन वह उससे टेंट में पैसे की जरूरत बोलकर 30 हजार रूपये ले लिया और वापस नहीं किया, इसी दौरान वह प्रेग्नेंट भी हो गई। जिसे बाद में वह एक प्राइवेट डॉक्टर से येवोरसन करवा दिया। जब वह शादी के लिए दवाब बनाने लगी तब जाकर वह एक दिन बताया कि वह शादीशुदा है, उसके बच्चे हैं। मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता, लड़की ने दबाव बनायी तो उसे मारपीट कर भगा दिया और कहा जो करना है कर लो। महिला ने आरोपी के विरुद्ध आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

एक नजर में

## जल संकट की समस्या, कई गांवों में जलापूर्ति की स्थिति दयनीय

**चतरा।** जल ही जीवन है और जल ही स्वास्थ्य है, यह नारा सिर्फ भारत का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का है। हंटरगंज प्रखंड में 270 गांव हैं, जिनमें से कई गांवों में जलापूर्ति की स्थिति दयनीय है। जोरी कस्बे में वर्षों पहले लाखों की लागत से बना जलमीनार अब जर्जर हो चुका है। लोहसिंघना, उरैली, कोबना, खुटीकेवाल कला आदि कई गांवों में मिनी जलमीनार से जलापूर्ति बाधित है। पूर्व के वित्तीय वर्षों में निर्मित पेयजल कूप लगभग अस्तित्वहीन हो चुके हैं।प्रखंड के कुछ गांवों को छोड़कर अधिकांश गांवों में सरकारी चापाकल लगाए गए हैं, लेकिन उनमें से 50 प्रतिशत से भी अधिक लंबे समय से खराब पड़े हैं। कुछ गांवों में आपसी विवाद के कारण सरकारी चापानल से जलापूर्ति बाधित है। प्रखंड के दर्जनों सुदूरवर्ती और दुर्गम जंगली और पठारीय क्षेत्र में स्थित गांवों और टोलों में सरकारी पेयजल आपूर्ति की सुविधा बहाल नहीं है। ऐसे गांवों के निवासियों को नदी, नाला और चुआं के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी में प्रखंड के अधिकांश गांवों में जलस्तर काफी नीचे चला जाता है और नदी, तालाब, कुएं सूख जाते हैं। चापाकल भी दम तोड़ने लगते हैं और जल संकट की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वर्तमान वर्ष में गर्मी ने अभी पूरी तरह से दस्तक भी नहीं दी है और नदी, तालाब, कुएं सूखने लगे हैं। जल स्तर तेजी से नीचे गिरने लगा है और लोगों को संभावित जल संकट की चिंता अभी से ही सताने लगी है।

## बोलेरो व स्विफ्ट कार की टक्कर में एक महिला की मौत, पांच लोग गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग स्थित ग्राम डूमरडीहा में एक बोलेरो व स्विफ्ट कार के बीच शुक्रवार की दोपहर आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर होने से गाड़ी पर सवार एक महिला की मौत हो गयी। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मदद के लिए पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मरकच्चो पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल चार व्यक्ति तथा महिला का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घायलों की पहचान गिरिडीह जिला के सीमावर्ती क्षेत्र गोरहंद निवासी अयोया पासवान, प्रकाश पासवान, बिरेंद्र पासवान, पोखराज पासवान, उर्मिला देवी एवं राजेंद्र यादव के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अयोया पासवान समेत चार पुरुष महिंद्रा बोलोरो जेएच02बीएन/5099 से कोडरमा की ओर जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट कार डब्लूबी19एच/9271 से महिला समेत एक अन्य पुरुष मरकच्चो की ओर जा रहे थे, तभी नियंत्रण खोने से दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों गाड़ी में टक्कर नींद आने के कारण से हुआ है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर गस्ती कर रही मरकच्चो पुलिस एसआई विशाल कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनो वाहन को सड़क से किनारे करवाया एवं आवागमन सामान्य करवाया।

## रेल यात्रियों को कोडरमा स्टेशन में पानी के लिए नहीं करना पड़ेगा जद्दोजेहद

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेल में यात्रा कर रहे यात्रियों को अब कोडरमा स्टेशन में पानी के लिए जद्दोजेहद नहीं करना पड़ेगा। बरसों से कोडरमा स्टेशन पर पानी की समस्याओं को लेकर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने लंबे समय से हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक व धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को अवगत कराया जाता रहा था। महाप्रबंधक की ओर से भी आश्वासन दिया जाता रहा कि डीवीसी से वार्ता चल रही है, जल्द ही यात्रियों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी। जो अब यह सपना साकार होता दिख रहा है। रेलवे ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। पेयजलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने से लेकर इंटकवेल तक के निर्माण कार्य की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रेल यात्रियों को अब जल्द ही इसकी सुविधा मिलने वाली है। बताते चलें कि धनबाद रेल मंडल में दूसरा सबसे बड़ा राजस्व देने वाला कोडरमा स्टेशन है और रेलवे ने इसे ए-वन श्रेणी में रखा है। इस कारण कोडरमा स्टेशन का महत्व और भी बढ़ जाता है। हाईटेक स्टेशनों में शुमार कोडरमा स्टेशन में अब तक वह सारी सुविधा यात्रियों को मिल रही थी शिवाय पानी के, मगर यात्रियों की अब वह भी मांगे पुरी होने जा रही है, जल्द ही यात्रियों को स्टेशन के हर नल से शीतल पेयजल उपलब्ध मिलेगा। रेल यात्रियों के साथ-साथ रेल कर्मियों को भी पानी की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के युग को जेईई मेंस में 99.85 परसेंटाइल

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के 12वीं का छात्र युग बडगवे को जेईई मेंस सेकेंड की परीक्षा में 99.85 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है। बता दें कि युग बड़गवे ने कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक सेक्रेड हार्ट स्कूल का नियमित छात्र है। उसने इसी वर्ष कक्षा बारहवीं का परीक्षा भी दिया है। उसने कक्षा दसवीं में 978 प्रतिशत मार्क्स लेकर जिले में टॉप किया था। युग बचपन से पढ़ने में कुशाग्र बुद्धि का छात्र रहा है। इसकी सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बधाई दी और कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने हर परीक्षा में अपनी उपस्थिति का एहसास कराया है। इस विद्यालय में बच्चों के चतुर्दिक विकास पर जोर दिया जाता है। गतिविधि आधारित शिक्षा से बच्चों के अंदर छिपी हर प्रकार की प्रतिभा में निखार ला रही है। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्कूल के लगभग छः छात्रों ने आईआईटी- जेईई 2024 मेंस के फाइनल में बाजी मारी है, जिसमें युग बरगवे, दिव्या कुमारी, शुभम कुमार, शशिकांत मोदी, पियूष कुमार, सुहानी कुमारी, रोहित कुमार वर्मा, शुभम कुमार पांडेय का नाम है। जिसमे युग बरगवे में 99.85 परसेंटाइल लेकर जिले में टॉप किया और राज्य टॉप 5 में अपना स्थान बरकरार रखा। सभी छात्रों एवं उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनायें दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दूसरी ओर युग बरगवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार वह आईआईटी करना चाहता है और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक बड़ा मुकाम हासिल कर अपने माता-पिता, विद्यालय, शहर और जिला का मान बढ़ाना चाहता है। युग ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और समय-समय पर मिलने वाले विद्यालय के सहयोगी को दिया है। उसने इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधक प्रमोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा, सभी शिक्षक के साथ साथ पिता गोपाल कृष्ण बड़गवे और माता सुजाता देवी बडगवे को दिया।

## इंडिया गठबंधन का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिव वाटिका में 28 को

**कोडरमा।** इंडिया गठबांन का लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन 28 अप्रैल को शिव वाटिका झुमरीतिलैया में आयोजित होगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में कोडरमा जिले के हर बूथ से कार्यकर्ता और इंडिया गठबांन के घटक दल राजद, कांग्रेस, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-सीपीएम और प्रगतिशील संगठनों के कार्यकर्ता के अलावे भाकपा माले कैडर और नेता शिरकत करेंगे। झुमरीतिलैया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन जोर शोर से जुटी हुई है। कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर कोडरमा विधानसभा और आसपास के क्षेत्रों में तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, माले के राजानवार के पूर्व विाायक कॉमरेड राजकुमार यादव और इंडिया गठबंधन के समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह मुख्य रूप से सम्मेलन को संबोधित करेंगे। झुमरीतिलैया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने और कार्यकर्ताओं से आकि से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

## स्पीड न्यूज

### डीएवी पब्लिक स्कूल में रेड डे दिवस का हुआ आयोजन



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए रेड डे मनाया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी तथा शिक्षक शिक्षिकाएं लाल रंग के वस्त्र में उपस्थित थे। बच्चों में लाल रंग के पहचानने के साथ जीवन में उसके महत्व को जाना। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने बच्चों को लाल रंग के विषय में बताया तथा उससे संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने रेड डे के महत्व पर जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य बच्चों को लाल रंग की जानकारी देने के साथ उससे सम्बंधित दैनिक जीवन की वस्तुओं को पहचानने का ज्ञान देना था। इस तरह की एक्टिविटीज बेस्ड लर्निंग से बच्चों पर किताबों का बोझ कम होता है और वे खेल खेल में कई सारी बातें सीखते हैं। इस दिवस को सफल बनाने में सुधा कुमारी, मोनिका कुमारी, निशा जयसवाल, छवि कृति, सुप्रिया नायक, प्रज्ञा पल्लवी, हर्षिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### घाघरा में भाजपा के चुनावी कार्यालय का समीर उरांव ने किया उदघाटन



घाघरा। लोकसभा चुनाव के नॉमिनेशन के बाद घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित मंगला मार्केट हॉल में भाजपा के चुनावी कार्यालय का शुक्रवार को उदघाटन किया गया। कार्यालय का उदघाटन लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान समीर उरांव ने कहा हम सभी मोदी के परिवार हैं। हम सभी को मिलकर 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। रणनीति बनाकर सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर आम लोगों से मिलकर भाजपा के पक्ष में वोट डालने का आग्रह करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से भिखारी भगत, प्रदीप प्रसाद, श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, आशीष सोनी, सूचित गोस्वामी, अरुंजय सिंह व राम साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### नवागढ़ पतरा टोली में वाहन ने बाजा बजा रहे 4 लोगों को रौंदा, 1 की मौत

रायडीह। रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ पतरा टोली के समीप शादी समारोह के नेग में बाजा बजा रहे चार लोगों को अज्ञात वाहन रौंदते हुए घटनास्थल से मांझा टोली की ओर फरार हो गया। मौके पर ही सिलम पाकर टोली निवासी 60 वर्षीय छटकू नायक की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने छटकु नायक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गुमला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक गांव में शादी कार्यक्रम था। नेग करने के लिए सभी गाजे बाजे के साथ खेत गये थे। वापसी के क्रम में गुरुवार की रात लगभग 12:00 बजे ढोल नगाड़ा बजाते हुए बाजे वाले आगे आगे चल रहे थे। तभी अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए मांझा टोली की ओर फरार हो गया। घटना की जानकारी पर रात में ही रायडीह थाना के एएसआई जसमुद्दीन अंसारी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। समाजसेवी खुशमन नायक सीलम का मुखिया वीरेंद्र उरांव, संटू नायक ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया।

### बिजली के करंट की चपेट में आने से मिस्त्री घायल, इलाज के दौरान हुई मौत



गुमला। हुसैन नगर में 11 हजार प्रवाहित बिजली करंट की चपेट में आने से खड़िया पाड़ा निवासी 28 वर्षीय प्रदीप खलखो गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार युवक बिजली विभाग में आउटसोर्सिंग पर बहाल है। शुक्रवार को सुबह 8:30 बजे हुसैन नगर पहुंचा और 11 हजार के पोल में चढ़कर खराब तार को ठीक करने लगा। इससे पूर्व मिस्त्री ने विभाग को फोन कर पावर कट कराया। कार्य करने के दौरान ही अचानक बिजली आ गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और सर के बल नीचे जमीन पर गिर गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी और उसका सिर फट गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना का जिम्मेदार बिजली विभाग को बताया है। इधर रिम्स में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

### अनियंत्रित होकर गिरा युवक, घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के बाईपास रोड तर्री जंगल के समीप पुल में अनियंत्रित होकर गिरने से रेडवा सिसई निवासी 28 वर्षीय अमर उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक केराडीह मांझा टोली अपने ससुराल गया था। वही वापसी के क्रम में सड़क से पुल ऊंचा होने व तेज गति के कारण बाइक सहित उछल गया और पुल के नीचे गिर गया। घटना में उसके सर चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी।

### लोंगा के समीप बाईक से अनियंत्रित होकर गिरे दो युवक, दोनों घायल

गुमला। बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोंगा के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मोरेंग लोंगा निवासी 17 वर्षीय करण कुमार और करण साहू है। जानकारी के मुताबिक दोनों छात्र बाइक से कोनवीर घूमने गए थे। वहीं वापसी के क्रम में लोंगा के समीप सामने से आ रहे ट्रक की रोशनी से उनकी आंख चौंधिया गयी और सड़क में गड्ढे को नहीं देख पाए और अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये।

# लोहरदगा : गतिविधि आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता






**लोहरदगा।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक कक्षा के छात्र-छात्राओं के द्वारा विद्यालय के विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में तैयार गतिविधि आधारित प्रदर्शनी लगाया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने सौर मंडल, ज्यामिति आकार, जल स्रोत, पर्यावरण बचाव, दाल के प्रकार एवं फायदे, मोटे अनाज का महत्व, स्थानीय जडी बुटी के उपयोग, बृक्षारोपण, यातायात के साधन सहित विभिन्न गतिविधि आधारित प्रोजेक्ट निर्माण कर प्रदर्शित किया गया। बच्चों में व्यावसायिक गतिविधि में वृद्धि सहित क्षमता निर्माण के निमित्त सुमित्रा टोप्पो एवं नेमहन्ति मिंज के नेतृत्व में विभिन्न स्टॉल लगाया गया। बच्चों ने खुद सामग्री तैयार किया फिर स्टॉल लगाकर बिक्री भी किया। परिणाम स्वरूप बच्चों में लाभ हानि सहित व्यावसायिक जानकारी की वृद्धि हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि बच्चों में प्रतिभाएं छुपी हुई रहती है सिर्फ उन्हें अवसर देने की आवश्यकता है। आज अपने विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए एक से बढ़कर एक मॉडल और चार्ट तैयार किया एवं बेहतर प्रस्तुति प्रदान किया। दूसरी ओर व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत बच्चों ने ब्रेड चाप, आलू चाप, प्याजी, पकौड़ी, छिलका, धुस्का इत्यादि बनाने की जानकारी लिया और स्वयं बनाकर स्टॉल लगाकर बिक्री किया। प्रधानाध्यापक सभी शिक्षक, माता समिति, एस एम सी सदस्य एवं बच्चों ने राशि भुगतान कर सामग्री खरीदा। बच्चों ने लाभ हानि का लेखा जोखा रखा। इससे बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुआ है। संकुल साधन सेवी श्याम कुमार सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि बच्चों ने उम्मीद से ज्यादा बेहतरीन कार्य किया है, शिक्षकों की भुमिका भी सराहनीय रहा हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपस्थित सदस्यों ने विद्यालय परिवार के इस रचनात्मक कार्य के लिए प्रसंशा किया। आयोजन को सफल बनाने में विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहन्ति मिंज, सुमित्रा टोप्पो, सुमन देवी, पुष्पा देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी ने भूमिका निभाया।

# जारी प्रखंड में चरमरायी विद्युत व्यवस्था दिन में 6 से 7 घंटे ही मिल रहा है बिजली

खबर मंत्र संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखण्ड में बीते कई दिनों से बिजली विभाग के लापरवाही के कारण बिजली आपूर्ति चरमरायी हुई है। भीषण तप्ती गर्मी से बिजली की आंख मिचौली से जारी प्रखण्ड के लोग काफी परेशान हैं। छोटे-छोटे बच्चों व स्थानीय व्यापारी को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जारी प्रखण्ड में कब बिजली आएगी या कब जाएगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना दुर्रभर कर दिया है। इसके अलावा बिजली विभाग के द्वार कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। दुकानदारों का कहना है कि हमेशा बिजली कटौती के कारण दुकान में बैठना मुश्किल हो गया है। दिन भर में 6 से 7 घंटे ही प्रखंड में बिजली आपूर्ति हो रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में प्रतिदिन ग्रामीणों को काई बार अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमश मौसम में सभी को परेशान करके रखा है। रात के वक्त लो वोल्टेज के करण कूलर व पंखा भी काम करना बंद कर देते हैं। बिजली संचलित उपकरण शोभा की वास्तु बनकर रह गई है। ग्रामीण कार्य करने के लिए प्रखण्ड आते हैं तो बिजली के कटौती से परेशान हो जाते हैं घंटों तक इंतजार करना पड़ता है कभी-कभी तो वापस घर जाना पड़ता है।

## क्षेत्र के विकास व विकसित भारत के निर्माण के लिए भाजपा को वोट दे : समीर उरांव

भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव विशुनपुर विधानसभा के सरांगो नवाटोली सहित कई गांवों का दौरा किया

खबर मन्त्र संवाददाता



दौरे के क्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते समीर उरांव।

**गुमला।** भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने शुक्रवार को विशुनपुर विधानसभा के सरांगो नवाटोली सहित कई गांवों का दौरा किया। दौरे के क्रम में उरांव ग्रामीणों से मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि भारत को विश्व गुरू बनाना है तो ग्रामीणों को एक बार फिर कमल फुल छाप में बटन दबाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति की और है। वहीं केंद्र की भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर गरीब अन्न कल्याण योजना, आवास योजना, आयुष्मान योजना, किसानों को किसान समृद्धि योजना सहित कई चीजों का लाभ दे रही है। उरांव ने कहा कि अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को विशेष रूप से आयुष्मान से जोड़ा जाएगा। उरांव ने कहा कि क्षेत्र के विकास व विकसित भारत के निर्माण के लिए ग्रामीणों को एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की जरूरत है। दौरे के क्रम में समीर उरांव ने क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसका समाधान का अश्वासन दिया।

# दो उम्मीदवारों का नामांकन पत्र हुआ रद्द, मैदान में अब बचे 15 उम्मीदवार

25 अप्रैल तक हुए अंतिम नामांकन तिथि तक लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया था

स्क्रुटनी के बाद ललित उरांव व एतवा उरांव का नामांकन पत्र किया गया रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता




**गुमला।** लोहरदगा संसदीय सीट से उम्मीदवारों के द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी शुक्रवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने की। स्क्रुटनी के दौरान दो उम्मीदवारों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। नामांकन रद्द होने वाले उम्मीदवारों में ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी) व एतवा उरांव (स्वतंत्र) शामिल हैं। 25 अप्रैल तक हुए अंतिम नामांकन तिथि तक लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन कराया था। इसमें से दो उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के बाद अब चुनावी समर में 15 उम्मीदवार बचे हैं। नामांकन कोषांग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दाखिल पर्चा में दी गई। जानकारी में कमी पाए जाने के कारण नियमानुसार नामांकन को रद्द कर दिया गया है। लोहरदगा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन व स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब 29 अप्रैल को नामांकन कराए उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। जिसके पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। स्क्रुटनी के बाद महेंद्र उरांव (भाकपा पार्टी), मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), स्टेफन किंडो (स्वतंत्र), बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया), सनिया उरांव (स्वतंत्र), पवन तिग्गा (स्वतंत्र), मरियानूस तिग्गा (भारत आदिवासी पार्टी), समीर उरांव (बीजेपी), रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी), चमरा लिंडा (स्वतंत्र), गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), अर्जुन टोप्पो (आजाद समाज पार्टी), सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी), अर्पण देव भगत (स्वतंत्र) व रंजीत भगत उम्मीदवार बचे हैं।

### बरटंगरा गांव में शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न



**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के फसिया पंचायत गांव के ढोढरी टोली बरटंगरा गांव में शुक्रवार को पूरे विधि विधान से शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह पुरोहितों के द्वारा सुबह कलश स्थापित किया गया। जिसके बाद पूजा की विधि आरंभ की गई। कार्यक्रम में शिव शंकर दास, बलराम दास, धनवान गोप, महावीर गोप, सचिन सिंह, रवि सिंह, गुलाब सिंह, गुललु, करमा लोहरा, बृजराम, नगु साहु, बसंत प्रजापति, संजय शर्मा, रण प्रताप सिंह, चरक सिंह, पवन दास, मणिलाल साहु, गोवर्धन साहु और समस्त नगरवासी, देवकी देवी आदि उपस्थित थी।

## संविधान बचाने के लिए जनता के बीच जाना होगा: सुखदेव

स्क्रुटनी प्रक्रिया के बाद कांग्रेसियों से प्रत्याशी ने की चुनाव पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के लिए स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूर्ण होते ही महागठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत ने गुमला विधानसभा प्रभारी रमेश कुमार चीनी, पीसीसी डेलिकेट राजनील तिग्गा, नगर परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष दीपनारायण उरांव के साथ शुक्रवार को चुनाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए जनता के बीच जाना होगा। लगातार प्रचार करना होगा। कांग्रेस की सरकार बने इसके लिए राहुल गांधी के संदेश को घर घर पहुचाना है। रमेश चीनी ने कहा कि जनता का जनाधार गठबंधन के साथ है। नामांकन सभा के शक्ति प्रदर्शन के बाद विरोधी दल भी घबरा गई है। इसबार जीत तय है। चूंकि जनता के सामने भाजपा का चेहरा बेनकाब हो चुका है। जनता को विश्वास है कि कांग्रेस का हाथ ही आमजनों के साथ है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि उनके गुमला, रायडीह, डुमरी और चैनपुर के जनसंपर्क के दौरान भी जनता का भरोसा गठबंधन के पक्ष में दिखा है। मौके पर मौजूद आलोक साहू, अकील रहमान, गुलाम सरवर, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता व अमर प्रदीप ने भी तन मन से चुनावी प्रचार में जुटने का भरोसा दिलाया।

### कुत्ते को बचाने के चक्कर में पलटा ऑटो, 1 की मौत

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना अंतर्गत शहरी क्षेत्र के मैना बगीचा के पास सड़क दुर्घटना में टंडवा चतरा निवासी कामेश्वर यादव की मौत हो गयी। कैटरिंग के काम के लिए मारवाड़ी धर्मशाला आए हुए थे। रात को करीब 2 बजे काम खत्म कर धर्मशाला से कोर्ट रोड की ओर ऑटो से जा रहे थे। इसी दौरान मैना बगीचा के समीप आवारा कुत्ते को बचाने के क्रम में ऑटो पलट गई और कामेश्वर ऑटो के नीचे दब गए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप आगे की करवाई में जुट गई।

### एवीबीपी द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा जिला द्वारा शुक्रवार को स्थान मंजूर मति हाई स्कूल में मतदाता जागरूक अभियान को लेकर बैठक हुई। मौके पर एवीबीपी के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन का हम सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला भर में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान को लेकर जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही मतदाता जागरण का पोस्टर विमोचन किया गया। विभाग संयोजक अंकित कुमार ने कहा कि वोट देना हमारा अधिकार है, इसलिए पहले मतदान फिर जलपान। मौके पर जिला प्रमुख छवि सिंह, नगर अध्यक्ष मनोज्ञ पांडे, नगर उपाध्यक्ष रामविलास सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहित नायक, अभिषेक कुमार साहू, अमनादियो पांडे, अभिनव कुमार, प्रिंश कुमार, पधुम पांडे, श्याम साहू आदि लोग उपस्थित थे।

### गुमला : कार व बाइक में हुई टक्कर, एक की मौत

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के टोटो थाना क्षेत्र के छोटा लोरो के समीप कार व बाइक की भीषण टक्कर में दसई टोली नवाडीह निवासी 40 वर्षीय चंदर उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में कार चालक लोहरदगा निवासी रामाशीष शर्मा को इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई। जबकि चंदर का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहीं शुक्रवार की अपराह्न इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चंदर उरांव अपने बाइक में सवार होकर गुमला की ओर आ रहा था। इसी बीच टोटो पेट्रोल पंप छोटा लोरो के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रक से पास लेकर निकलने के दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाराती बोलेरो वाहन से भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक व कार दोनों के फरखच्चे उड़ गए।

## देशी कट्टा और गोली के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के बगडू थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गुप्त सूचना के आधार पर बगडू थाना क्षेत्र के निरहू गांव से दुपट्टा चौक निवासी स्व सुरेश तिर्की के पुत्र विकास तिर्की पिता को एक देशी कट्टा और तीन गोली के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक निरहू में अपने ससुराल आया हुआ था। बगडू थाना प्रभारी बारिश हुसैन ने बताया की गुप्त सूचना मिलीं थी कि एक युवक देशी कट्टा के साथ निरहू गांव में घूम रहा है इसी सूचना पर करवाई करते हुए युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## मतदाता पर्ची वितरण को लेकर बीडीओ ने बीएलओ संग की बैठक

चुनाव के पांच दिन पूर्व लोगों को घर पर मिले मतदाता पर्ची

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी बीएलओ, सुपरवाइजर की समीक्षा बैठक हुई। मौके पर बीडीओ ने मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा की तैयारी के संबंध में बारी-बारी से फीड बैक लिया तथा संबंधित बीएलओ को कई निर्देश दिए। बीडीओ ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि चुनाव के 5 दिन पूर्व सभी मतदाता पर्ची का घर-घर वितरण करना सुनिश्चित करें। जो बीएलओ अपने क्षेत्र में मतदाता पर्ची का वितरण स-समय नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि मतदाता पर्ची का सत्यापन आंगनवाड़ी सेविका से कराना सुनिश्चित करें। वितरण में अनियमितता पाये जाने पर सुपरवाइजर पर भी करवाई की जा सकती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला : नाली की स्वीकृति कहीं और निर्माण कहीं और

मामला घाटो बगीचा में नया नाली बनना था, संवेदक ने पुराने में ही ईंट जोड़कर कार्य कर दिया पूरा

>> विभाग के इंजीनियर भी नाली निर्माण कार्य की जांच करने नहीं पहुंचे, विभागीय लीपापोती से योजना के गुणवत्ता पर उठ रहा है प्रश्न चिह्न

खबर मंत्र संवाददाता



पुराने नाली पर ही संवेदक ने ईंट जोड़कर बना दिया नया नाली।

**गुमला।** गुमला शहर में विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी नगर परिषद विभाग की है। लेकिन योजनाओं को हेरा फेरी कर उसे बिना किसी गुणवत्ता के धरातल पर उतारकर कोरम पूरा किया जा रहा है। शहर के घाटो बगीचा में कब्रिस्तान के सामने नाली का नया निर्माण किया जाना है। जिसमें संवेदक पुराने नाली के ही उपर ईंट जोड़कर नाली का निर्माण कार्य कर रहा है और कार्य भी अब पूर्ण होने वाली है। नाली निर्माण की योजना की स्वीकृति घाटो बगीचा के दूसरे गली में थी। जिसे संवेदक, विभाग के इंजीनियर ने मिलकर दूसरे स्थान पर बना दिया है। वास्तव में नाली का निर्माण कार्य की स्वीकृति नगर परिषद बोर्ड की बैठक में वर्ष 2023 में हुआ था। नाली का निर्माण मोती लाल साहु के घर से बलराम साहु के घर तक करना था। लेकिन टेंडर होने के बाद कई महीनों तक संवेदक ने नाली का निर्माण नहीं किया और बिना विभागीय परमिशन के इंजीनियर के साथ मिलकर कुछ महीनों बाद उसी नाली का निर्माण घाटो बगीचा के कब्रिस्तान के सामने वाले रास्ते में कर दिया। नाली का निर्माण कार्य नये सिरे से करना था। जबकि संवेदक अपनी जेब गर्म करने के लिए पुराने नाली पर ही ईंट जोड़कर निम्रझा कार्य आरंभ कर दिया और अब काम भी खत्म होने के कगार पर है। जिस गली पर नाली निर्माण की स्वीकृति मिली थी वहां नाली का पानी सड़क के उपर बह रहा है। लेकिन संवेदक अपने लाभ के लिए पारित स्थल से ही नाली का निर्माण न कराकर दूसरे गली में कर रहा है। इस बात से यह साबित हो गया कि विभागीय मिली भगत से संवेदक योजनाओं के चयन स्थल पर हेरा फेरी करने में कामयाब हो रहे हैं।

# कैरो : प्रकृति पर्व सरहुल हुआ संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता



फूल और चावल बांटते पाहन पुजार।

**कैरो।** पूरे देश और दुनिया में झारखण्ड की संस्कृति, रीति-रिवाज, भेषभूषा और खान पान का अपना एक अलग ही महत्व होता है। इसी क्रम में सरना सनातन धर्म मानने वालों में प्रकृति पर्व सरहुल का भी अपना एक अलग ही महत्व होता है और इस त्योहार में बड़ा ही उल्लास और नियम तय किया गया है। इसी के अनुसार प्रखंड के खरता में सरहुल के बाद पहान, पुजार, महतो सहित गांव के महिला पुरुष एक घड़ा में जल भरकर उसे पूरे गांव में गिराते हुए हर घर में बारी बारी से जाते हैं, और जिसके घरों में जाते हैं, वहां सुबह हो दिन हो या रात का समय हो उस परिवार की महिलाओं द्वारा पहान पुजार को पहले से रखे पानी से नहलाया जाता है जिसके बाद विधिवत तेल सिंदूर लगाकर पूजा अर्चना किया जाता है। फिर पहान पुजार द्वारा उस घर की महिलाओं के आंचल में चावल व फूल दिया जाता है। इस तरह सरहुल होना माना जाता है। पहान जयमंगल मुंडा ने बताया कि यह रिवाज वर्षो से चला आ रहा है और इसमें पूरे गांव में बहुत ही उत्साह के साथ स्वागत किया जाता है साथ में ग्रामीणों द्वारा उचित पुरस्कार भी देने का रिवाज है जिसके तहत, चावल, मिठाई, पैसा इत्यादि सामिल होता है। इस तरह तीन दिनों तक यह कार्यक्रम होने के बाद उस सूप को झखरा स्थल में स्थापित करने के बाद ही गांव में खेती बाड़ी का काम प्रारम्भ होता है। इस मौके पर पहान जयमंगल मुंडा, पुजार मांगे उरांव, महतो त्रिदेव उरांव, कर्मबीर महली, मुन्नी उरांव, सुनीता उरांव, बैजू मुंडा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर शुक्रवार को मोटरसायकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजा कुरैशी 20वर्ष पिता एजाजुल कुरैशी कुरैशी मोहल्ला बालूमाथ निवासी अपने मोटरसायकिल से गोबरीटोला बालूमाथ जा रहा था ।इसी दौरान गोबरीटोला ग्राम के पास ठोकर में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट आयी है जिस वजह से वह कोमा में चला गया है।

### अवैध रूप से रेलवे ई टिकट का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा : ओमप्रकाश

**बरवाडीह।** बरवाडीह आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार को रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से बरवाडीह के विभिन्न प्रज्ञा केंद्रों में छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने दुकानों के साथ-साथ लैपटॉप कंप्यूटर वगैरा की जांच की। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि प्रज्ञा केंद्रों में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है, लेकिन कई संचालक इसकी आड़ में अवैध तरीके से रेलवे ई-टिकट का कारोबार करते है। वहीं कई लोग पर्सनल आईडी से भी टिकट का कारोबार करते है जिन्हें किसी भी हाल में बक्शा नहीं जायेगा। इसी को लेकर सभी प्रज्ञा केंद्रों में टिकट बुकिंग की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### माइनिंग पेपर फेल होने के कारण कोयला लदे दो ट्रक धराये


पकड़ा गया ट्रक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ वन विभाग की टीम ने माइनिंग चलान (डीएमओ पेपर) की समयावधि फेल होने के बाद भी कोयला का परिवहन करते हुए दो ट्रकों को पकड़ने में सफलता प्राप्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता ने बताया की गुरुवार की देर रात बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी से कोयला लेकर जा रहे ट्रक संख्या एनएल डी1के7714 एवं जेएच01सीएफ4775 का माइनिंग चलान फेल होने के बाद भी कोयला का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिसमें से ट्रक संख्या एनएल डी1के7714 को मगध कॉलोनी से खलारी रूट की ओर जाना था लेकिन वह बालूमाथ रूट से बंगाल की ओर जा रहा था। फिलहाल दोनों ट्रकों को जब्त करते हुए बालूमाथ वन विभाग कार्यालय में लगा दिया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है दोषी पाए जाने पर मामले पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### पांच मुद्दों के लेकर चुनाव लडेंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि


कार्यकर्ताओ से मुलकात करते पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि।

**सरयू।** चुनावी मुद्दाओं को लेकर शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि सरयू पहुंचे। नागमणिक का गर्मजोशी के साथ कार्यकताओं ने स्वागत किया। साथ ही लोगो ने बारी-बारी से अपने परिचय दिया। वही पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने बताया कि पांच अहम मुद्दों को लेकर चतरा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ने का दावा पेश किया है। वही नागमणि ने आगे बताया कि हम उन्हीं का खून से पैदा लिया हूं मैं उस खून का कसम खाकर कहता हूं में पांच मुद्दों पर चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के जनता का आशिर्वाद रहेगा तो क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। मौके पर शौकत अली, विरेन्द्र प्रसाद, ग्यास खान, कार्तिक उरांव, मुस्लिम अंसारी, साबिर अंसारी, खुर्शीद शाह, रामनंदन नायक, महबुल्ला अंसारी, नब्बू अंसारी, असगर अली, खादिम रसूल, जुम्मन अंसारी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाइक-टैंकर की टक्कर में बाइक सवार हुआ घायल

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पतकी पिकेट के समीप एक टैंकर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल हो गया। घायल की पहचान मनिका निवासी धीरेंद्र ठाकुर के रूप में हुए हैं। घायल श्री ठाकुर ने बताया कि वह अपने बाइक से मनिका होते हुए लातेहार आ रहे थे। इसी दौरान विपरित दिशा से आ रही एक टैंकर ने उन्हें सीआरपीएफ के पतकी पिकेट के समीप जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हालांकि हेलमेट पहने हुए होने को कारण उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलते ही पिकेट के सीआरपीएफ जवानों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर सुनील कुमार कांडुलना ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर ने बताया कि फिलहाल घायल युवक खतरे से बाहर हैं।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 27 अप्रैल को

➲ लोक अदालत में ना कोई पक्ष जीतता है ना हारता है: पीडीजे

**लातेहार।** लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां दोनों पक्षकारों की सिर्फ जीत होती है ना कोई पक्ष हारता है और ना किसी भी पक्षकार को कोई क्षति होती है। उक्त बातें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कही। आगामी 27 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के संबंध में श्री सिंह ने कहा कि झालसा के निदेर्शानुसार यह आयोजन 27 अप्रैल को निर्धारित है, जिसमें मुख्यत: चेक बाउंस से संबंधित सभी प्रकार के मामले एवं बिजली से संबंधित तमाम प्रकार के वादों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा।

**अधिक से अधिक वादों का निष्पादन का लक्ष्य है: उपाध्याय**

लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने कहा है कि 27 अप्रैल को आयोजित इस विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित अधिक से अधिक वादों का निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अधिवक्ता संघ के तमाम सदस्यों, जिले के प्रबुद्ध नागरिकों एवं कार्यपालिका के अधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है। श्रीमती उपाध्याय ने इस महती आयोजन का लाभ जिला वासियों से उठाने की अपील किया है।

---

डीसी एवं एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में अधिसूचना जारी होने के संदर्भ में किया गया प्रेस वार्ता

# लातेहार के दो विस क्षेत्र में है कुल 5,65,854 मतदाता

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत जिले मे अधिसूचना जारी होने के संदर्भ में समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार में पांचवे चरण में मतदान किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। चतरा लोक सभा क्षेत्र मे गजट अधिसूचना की तिथि 26.04.2024, नामांकण की अंतिम तिथि 03.05.2024 है। स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 04.05.2024, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06.05.2024 है। मतदान 20.05.2024 है। मतगणना की तिथि 04.06.2024 निर्धारित की गयी है। जिले में आज से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 03 मई तक का समय होगा। 03 मई तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर) नाम निर्देशन किए जाएंगे। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि दिनांक 26.04.2024 तक लातेहार जिला अन्तर्गत दो विधान सभा क्षेत्र में कुल 565854 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 73 मनिका विधान सभा अन्तर्गत 259652 एवं 74 लातेहार विधान सभा अन्तर्गत 306202 है। जिसमें पुरुष 2,85,299 एवं महिला वोटरों की संख्या 2,80,555 एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स 25263 मतदाताओं की संख्या है। जिले में कुल 679 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। सभी मतदान केंद्रों पर गर्मी को देखते हुए पेयजल, ओआरएस व अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। मेडिकल प्लान बनाया जा रहा है। साथ ही मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मी को फॉर्म 12 के जरिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा।

### चुनाव में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिश प्रशासन रहेगी अलर्ट



प्रेस वार्ता करते डीसी व एसपी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का पालन हो एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा इसपर ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी चुनाव शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्य पदाधिकारी, विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

देश को कॉपोरेंट हाथ के हाथों में जाने से बचाने की लड़ाई है यह चुनावः केएन त्रिपाठी

## इंडी उम्मीदवार के एन त्रिपाठी ने गठबंधन दल के कार्यकताओं के साथ की बैठक

➲ आगामी लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर बनाई गई रणनीति


बैठक करते केएन त्रिपाठी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा स्थित इंदिरा गांधी चौक के समीप होटल मयूर परिसर में शुक्रवार की दोपहर बाद इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी ने गठबंधन दल के कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान व संचालन राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने की। बैठक में गठबंधन दल के कार्यकताओं ने उम्मीदवार केएन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर गहन मंथन किया। बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, झामुमो केंद्रीय सदस्य दीपू सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक ने कहा कि यह लड़ाई मात्र चुनावी जंग नहीं बल्कि एक विचारधारा के विरुद्ध संविधान बचाने की है। इसलिए गठबंधन दल के नेता व कार्यकर्ता अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने में कोई कोर कसर न छोड़ें। वहीं इंडी गठबंधन दल के उम्मीदवार केंद्र त्रिपाठी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव दो विचारधारा के बीच की लड़ाई है। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आयी है देश कॉरपोरेट घरानों के गुलामी की ओर बढ़ रही है। इस लोक सभा चुनाव में जीत दर्ज कर देश के विकास को नई दिशा देना है। इन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र के विकास के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि मैं पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में आया आया हूँ व क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का रूप रेखा तैयार है। मैं चुनाव में जीत दर्ज किया तो विकास की नई गाथा चतरा संसदीय क्षेत्र में लिखी जाएगी। इसके पूर्व चंदवा में खुले गठबंधन दल के कार्यालय में फीता काटकर प्रवेश किया गया। तत्पश्चात कार्यकताओं ने गठबंधन दल के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का माला पहनाकर स्वागत किया।

मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आफताब आलम, साजन कुमार, लाडले खान, रीगन कुमार, प्रशांत जायसवाल, सत्येंद्र यादव, लखन जायसवाल, संजय दुबे, जितेंद्र सिंह, अजित श्रीवास्तव, हरि भगत, मोफिल खान, बाबर खान, शैलेश सिंह, संतोष साहू, विपिन तिवारी, अंशु तिवारी समेत काफी संख्या में गठबंधन कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

खस्ताहाल रास्तों में जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं लोग

## वाहन चालकों को यात्रियों की जान की नहीं है कोई परवाह


यात्रियों से भरा सवारी वाहन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के मंडल-मोरवाई बरवाडीह एवं लात-छिपादोहर-बरवाडीह के साथ चपरी - छेंचा- पुटुवागढ़ मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर यात्रा करने से लोग नहीं हिचकिचा रहे हैं। चार पहिया सवारी वाहन चालकों को भी यात्रियों के जान की कोई परवाह नहीं है। इन मार्गों पर हर रोज यह स्थिती दिन भर देखी जा रही है। जहां यात्रियों को भरकर जीप, मैजिक व सवारी गाडियां खस्ताहाल सड़को पर फराटें भरती हुई दौड़ रही हैं। बरवाडीह से कुटमु- दुबियाखाड़ डालटनगंज एवं छिपादोहर मार्ग पर चल रहे ऑटो चालक भी मनमानी तरीके से सवारियां भर रहें हैं। जर्जर सड़को पर ओवरलोड वाहनों के परिचालन होने के बावजूद पुलिस प्रशासन भी मूकदर्शक बना हुआ है, तथा लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को विवश हैं।

**प्रशासन को उठाने होंगे कड़े कदम**

बताते चलें कि इनमें से कई सड़को की स्थिति इतनी भयावह है कि कब कोई अनहोनी दुर्घटना घट जाए कहा नहीं जा सकता है। बावजूद इसके लोग जल्दबाजी के चक्कर में जीप व सवारी गाड़ियों की छतों पर बैठकर व ऑटो व मैजिक में लटक कर यात्रा करने को तैयार रहते हैं। इस मार्ग पर कई बार गंभीर हादसे हुए हैं, लेकिन वाहन चालकों ने इससे सबक नहीं लिया है। पैसे कमाने के चक्कर में अपने साथ-साथ यात्रियों व छोटे- छोटे बच्चों की जान के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। खास बात यह है कि यातायात और सुरक्षा के नियमों की अनदेखी कर लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं, और बरवाडीह प्रखण्ड प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

---

## सैकड़ो भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा प्रत्याशी के नॉमिनेशन में लिया भाग


मौके पर मौजूद कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नॉमिनेशन कार्यक्रम में बालूमाथ से सैकड़ो कार्यकर्ताओ का जत्था चतरा के लिए रवाना हुआ। मौके पर जानकारी देते भाजपा नेता रामकुमार गुप्ता ने बताया कि नॉमिनेशन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 100 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की व्यवस्था किया गया था। जिसमे बालूमाथ प्रखंड के सभी 13 पंचायत को आठ-आठ वाहन दिया गया था। इसके अलावा कई कार्यकर्ता अपने निजी वाहन से भी कार्यक्रम में भाग लिया। आगे उन्होंने बताया कि पीएम मोदी द्वारा दिये गए नारा अबकी बार 400 पार को पूरा करने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता प्रयासरत है। भाजपा ने जिस तरह स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देकर स्थानीय लोगो के भावनाओं का ख्याल रखा है। भाजपा प्रत्याशी पांच लाख से अधिक मतो से विजयी होंगे। मौके पर भाजपा नेता प्रेम गुप्ता,कृष्णा यादव,शैलेश सिंह,संजीव सिन्हा, रवि सिंह, अखिलेश भोक्ता, सूरज शाह, दिनेश साव, विजय यादव, प्रकाश सिन्हा, अमित गुप्ता, गोलू साव, ज्योति सिन्हा, लछ्मन कुशवाहा, परमेश पांडे, पंकज सिन्हा, आशीष कुमार, उदउपेंद्र रंगीला, ईश्वर लाल, कैलाश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

---

## जिला पशुपालन पदाधिकारी के निर्देश पर टीम ने किया कई पोल्ट्री फार्म का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड पशुपालन टीम ने तरवाड़ीह और धनकारा पंचायत के कई पोल्ट्री फार्म का दौरा किया। टीम मे वेटरनरी सर्जन डॉ रविनंदन कुमार, प्रखंड पशुपालन पदा. हरेंद्र पाल भगत , कर्मी विनोद कुमार और पोलोस कुजूर शामिल थे। मौके पर वेटरनरी सर्जन डॉ रवि नंदन ने बताया कि बर्ड फ्लू के संभावित खतरा को देखते हुए जिले के कई पंचायत का दौरा कर विभिन्न पोल्ट्री फार्म से मुर्गियों का सैंपल इकट्ठा कर रांची जांच के लिए भेज दिया गया। सैंपल इकट्ठा करने के दौरान टीम के द्वारा पूरी सावधानी बरती गई। वही पोल्ट्री फार्म के संचालकों को बर्ड फ्लू से निपटने और इसके रोकथाम से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा बर्ड फ्लू की आशंका मिलने पर मृत पक्षी को जमीन से चार फीट नीचे गड्ढा कर दबाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा तत्काल इसकी सूचना रैपिड रिस्पांस टीम को देने की बात कहीं गई। वही पोल्ट्री फार्म से निकलने वाले वेस्टेज को खुले में नहीं फेंकने की सलाह दी गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन के चार दुकानों में भी जांच कर दुकान को साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।


जांच करती टीम।

---

टोरी रेलवे फाटक पर कई बार लगा भारी जाम, लोग रहे परेशान

## भारी जाम की स्थिति, यातायात व्यवस्था दिखी नदारत

खबर मन्त्र संवाददाता


फाटक में जाम में फंसे लोग।

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंवशन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक पर शुक्रवार को लोग भारी जाम से परेशान रहे। अहले सुबह लगभग 6 बजे, 9 बजे व दोपहर में भी कई बार रेलवे फाटक पर भारी जाम की समस्या से लोगो को दो-चार होना पड़ा। जाम के दौरान फाटक के दोनो छोर पर सैकड़ो की संख्या में छोटी-बड़ी व भारी वाहन फंसे रहे, रेलवे फाटक पर यातायात सुव्यवस्थित करने को लेकर कोई प्रबंध नहीं रहने के कारण वाहन चालक आपाधापी में वाहनों को जैसे तैसे खड़ी कर दिए थे। फाटक खुलने के बाद आपाधापी में पहले रेलवे फाटक पार करने के चक्कर मे दोनो छोर के वाहन आमने-सामने हो गए व जाम में फंस गए। उतरी छोर का जाम श्री राम चौक तो दक्षिणी छोर का जाम सुभाष चौक तक पहुंच गया था। जिसे नियंत्रण करने के लिए न तो रेल प्रशासन और न ही स्थानीय प्रशासन मौजूद थी, जिस कारण वाहन चालक एक दूसरे से भिड़ते भी नजर आए। जाम में कई स्कूली विद्यार्थी फस गए थे जिन्हें भी विद्यालय पहुंचने में देर हो गई। स्थानीय लोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि रेल प्रशासन के मनमानी रवैया, राजनीतिक व प्रशासनिक उदासीनता का दंश चंदवावासियों को झेलना पड़ रहा है। टोरी जंक्शन तीन-तीन रेलखंड बरकाकाना-बरवाडीह, टोरी-बीराटोली-शिवपुर व टोरी-रांची भाया लोहरदगा रेल खंड को जोड़ती है। जिस कारण टोरी में 10 रेलवे ट्रैक बिछा हुआ है। ऐसे में मिनट-दर-मिनट मालवाहक व यात्री ट्रेनों का परिचालन होता है व चंद मिनटों के अंतराल में रेलवे फाटक बंद होती है। फाटक बंद होने की अवधि 15 मिनट से लेकर 30 मिनट और कभी कभी एक घण्टे तक की भी होती है। ऐसे में चंदवा प्रखण्ड की लगभग डेढ़ लाख की आबादी समेत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर आवा गमन करने वाले लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

---

## लापता सहायक पुलिस कर्मी के घर पहुंची पुलिस, किया पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता


परिवार के घर जांच करते पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के राजगुरु ग्राम निवासी बालूमाथ थाना मे कार्यरत सहायक पुलिस कर्मी लापता जयराम साव के घर बालूमाथ पुलिस संत देव व संजय चौधरी राजगुरु पहुंच कर परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ किया। 8 अप्रैल से लापता बालूमाथ मे कार्यरत सहायक पुलिस जयराम साव लापता है। जिसको लेकर परिजन बालूमाथ थाना मे आवेदन दिया। पीड़ित परिवार हरिनारायण साव, आदित्य साव, श्रीराम कुमार, रंजन कुमार, सूरज साव, हरिदर्शन साव व ग्रामीण मुकेश साव उर्फ फ्लेन्दर साव, तेजनारायण साव, ग्राम प्रधान अर्जुन साव, निरंजन कुमार, गजधार कुमार सहित अन्य ग्रामीणों से जानकारी लिया गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया की ड्यूटी के लिए घर से निकला था। तबियत खराब होने की बात कहकर फोन किया था उसके बाद से फोन स्विच ऑफ बता रहा है। पुलिस की मदद से काफी खोज बिन की गई परंतु अब तक कोई सुराग नहीं मिलने से काफी परेशान है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। ग्रामीणों ने पुलिस से अविलम्ब मामले को उदभेदन करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया की बालूमाथ मे जयराम के एक जान पहचान के घर से बैग और हेड फोन भी मिला था। पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है।

# लोकसभा चुनाव : बिहार में दूसरे चरण के चुनाव में 59 प्रतिशत मतदान

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** राज्य में भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हो गया। दूसरे चरण में बिहार की पांच सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका सीट पर सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हुई। शाम छह बजे तक पांचों सीटों पर 58.80 प्रतिशत मतदान हुआ।

किशनगंज में 64 प्रतिशत, कटिहार में 64.60 प्रतिशत और भागलपुर में सबसे कम 51 प्रतिशत मतदान हुआ। बांका में 54 प्रतिशत और पूर्णिया में 59.94 प्रतिशत मतदान हुआ।

भागलपुर और किशनगंज में 12-12 , बांका में 10, कटिहार में नौ और पूर्णिया में सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। किशनगंज में राजग से मुजाहिद आलम और महागठबंधन से मोहम्मद जावेद प्रत्याशी हैं। कटिहार में एनडीए से दुलालचंद गोस्वामी और महागठबंधन से तारिक अनवर उम्मीदवार हैं।

पूर्णिया में एनडीए से संतोष कुशवाहा और महागठबंधन से बीमा भारती के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

भागलपुर में एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल और महागठबंधन से अजीत शर्मा जबकि बांका में एनडीए से गिरिधारी यादव और महागठबंधन से जय प्रकाश नारायण यादव का किस्मत ईवीएम में कैद हो गया है।

कहां कितनी हुई वोटिंग

| लोकसभा क्षेत्र | आज पड़े वोट | 2019 की स्थिति |
|---|---|---|
| किशनगंज | 64.00 प्रतिशत | 66.35 प्रतिशत |
| कटिहार | 64.06 प्रतिशत | 67.62 प्रतिशत |
| पूर्णिया | 59.94 प्रतिशत | 65.37 प्रतिशत |
| भागलपुर | 51.00 प्रतिशत | 57.17 प्रतिशत |
| बांका | 54.00 प्रतिशत | 58.60 प्रतिशत |
| कुल | 58.58 प्रतिशत | 62.92 प्रतिशत |

## वाहन जांच के दौरान निगरानी दल ने जब्त किये लाखों रुपए

एजेंसी

**सहरसा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थलों पर बनाए गए चेक पोस्टों पर चल रहे सघन वाहन जांच के दौरान स्थैतिक निगरानी दल हुसैनचक 76 सिमरी बख्तियारपुर चेक पोस्ट पर गौतम कुमार पिता अरविंद कुमार यादव सलखुआ थाना के इटहरी ग्राम निवासी कि स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच के द्वारा कुल 1,99,500 एक लाख निन्यानवे हजार पांच सौ नगद राशि पाई गई ।

जब्त राशि के संबंध में जांच स्थल पर कोई संतोषप्रद प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्थैतिक निगरानी दल के दंडाधिकारी सूरज कुमार एवं उड़नदस्ता दल के दंडाधिकारी शुभम वर्मा द्वारा राशि जब्ती की कार्यवाही की गई एवं संबंधित थाना अध्यक्ष सिमरीबख्तियारपुर के एसएचओ को राशि सुपुर्द कर दिया गया।

निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह राज्य कर संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के अक्षरशः अनुपालन तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने हेतु हमारी पूरी टीम पुलिस बल के साथ जिले के सभी चेक पोस्टों पर पूरी मुस्तादी के साथ आने-जाने वाली सभी गाड़ियों की गहन जांच करवाई जा रही है। किसी भी परिस्थिति में चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों को हम लोग जब्त करने का काम करेंगे। चुनाव प्रभावित किए जा सकने वाले हर एक बिंदु पर निगरानी दलों की नजर बनी हुई है।

## नौ नामांकन पत्रों को किया गया अस्वीकृत

एजेंसी



**समस्तीपुर।** उजियारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी, अजय कुमार तिवारी के द्वारा की गयी। संवीक्षा के दौरान 1. निर्दलीय चंदेश्वर राय 2. आर0एस0पी0आई (एम0एल0) के चंद्रशेखर राय 3. निर्दलीय विरेन्द्र कुमार राय 4. बिहार जस्टिस पार्टी के राम लगन राय 5. निर्दलीय अरूण कुमार यादव 6. निर्दलीय राम करण पासवान 7. निर्दलीय आमोद कुमार 8. समता पार्टी के अमन कुमार झा एवं 9. निर्दलीय शत्रुध्न साह ,इन सभी के शपथ-पत्र के अपूर्ण रहने के कारण इनके नाम निर्देशन पत्रों को अस्वीकृत किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा के उपरांत विधिमान्य अभ्यर्थियों के नाम 1. राष्ट्रीय जनता दल के आलोक कुमार मेहता 2. जनता राज विकास पार्टी के मनोज कुमार 3. भारतीय जनता पार्टी के नित्यानंद राय 4. सोशलिस्ट युनिटी सेन्टर आफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के राम पुकार राय 5. जागरूक जनता पार्टी के निक्की झा 6. बहुजन समाज पार्टी के मोहन कुमार मौर्या 7. राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के संतोष राय 8. सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के अंशु कुमार 9. निर्दलीय नारेन्द्र गिरी 10. निर्दलीय संजय पासवान 11. निर्दलीय अमरेश राय 12. निर्दलीय राकेश कुमार 13. निर्दलीय किशोर कुमार है। संवीक्षा के समय सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अन्य तथा अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के प्रस्तावक/निर्वाचन अभिकर्त्ता उपस्थित थे।

## महिषी व सिमरी-बख्तियारपुर विधान सभा के कुछ मतदान केंद्रों पर मतदान का समय बदला

एजेंसी

**सहरसा।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत तृतीय चरण में जिलान्तर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 07 मई को मतदान निर्धारित है। इस संदर्भ में अद्यतन प्राप्त सूचना के अनुसार 77-महिषी विधान सभा क्षेत्र एवं 76-सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र से संबंधित मतदान केन्द्रों के मतदान समय में आशिक परिवर्तन किया गया है।13 मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 77 महिषी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय 207 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान केन्द्र संख्या 15-26, 30-33, 62-228, 264-270, 298-314 पर। पूर्वाह्न 07.00बजे से अपराह्न 06.00 बजे तक।शेष 107 मतदान केन्द्रों के लिए पूर्वाह्न 07.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक। 25-खगड़िया संसदीय क्षेत्र के 76-सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 07.05.2024 (मंगलवार) 299 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान केन्द्र संख्या (1-39, 43-54, 56, 60-62, 68-69, 89-93, 98-274, 277, 288-333, 343, 344, 349-359 परपूर्वाह्न 07.00बजे से अपराह्न 06.00 बजे तक। शेष 60 मतदान केन्द्रों के लिए पूर्वाह्न 07.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक ही मतदान किया जाएगा।

## भाजपा समर्थक अशोक देव बने आकर्षण का केन्द्र

**अररिया।** फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में खाली बदन पर कमल फूल का निशान और स्लोगन लिखकर धूमता भाजपा समर्थक आकर्षण का केन्द्र रहा। फारबिसगंज के कोठीहाट निवासी अशोक देव अपने शरीर के खाली बदन पर भाजपा के कमल निशान के साथ न काम रुकेगा और न देश झुकेगा स्लोगन को लिखवाए हुए था,जो भीड़ के बीच आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। हाथ में कमल का फूल थामे वह भीड़ के बीच में तो कभी सभा स्थल पर आने जाने के लिए बने रास्ते में टहल टहल कर नारेबाजी करते हुए उपस्थित भीड़ का हौसला आफजाई कर रहे थे। भाजपा का कट्टर समर्थक माने जाने वाले अशोक देव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद और जय श्री राम का नारा भी लगा रहे थे।

## सत्य और विकास की हुई जीत : संतोष कुशवाहा



**पूर्णिया।** पूर्णिया लोकसभा सीट से राजग के उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने मतदान संपन्न होने के बाद जनता का आभार जताते हुए कहा कि आप सबों का आभार, आपने अपने मतों का प्रयोग कर बता दिया कि पूर्णिया फिर से अराजकता के दौर में वापस नही लौटना चाहता है। संतोष। कुशवाहा ने कहा कि यहां के लोग विकास के कारवां को गतिमान रखना चाहते है। अमन-चैन के साथ विकास उनकी प्राथमिकता है। निश्चित तौर पर यह असत्य पर सत्य और विनाश पर विकास की जीत का संदेश है। कुशवाहा ने कहा कि कुछ लोग धनबल और बाहुबल का प्रयोग कर अपने नापाक मंसूबे को साकार करना चाह रहे थे जो चकनाचूर हो चुका है। सोशल मीडिया को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर वर्चुअल हवाबाजी करने वालों को मतदाताओं ने बेनकाब कर दिया है।

## ट्रक ने बाइक सवार स्कूल संचालक को कुचला, मौत

**नवादा।** नवादा-जमुई एसएच-8 पर शुक्रवार को नवादा जिले के कादिरगंज थाना के समीप अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान रोह थाना क्षेत्र के मनियोचक गांव निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई। मृतक मनोज निजी स्कूल संचालक थे। रोह में उनका स्कूल है। हादसे के बाद कादिरगंज थाना की पुलिस पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व बाइक को जब्त कर लिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मृतक शव ट्रक के नीचे फंस गया था। जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया है। उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप है। पुलिस लोगों को समझा बुझाकर शांत कराने में जुटी हुई है।

## बाल विवाह मुक्त भारत, मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर प्रशिक्षण

एजेंसी

**अररिया।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसाकांटा स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बाल विवाह मुक्त भारत व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों को बाल विवाह मुक्त भारत व मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर शपथ भी दिलाया गया. ।शपथ के साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। जागरूकता रैली पीएचसी से निकलकर मुख्य चौक, बस स्टैंड के रास्ते हत्ता चौक तक गई। जहां से जागरूकता रैली वापस पीएचसी पहुंची। इस दौरान जागरूकता रैली का नेतृत्व कर रहे पीएचसी प्रभारी डॉ जमील अहमद ने बताया कि जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को आगामी 07 मई को अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई है।

## फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रही जिला महिला समादेष्टा को पद से हटाने का आदेश

एजेंसी

**सहरसा।** जिला लोक शिकायत निवारण प्राधिकारी द्वारा परिवादी राम प्रसाद यादव परिवाद का विषय जिला समादेष्टा रक्षक वाहिनी द्वारा आवेदक मोसमात अनीता देवी पिता शिव शर्मा नरैया पंचगछिया सत्तर कटैया को फर्जी प्रमाण पत्र रखने के कारण पद से शीघ्र हटाए जाने का निर्णय दिया है। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के द्वारा अनीता देवी का फर्जी प्रमाण पत्र रखने का पत्र निर्गत किया गया है। वही परिवाद के आलोक में लोक प्राधिकार वरीय जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी को नोटिस निर्गत किया गया। उक्त सूचना के आलोक में लोक प्राधिकार ने कार्यालय आदेश ज्ञापक 567 दिनांक 24 अप्रैल के द्वारा सूचित किया गया कि सहरसा जिला इकाई के गृह रक्षिका संख्या 33265 अनीता देवी को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी महिषी के आलोक में फर्जी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए कर्तव्य से वंचित किया जाता है। परिवादी के परिवार एवं लोक प्राधिकार की प्रतिवेदन का अवलोकन कर यह निर्णय दिया गया। लोक प्राधिकार की प्रतिवेदन से सहमत हुए परिवादी के परिवार को निष्पादित किया गया। वही सहरसा जिला इकाई के गृह रक्षक अनीता देवी को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी महिषी के ज्ञापन के आलोक में फर्जी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए कर्तव्य से वंचित किए जाने का आदेश दिया गया है।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**O.A. No. 233 of 2023**

BETWEEN
**BANK OF INDIA, KHUNTI BR., KHUNTI** ....APPLICANT BANK
VS.
**M/S DEV BRICK UDYOG & OTHERS** .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | M/S DEV BRICK UDYOG PROP: SANJAY SINGH S/O RAM PREET SINGH | AT - CHALANGI, FUDI, P.O. + P.S.- & DIST.- KHUNTI 835210 |
| 2. | SANJAY SINGH S/O RAM PREET SINGH | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 56,37,042.00/- (Rupees Fifty Six Lakhs Thirty Seven Thousand Forty Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 10th day of June, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **10th day of April, 2024.**

**D.K. MAHATO**
**REGISTRAR**


## लोकसभा चुनाव को लेकर बने डिस्पैच सेंटर का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम शुक्रवार को डीएस सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से जिले के चिरैया, ढाका, हरसिद्धि एवं गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।साथ ही वहां प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में डिस्पैच सेंटर बनाये गये है, जिसमें 21-ढाका विधानसभा क्षेत्र के लिए महादेव साह 2 उच्च विद्यालय, चिरैया व 13-हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र के लिए महंत शिव शंकर गिरी कॉलेज अरेराज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया साथ ही चिरैया डिस्पैच सेंटर के सभागार में चिरैया व ढाका विधान सभा तथा अरेराज डिस्पैच सेंटर के सभागार में इस विद्यालय के सभागार में सभागार में हरसिद्धि एवं गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर तैयारियो की समीक्षा की गई। बैठक में डीएम द्वारा सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिसमें मुख्य रूप से ईवीएम कमिशिनंग,पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया एवं तिथि के बारे में बताया गया। सेक्टर पदाधिकारी को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन एवं मतदान के पश्चात किए जाने वाले कार्य एवं बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कहा गया कि सेक्टर पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहना होगा। साथ ही मतदान की तिथि से 5 दिन पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक सेक्टर पदाधिकारी द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया गया और उसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने पदाधिकारियों को संबोधित करते कहा कि सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी एक साथ सहयोगपूर्ण रवैया अपनाते हुए हर स्तर पर आपसी समन्वय से कार्य को पूर्ण करेगे।

## खबर एक नजर में

### बेतिया में बोलेरो ने ट्रक में मारी ठोकर, तीन की मौत

**बेतिया।** बेतिया पुलिस ज़िला स्थित मझौलिया से बारातियों को वापस लेकर लौट रही बोलेरो ने आगे जा रही ट्रक में पीछे से ठोकर मार दी। इस घटना में बोलेरो में सवार 11 लोगों में से तीन की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी है। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया है। वहीं ड्राइवर व एक अन्य बाराती इस घटना में बाल-बाल बच गए है। घटना रात 11 बजे बेतिया-नवलपुर पथ में बाबू टोला गुरवलिया चौक की है। मनुआपुल थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गोलाघाट डुमरी निवासी दीनानाथ महतो के पुत्र की बारात गुरुवार की संध्या मझौलिया के गढ़वा भोगाड़ी गयी थी। वहां से खाना खाकर गोलाघाट डुमरी निवासी उमा यादव के बोलेरो से चालक समेत 13 बाराती वापस लौट रहे थे। गाड़ी उमा यादव ही चला रहा था।

बाबू टोला गुरवलिया के समीप बोलेरो ने आगे जा रही ट्रक से साइड लेने में अपने बाएं हिस्से से ट्रक के पीछे ठोकर मार दी, जिससे बोलेरो में बैठे गोलाघाट डुमरी निवासी जनार्दन यादव, प्रकाश यादव, धर्मनाथ यादव की मौत हो गयी। वहीं छह लोग घायल हो गए। घायलों में पूर्वी चंपारण ज़िला स्थित पहाड़पुर के कमाल पिपरा निवासी लवकुश कुमार, पटजिरवा के निमुईया कुंड के रामदेव महतो तथा सोनू कुमार को गंभीर स्थिति में पटना रेफर कर दिया गया है। जबकि सोनू के पिता योगेन्द्र प्रसाद, सोनू के चचेरे भाई राज कुमार, राजनंदन कुमार तथा सोनू के फुफेरे भाई बैरिया के बगही बघंबरपुर निवासी रामदेव, गोलाघाट डुमरी निवासी रेश्म यादव की चिकित्सा बेतियाजीएमसीएच में हो रही है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना कैसे घटी इसका पता ड्राइवर व घायलों से पूछताछ के बाद ही चलेगा। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को जब्त कर लिया गया है। बेतिया मे पोस्टमार्टम के बाद लाशों को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### बैंक खाते फ्रीज करने को लेकर कार्रवाई की मांग

**पटना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गर्वनर को पत्र लिखकर बिहार के विश्वविद्यालयों (विवि) के बैंक खातों से नियमों के विपरीत अवैध हस्तांतरण तथा गैरकानूनी तरीके से बैंक खातों को फ्रीज करने के मामलों में संबंधित बैंकों के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों के बैंक खाते अवैध रूप से फ्रीज करने के बाद उत्पन्न हुए वित्तीय संकट से विश्वविद्यालय पूरी तरह ठप्प पड़ गये है। गर्वनर को भेजे गए पत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट उल्लेख किया है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम,1976 तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट,1934 के अनुसार वित्तीय क्षेत्र से जुड़े निर्णयों से जुड़े नियमों को पूरी तरह से अनदेखा करते हुए राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के एक प्रशासनिक अधिकारी के आदेश पर बैंक खातों से अवैध हस्तांतरण तथा बैंक खातों को फ्रीज करने की गैर-कानूनी कार्रवाई हुई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता तथा सुचारू संचालन में बाधा बने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य शिक्षा सचिव के गैर-कानूनी तथा अधिनायकवादी निर्णयों के विरोध में कैबिनेट सचिव को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है तथा अपर मुख्य शिक्षा सचिव के कारस्तानियों से कैबिनेट सचिव को अवगत कराया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार के कथित मसीहा के अधिनायकवादी निर्णयों से बिहार का शिक्षा क्षेत्र जो पहले से ही पिछड़ा हुआ है,वह और भी अधिक पिछड़ रहा है। बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों के बैंक खातों में छात्रों के जमा पैसे को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैंकों के साथ सांठ-गांठ से अवैध रूप से हस्तांतरित कर लिया गया। यह अत्यंत शर्मनाक है।

## एक पेज का शेष

### गरीबों का हक छीनना चाहती है कांग्रेस

**क्या उन्हें आरक्षण लूटने देंगे:** प्रधानमंत्री ने जनता से सवाल किया, क्या आप ओबीसी के आरक्षण को लूटने देंगे। कांग्रेस की नजर ओबीसी के हक पर है। कल कांग्रेस-राजद इसी तरह से एससी-एसटी का हक भी छीनने का पाप करेगी। मैं आपको चेता रहा हूं, ये (कांग्रेस) तुष्टिकरण के दलदल में धंस गये हैं, जिनके लिए संविधान मायने नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि राजग का मॉडल संतुष्टीकरण जबकि इंडी गठबंधन का मॉडल तुष्टिकरण का है।

**वे बूथ और मतपेटी लूट लेते थे :** पीएम मोदी ने कहा कि पहले पोलिंग बूथ और बैलट पेपर लूट लिए जाते थे। ये वे लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक बैलट पेपर की लूट के जरिये गरीबों का अधिकार छीना लेकिन जब गरीबों को ईवीएम की ताकत मिली है तो चुनाव के दिन लूट करने वालों से ये बर्दाश्त नहीं हो रहा था। इसलिए वे इवीएम को हटाना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आज साफ-साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर वाला पुराना दौर अब वापस लौटकर नहीं आयेगा। आज जब पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया और चुनाव में टेक्नोलॉजी के उपयोग की वाहवाही करती है, तब ये लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए ईवीएम को बदनाम करने पर लगे पड़े थे। उन्होंने लोकतंत्र के साथ लगातार विश्वासघात करने की कोशिश की है।

### देश में चुनाव इवीएम से ही होंगे

**इवीएम की ईमानदारी पर लगी मुहर:** अब तो सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ईवीएम पर जो फैसला दिया है, उसने ईवीएम की ईमानदारी पर मुहर लगा दी है। इस बार सुप्रीम कोर्ट के सामने मुख्य रूप से दो अपील की गयी थी। पहली तो ये कि पूरा चुनाव ही ईवीएम से न करवाकर बैलेट पेपर से करवाया जाये। दूसरी याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी कि एडीआर की ओर से दाखिल की गयी थी, जिसमें कहा गया था कि ईवीएम के वोट और वीवीपैट की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान किया जाये, क्योंकि अभी तक किसी भी एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच ईवीएम के वोटों का ही वीवीपैट पर्चियों से मिलान होता है।

**चुनाव आयोग को भी सुझाव :** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि इवीएम के वोट और वीवीपैट की पेपर स्लिप की गिनती का जो सुझाव है, वो अमल में लाया जा सकता है या नहीं, इसकी तहकीकात करें। आयोग को ये भी देखना चाहिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए अलग से कोई बारकोड भी हो सकता है या नहीं। ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के आए ताजातरीन फैसले का पूरा मजमून बस यही है।

### तेजी से गिर रहे भूगर्भ जल स्तर पर सरकार गंभीर

**लोग आगे आयें:** सबसे बड़ी बात यह है कि पानी संकट से बचने के लिए स्वयं लोगों को आगे आना होगा नही तो रांची के लोगो को भी बंगलोर की तरह पानी के टैंकर पर निर्भर रहना होगा। बंगलोर में तो अब पानी का टैंकर भी दो दिन बात पहले से बुकिंग करने पर मिल रहा है। रेन वाटर हारवेस्टिंग करा कर जीवन भर के जल संकट से बचा जा सकता है। अधिक भूगर्भ जल दोहन से बोरिंग फेल हो रहे है। कुंआ सूख रहा है। वृक्षा रोपण नहीं होने से वर्षा कम हो रही है। जिसका प्रतिफल यह है कि नदी, नहर, तालाब, आहर पोखर बंजर भूमि के रूप में तब्दील हो रहे है। बढ़ती गर्मी विकास में बाधा बन रही है। पिछले कुछ सालों में 13 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं, पेड़ों की कटाई के कारण अब लोगों का गर्मी में बुरा हाल हो रहा है। पूरे झारखंड में तापमान बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक मई और जून के महीने में ये गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखायेगी।

# भाजपा को महाराष्ट्र, बिहार-यूपी में कम वोटिंग से बढ़ी टेंशन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हर रैलियों में अबकी बार, 400 पार का नारा लगवा रहे हैं। पहले चरण की 102 सीटों पर और दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर हुए मतदान का रुझान कम दिख रहा है। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश में उम्मीद से कम वोटिंग ने सबकी टेंशन बढ़ा दी है। खुद भाजपा भी हैरान होगी। राजनीतिक एक्सपर्ट का मानना है कि कभी-कभी हम खुद अपने प्रोपेगंडा का शिकार हो जाते हैं। महंगाई और बेरोजगारी जैसे आज कई बड़े मुद्दे हैं, जिस पर भाजपा के लिए परेशानी खड़ी हो सकती है। तीसरे टर्म में लौटना किसी के लिए भी बड़ी मुश्किल हो सकता है। आज वोटिंग में जो उदासीनता दिख रही है, वोटों का प्रतिशत गिरा है, उसकी वजह यही बड़े मुद्दे हो सकते हैं। हाल ही में आए सीएसडीएस के सर्वे में कहा गया है कि बेरोजगारी-महंगाई बड़ा मुद्दा है, जिस पर कोई बात नहीं कर रहा है। शायद इसीलिए वोटर्स अनमने ढंग से वोट कर रहा है।

## क्या 400 के नारे को विपक्ष बना रहा अपने लिए चुनावी हथियार



राजनीतिक एक्सपर्ट रशीद किदवई कहते हैं कि भाजपा या मोदी 400 पार का जो नारा दे रहे हैं, वो खुद उनके लिए भी मुश्किल में डाल सकता है। इससे तीन आशंकाएं जन्म ले रही हैं। पहला यह कि 400 पार के नारे को चुनावी रैलियों में विपक्ष अपने हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। विपक्ष दलित या पिछड़ा वर्ग बहुल इलाकों में बार-बार यह बात कह रहा है कि भाजपा संविधान संशोधन करके दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करना चाहती है। ऐसे में अगर विपक्ष यह कहानी गढ़ने में कामयाब हो जाता है तो वोटिंग के वक्त जनता का मूड बदल सकता है। दरअसल, भाजपा को दलितों और ओबीसी का भी वोट खूब मिलता रहा है। ऐसा देखा गया है कि राज्य में भले ही सरकार किसी की हो, मगर केंद्र में ज्यादातर लोग मोदी की सरकार ही चाहते हैं।

### दो चरणों की वोटिंग से बढ़ सकती है टेंशन

किदवई के मुताबिक, जिस तरह से दो चरणों की वोटिंग में मतदाताओं के रुझान दिख रहे हैं, वो 400 पार के लक्ष्य को पाने के लिए टेंशन बढ़ाने वाले हो सकते हैं। कम वोटिंग से कुछ कहा नहीं जा सकता है। खासकर भाजपा के प्रभाव वाले इलाकों में कम वोटिंग पार्टी के लिए संकट में डाल सकता है। ऊपर से इन प्रदेशों में जातियों का समीकरण भी है, जिसे साधना भी जरूरी है। अब देखते हैं ऊंट आखिर किस करवट बैठता है।

### भाजपा दलितों, अल्पसंख्यकों और ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाहती है: विपक्ष

एक्सपर्ट का कहना है कि विपक्ष अब लगातार यह आरोप लगा रहा है कि भाजपा 400 सीटें इसलिए जीतना चाहती है, ताकि संविधान में संशोधन कर सके और संविधान संशोधन करके देश से आरक्षण खत्म कर सके। हाल ही में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यह दावा किया कि भाजपा 400 पार का नारा इसलिए दे रही है, क्योंकि वह संविधान संशोधन करना चाहती है। भाजपा पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों को मिले आरक्षण को नया संविधान बनाकर खत्म करना चाहती है। सदियों से 4-5% प्रभुत्ववादी सोच के लोग 90-95% लोगों को अपना गुलाम बनाए रखना चाहते हैं। इसीलिए इस बार पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मिलकर भाजपा को हराएंगे। संविधान और आरक्षण को बचाएंगे।

### पहले से हल्ला मचाने से छिटक सकता है वोटर्स

किदवई कहते हैं कि चुनाव जीतने से पहले संविधान संशोधन को लेकर हल्ला मचाना ठीक नहीं है। वन नेशन वन पोल, यूनिफॉर्म सिविल कोड और आरक्षण हटाने जैसे मुद्दों पर चुनाव बाद रणनीतिक रूप से बात रखनी चाहिए। अभी से हल्ला मचाने से मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। देश में अगड़ी जातियों को आज भी लगता है कि आरक्षण हटना चाहिए। वहीं, दलितों और पिछड़ों के लिए यह बेहद संवेदनशील मुद्दा है। ऐसे में चुनावी माहौल में इसे छेड़ना ठीक नहीं है। भाजपा के बड़बोले नेताओं पर लगाम कसकर रखनी चाहिए।

- 400 पार के नारे को विपक्ष बता रहा है आरक्षण खत्म करने का हथियार
- भाजपा नेताओं के बड़बोलेपन से मोदी और शाह को देनी पड़ रही सफाई



## स्पीड न्यूज

### पिछड़ो का अधिकार छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस: नड्डा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की और कहा कि वह अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) लोगों के अधिकार छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है। श्री नड्डा ने अपने वीडियो संदेश में कहा, यह कांग्रेस का छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टिकरण की स्पष्ट झलक दिख रही है। कांग्रेस का मानना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है।

### संरा ने सूडान संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के दो अधिकारियों ने सूडान संघर्ष में महिलाओं और किशोरियों के खिलाफ यौन हिंसा से निपटने के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के सहायक महासचिव जॉयस मसुया संघर्ष में यौन हिंसा पर महासचिव के विशेष प्रतिनिधि प्रमिला पैटन के साथ याचिका दायर करने के लिए शामिल हुये। उन्होंने कहा, उनकी अपील तब आई है जब खार्तूम, दारफुर और कोडोर्फान में बलात्कार, जबरन शादी, यौन दासता और महिलाओं तथा किशोरियों की तस्करी के आरोप दर्ज किए जा रहे हैं।

### पाक ने मानवाधिकार प्रथाओं पर अमेरिकी रिपोर्ट को खारिज किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पिछले साल देश में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को स्पष्ट तौर से खारिज कर दिया है और कहा है कि केवल राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि दुनिया भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज करती है।

### सेनेगल में सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मौत

**डकार।** मध्य सेनेगल में एक बस का टायर फटने के बाद पलट जाने से 13 लोगों की मौत हो गई और अन्य 40 घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। सेनेगल प्रेस एजेंसी ने एक सुरक्षा सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गुरुवार शाम को काफ्रिन क्षेत्र में यामोंग गांव के पास राष्ट्रीय सड़क नंबर एक पर बस का टायर फटने के बाद यात्रियों से भरी बस पलट गयी। जिसमें 13 लोगों की मौत हो गयी और अन्य 40 घायल हो गए थे।

### हैती के पीएम एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा

**मेक्सिको सिटी।** कैरेबियाई देश हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने इस्तीफा दे दिया, जिससे देश में नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जब तक देश में नया प्रधानमंत्री नहीं नियुक्त किया जाता यह पद अस्थायी रूप से अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री मिशेल पैट्रिक बोइसवर्ट के पास रहेगा। हैती की राष्ट्रपति संक्रमणकालीन परिषद (सीपीटी) को भी औपचारिक रूप से स्थापित किया गया है। जिस पर देश में व्यवस्था बहाल करने का भार है। सीपीटी के नौ सदस्यों की नियुक्ति हैती में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने की उम्मीद के साथ हुई है।

### कांग्रेस के हिमाचल विधानसभा के लिए तीन सीटों के उम्मीदवार घोषित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने राज्य विधानसभा के तीन सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव के वास्ते इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने सुजानपुर विधानसभा सीट से कैप्टन रणजीत सिंह राणा, गाग्रेड सीट से राकेश कालिया तथा कुटलेहर से विवेक शर्मा को टिकट दिया है।

## मोदी राज के 10 साल में सबसे ज्यादा गिरी है प्रधानमंत्री पद की गरिमा : पवन खेड़ा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके 10 साल के कार्यकाल में रुपया गिरा है और प्रेस की आजादी जैसी कई क्षेत्रों में गिरावट आई है लेकिन सबसे पीड़ाजनक स्थिति यह है कि इस दौरान प्रधानमंत्री के पद में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा की श्री मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को इतना निचले स्तर तक घटा दिया है कि इस गरिमा को फिर से हासिल करने में वर्षों का समय लग जाएगा। श्री खेड़ा ने कहा, पिछले 10 साल में रिकॉर्ड स्तर पर रुपया गिरा, मीडिया फ्रीडम और हंगर इंडेक्स में देश की रैंक गिरी। लेकिन इस दौरान जो चीज सबसे ज्यादा गिरी वो है- प्रधानमंत्री पद की गरिमा। बेहद अफसोस की बात है कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को इतना नीचे गिरा दिया है कि इसे संभालते हुए दशकों लग जाएंगे। देश के प्रधानमंत्री को फूहड़ भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक प्रधानमंत्री का काम समाज को आपस में लड़ाने का नहीं होता। चुनाव आते-जाते रहते हैं लेकिन इस बीच देश हार जाए, संविधान हार जाए, सांप्रदायिक सौहार्द हार जाए तो ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा आज जो मतदान हो रहा है, उसमें वायनाड काफी महत्वपूर्ण सीट है। क्योंकि यहां से हमारे जनप्रिय नेता राहुल गांधी जी चुनाव लड़ रहे हैं, पिछली बार वह चार लाख से अधिक वोटों से जीते थे और इस बार जीत के सारे रिकॉर्ड टूटने वाले हैं, ये हम दावे के साथ कह रहे हैं। उन्होंने कहा, राजस्थान में भी हम डबल डिजिट में सीट लेकर आ रहे हैं। जब मैं कोटा गया तो देखा कि वहां से लोकसभा स्पीकर भाजपा के प्रत्याशी हैं, चुनाव लड़ रहे हैं। वहां के लोगों ने मुझे बताया कि इन्होंने पिछले चुनाव से पहले कहा था- मैं यहां से अगला चुनाव तभी लड़ूंगा, जब यहां एयरपोर्ट लाऊंगा। अब 2019 से 2024 हो गया और हवाई अड्डा नहीं आया लेकिन फिर भी वह चुनाव लड़ने आ गए। कांग्रेस की घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा ,नरेंद्र मोदी ने जिस तरह कांग्रेस के मेनिफेस्टो का प्रचार कर उसे घर-घर पहुंचाया उसके लिए उनका दिल से धन्यवाद।

## दलित के बेटे को मेयर बनने से रोकने के लिए उपराज्यपाल ने चुनाव रद्द किया : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को कहा कि दलित समाज के बेटे को दिल्ली नगर निगम के महापौर की कुर्सी पर बैठने से रोकने के लिए भाजपा ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के जरिए मेयर चुनाव रद्द करा दिया। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यहां कहा, संविधान हमें अधिकार देता है कि पांच साल में एक बार दलित का बेटा भी मेयर की कुर्सी पर बैठेगा लेकिन दलित विरोधी मानसिकता के भाजपा के लोगों ने बाबा साहब को कुर्सी पर बैठने से रोका, दलितों को तालाब का पानी पीने का विरोध किया, ये लोग आज भी उसी घृणा और मानसिकता के साथ जिंदा हैं।

## एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य अवधारणा पर काम करेंगे एस सी ओ देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) देशों ने 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की अवधारणा की दिशा में कार्य करने पर सहमति व्यक्त की है। एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की शुक्रवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में हुई बैठक में यह सहमति बनी। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बाद में जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि एससीओ देशों ने अन्य पहलों के अलावा, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यद्व के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित है। रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों को कतई न बर्दाश्त करने का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन में इस संबंध में भारत के लंबित प्रस्ताव का भी उल्लेख किया। उन्होंने हिन्द प्रशांत के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) की अवधारणा पर भी चर्चा की।

## उम्मीदवार से अधिक 'नोटा' को वोट, चुनाव रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को नोटिस

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने किसी उम्मीदवार से अधिक 'नोटा' को वोट मिलने पर संबंधित चुनाव को अमान्य घोषित कर रद्द करने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर विचार करने का फैसला करते हुए शुक्रवार को चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक शिव खेड़ा की ओर से दायर याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी करेंगे। यह चुनावी प्रक्रिया से संबंधित भी है। देखते हैं चुनाव आयोग इस मामले क्या कहता है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि संबंधित राज्य चुनाव आयोग (एर्ससी) ने घोषणा की है कि यदि नोटा किसी भी चुनाव में विजेता के रूप में उभरा तो वहां अनिवार्य रूप से पुनर्मतदान होगा। अधिवक्ता ने कहा कि चूंकि गुजरात के सूरत संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के अलावा कोई अन्य उम्मीदवार नहीं था, इसलिए माना गया कि सभी मतदाता एक ही उम्मीदवार के पक्ष में हैं। सूरत में पिछले दिनों भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया था। याचिका में कहा गया है, चुनाव आयोग, नोटा को एक वैध उम्मीदवार के रूप में मानने में विफल रहा है, जोकि शासन के लोकतांत्रिक स्वरूप में आवश्यक है। वजह यह कि नोटा केवल एक नागरिक का 'मतदान' नहीं है, बल्कि वास्तव में एक वैध चयन है।

शीर्ष अदालत ने 'पीयूसीएल बनाम भारत सरकार' (2013) के मामले में अपने ऐतिहासिक फैसले में सभी इवीएम में नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) विकल्प शुरू करने का निर्देश दिया था। याचिका में कहा गया,चुनावी प्रणाली में नोटा को अपनाने में इस अदालत का एक आदर्शवादी दृष्टिकोण था। राज्य चुनाव आयोगों ने संविधान में अपनी शक्तियों का उपयोग करके उस आदर्शवादी विचार को वास्तविकता में बदल दिया है। चार राज्यों में पंचायत और नगर निगम चुनावों से जो शुरूआत हुई है, उसे सभी स्तरों पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।

## पान मसाला के विज्ञापन में शाहरुख के साथ अजय और टाइगर नजर आए

**नयी दिल्ली।** शाहरुख खान और अजय देवगन पान मसाला के एक नए विज्ञापन में साथ वापस आ गए हैं। इस बार उनके साथ टाइगर श्रॉफ भी दिखाई दिए। इसके साथ ही नए विज्ञापन में अमायरा दस्तूर भी हैं। नए विज्ञापन में शाहरुख खान और अजय देवगन को एक कार में दिखाया गया है और वह ट्रैफिक में फंसे हुए हैं। इसके बाद टाइगर और अम्यार की एंट्री होती है। नए विज्ञापन का प्रीमियर आईपीएल मैच के दौरान हुआ। अब ये विज्ञापन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक्टर्स के वर्कफ्रंट की बात करें तो अजय देवगन, शाहरुख खान और टाइगर श्रॉफ सभी अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। अजय की एक के बाद एक दो फिल्में शैतान और मैदान रिलीज हुईं। अब वह ह्यसिंघम अगेन के साथ दर्शकों से रूबरू होने जा रहे हैं।

## मोदी घबरा गये हैं, उनकी आंखों से जल्द ही निकलेंगे आंसू: राहुल गांधी

एजेंसी



**विजयपुरा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में मौजूदा लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। श्री गांधी ने श्री मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा, आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है। कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार के तहत धन के वितरण में कथित असमानता पर प्रकाश डालते हुए अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर लाखों नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का वादा किया। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी। श्री गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए श्री मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन महत्वपूर्ण मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वह चीन और पाकिस्तान के बारे में बात करेंगे और आपसे ताली बजाने या मोबाइल लाइट जलाने के लिए कहेंगे, लेकिन गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी के बारे में बात नहीं करेंगे। केवल कांग्रेस ही इन मुद्दों का समाधान कर सकती है। इसके अलावा, श्री गांधी ने श्री मोदी पर पिछले एक दशक में कुछ चुनिंदा लोगों को समृद्ध बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में 20-25 लोग अरबपति बन गये हैं। उन्होंने दावा किया कि महत्वपूर्ण अवनिर्माण रियोजनाएं गौतम अडानी जैसे व्यक्तियों को सौंप दी गयीं, जिससे उन्हें काफी फायदा हुआ।

श्री गांधी ने भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में विजयी होने पर संविधान को बदलने का इरादा रखती है। इसके विपरीत, कांग्रेस और इंडिया समूह समाज सुधारक बसवन्ना के आदर्शों को बनाये रखने का प्रयास कर रहे हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार दूसरे सप्ताह 2.83 अरब डॉलर गिरा

एजेंसी



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 4.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.03 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

## संदेशखाली में शाहजहां के रिश्तेदार के घर से बम और हथियारों का जखीरा बरामद, सीबीआई की कार्रवाई

एजेंसी



**कोलकाता।** सीबीआइ ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में छापेमारी की। गिरफ्तार टीएमसी नेता शेख शाहजहां के एक रिश्तेदार के आवास पर छापेमारी में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक जब्त किए गये। सूत्रों ने कहा कि सीबीआइ को शाहजहां के रिश्तेदार हफीजुल खान के आवास पर हथियारों और कच्चे बमों के जखीरे के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद सीबीआई की टीम ने केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों के साथ मछलीपालन फार्म के भीतर स्थित आवास पर छापा मारा। हफीजुल खान भी टीएमसी से जुड़े हुए हैं और पंचायत सदस्य भी हैं। सीबीआई की टीम ने लंबे समय तक खान के आवास की तलाशी ली। बम और विस्फोटक मिलने के बाद एनएसजी की बम स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया। फिलहाल मामले की जांच जारी है। संदेह जताया गया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन इस्तेमाल के लिए हथियारों, विस्फोटक और देसी बम रखे गए थे। इधर, पश्चिम बंगाल की ममता सरकार संदेशखाली मामले में सीबीआई की जांच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। ममता सरकार ने सीबीआई को संदेशखाली मामले की जांच सौंपने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में बंगाल सरकार की याचिका को सुनावई होगी।

### भाजपा ने उठाए सवाल

सीबीआई की छापेमारी में हथियारों का जखीरा बरामद होने पर पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि संदेशखाली की स्थिति खतरनाक होती जा रही है। पहले महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुयी। फिर वहां ड्रग रैकेट सामने आया और अब हमें हथियार बरामद होने की खबर मिल रही है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार बरामद किए गए अधिकांश हथियार विदेश निर्मित हैं। गंभीर सवाल यह है कि हथियारों को वहां क्यों रखा गया था?...सभी एजेंसियों को इसकी जांच करनी चाहिए।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !